रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 20 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-31 मूल्य 3.00 ₹

## तुरंत समाधान : अब सागर को मिलेगा कृत्रिम हाथ

### गरीब, मजबूर और जरूरतमंदों के लिए जनदर्शन साबित हो रहा वरदान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा आयोजित जनदर्शन गरीब, मजबूर और जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री साय जनदर्शन में आम जनता से प्रत्यक्ष मुलाकात करते हैं। यही नहीं सीएम साय स्पॉट पर ही निर्णय लेकर यथासंभव नियमानुसार लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते है। गुरूवार को आयोजित जनदर्शन में सागर देवांगन को कृत्रिम हाथ लगाए जाने का सीएम ने त्वरित निर्णय लिया। जनदर्शन में सागर द्वारा अपनी समस्या साझा किए जाने पर मुख्यमंत्री ने तुरंत समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को उसके लिए कृत्रिम हाथ तैयार करवाने के निर्देश दिए। माना कैंप स्थित पीआरआरसी में सागर के हाथ का नाप लेकर कृत्रिम अंग तैयार किया जाएगा। दुर्ग के बजरंग नगर में रहने वाले सागर देवागंन केबल कनेक्शन का काम करते थे। दो साल पहले केबल लगे खंबे में करेंट की वजह से उनका एक हाथ और सीना जल गया। डॉक्टरों को कोहनी के पास से उनका एक हाथ काटना पड़ा। उसकी पत्नी दूसरे के घरों में काम कर मुश्किल से अपने पति ओर दो छोटे बच्चों का खर्चा चला रही है। सागर ने जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर अपनी समस्या बताते हुए कृत्रिम अंग प्रदान करने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने सागर की स्थिति को देखते हुए समाज कल्याण विभाग को जल्द से जल्द उसके लिए कृत्रिम अंग तैयार करवाने के निर्देश दिए हैं। निश्चित ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनदर्शन आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा है।

## राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं सफाई मित्र : मुर्मू

एजेंसी ◄ उज्जैन
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए कहा कि सफाई मित्र राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं और उनका सम्मान करके हम वास्तव में अपना गौरव बढ़ा रहे हैं। मुर्मू मध्यप्रदेश के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान यहां इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम एवं सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट और गौतम टेटवाल भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उन्होंने जनसेवा का कार्य स्वच्छता कार्यों से ही शुरु किया था। वे साफ-सफाई के काम का निरीक्षण करती थीं। सफाई मित्रों से भी बात करती थीं। उन्होंने कहा कि अब स्वच्छता जन आंदोलन बन गया है। स्वच्छ भारत मिशन से देश में जागरुकता बढ़ी है। खुले में शौच से मुक्ति के लिए 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। महिलाओं की गरिमा बनाए रखने में इस अभियान की अहम भूमिका है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस मिशन से बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बना है। भोपाल भी सबसे स्वच्छ राजधानी है। स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की कई उपलब्धियां हैं। समारोह में उन्होंने चार महिलाओं समेत पांच सफाई मित्रों का सम्मान किया। इस सम्मान के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सफाई मित्र अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता योद्धा हैं, जो हमें बीमारी और गंदगी से सुरक्षा प्रदान करते हैं। ये राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभा रहे हैं। सफाई मित्रों का सम्मान करके हम वास्तव में अपना गौरव बढ़ा रहे हैं। सफाई मित्रों की गरिमा, सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करना सरकार और समाज का अहम दायित्व है। इनके कल्याण के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में कई शहरों को सफाई मित्र सुरक्षित शहर घोषित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण के तहत हमें संपूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त करना है।

## क्विक न्यूज

### खड़गे-प्रियंका ने दलितों के घर जलाने की घटना की निंदा की



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में दलितों के घर जलाने की निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। खडगे ने कहा बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण है। बेहद निंदनीय है कि करीब 100 दलित घरों में आग लगाई गई, गोलीबारी की गई और रात के अँधेरे में ग़रीब परिवारों का सब कुछ छीन लिया गया।

### विस उपचुनाव में बसपा के लिये मौका : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जाति और संप्रदायवादी राजनीति में उलझी भारतीय जनता पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के प्रति जनता का विश्वास डगमगा रहा है और ऐसे में जनहित और जनकल्याण जैसे मुद्दों को प्रखरता से उठाने वाली उनकी पार्टी के लिये आगामी विधानसभा उपचुनाव में भरपूर अवसर हैं। विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिये बुलायी गयी प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि भाजपा सरकार और विपक्षी पार्टियों के बीच जनहित व जनकल्याण के ज्वलन्त मुद्दों को लेने की बजाय केवल जातिवादी, साम्प्रदायिक व जाति-बिरादरी पर आधारित संकीर्ण राजनीति करने से इनके विरुद्ध जन विश्वास में कमी आयी है।

### गाय को गोली मारने पर नगरपालिका अध्यक्ष का पति गिरफ्तार

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष के पति परम मिंज के एयर गन से खेत में चर रही गाय को गोली मारने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी प्रमोद रूसिया ने बताया कि बलरामपुर चांदो रोड़ निवासी उमेश ने थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराया कि चांदो रोड़ निवासी नगर पालिका अध्यक्ष के पति शासकीय वाहन चालक परम मिंज ने एयर गन से गाय को गोली मार कर घायल कर दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने गाय को चार-पांच राउंड एयर गन से गोली मारी है। गाय को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया।

## व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण से हटे मीडिया : धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मीडिया से व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर संस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत के खिलाफ खतरनाक मंसूबे रखने वालों से सावधानी बरतनी चाहिए। धनखड़ ने संसद भवन में संसद टीवी के तीसरे सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के दौरान कहा कि देशविरोधी ताकतें राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम उन लोगों के साथ संबंध नहीं रख सकते ,जिनका अस्तित्व ही भारत के विरोध से स्थापित है। वे भारत के अस्तित्व को चुनौती देने के आकांक्षी हैं। उन्होंने कहा कि देश के भीतर कुछ लोग राष्ट्रीय प्रगति और संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। देश के अंदर और बाहर कुछ लोग भारत की संस्थाओं और राष्ट्रीय प्रगति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

## वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री कश्यप ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने महानदी भवन मंत्रालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री कश्यप ने अधिकारियों से तेंदूपत्ता की नवीन नीति, बजट घोषणा में घोषित कार्यों के क्रियान्वयन, मोदी की गारंटी के क्रियान्वयन, 27वें अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में अब तक किए गये कार्यों के संबंध और बजट की अद्यतन स्थिति में व्यय आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की। वन मंत्री कश्यप ने अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के पूर्ति हेतु त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव तथा छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ प्रबंध संचालक अनिल साहू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा एक : शिवराज


एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस एजेंडा एक हैं और इसलिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी बार-बार राष्ट्र विरोधी बयान देते हैं। चौहान ने यहां केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों का उल्लेख करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के अनुच्छेद 370 और 35 ए पर बयान और कांग्रेस एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं और सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करते हैं। उन्होंने कहा, गांधी ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के कई नेता इस तरह की बातें करते हैं, ये बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। चौहान ने आरोप लगाया कि गांधी की कांग्रेस पाकिस्तान के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि न तो अनुच्छेद 370 वापस आने वाला है, न आतंकवाद बचेगा और इनके इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

## वेद भौतिक-आध्यात्मिक ज्ञान की निधि व अखिल ब्रह्माण्ड के मूल हैं : डॉ. भागवत

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वेदों को भौतिक और आध्यात्मिक ज्ञान की निधि तथा अखिल ब्रह्माण्ड के मूल बताते हुए कहा कि ये सारी दुनिया को जोड़ने का काम करते हैं। यहां स्थित अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में श्रीपाद दामोदर सातवलेकर कृत वेदों के हिंदी भाष्य के तृतीय संस्करण का विमोचन करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि वेद और भारत दोनों एक ही हैं। ये सनातन धर्म का आधार है। वेदों में ज्ञान, विज्ञान, गणित, धर्म, चिकित्सा और संगीत की भी प्रचुरता है। उन्होंने कहा कि वेदों के मंत्रों में अंक गणित, घन और घनमूल के सिद्धांतों का भी स्पष्ट उल्लेख हैं। वेदों में समस्त विश्व के कल्याण की बात निहित हैं। वेद विश्व की समस्त मानवता को एकाकार होने का मार्ग दिखाते है। संघ प्रमुख ने कहा कि सनातन संस्कृति में जीवन जीने के लिए स्पर्धा नहीं करनी पड़ती, यह हमें वेदों ने ही सिखाया है। डॉ. भागवत ने कहा कि 'सत्यम् ज्ञानम् अनन्तम ब्रह्म'। हमारे ऋषियों ने इसी दृष्टि से विश्व कल्याण के लिए वेदों की रचना की थीं। हमारे यहां जब पुत्र का पेट भर जाता है, तो माता तृप्त हो जाती है। यह बात विज्ञान चाहे ना माने, किंतु यह भौतिक वाद से परे का आनंद है। ज्ञान की समस्त प्रणालियों में वेदों का आधार देखने को मिलता है। वेदों के अध्ययन से समस्त मानवता प्रकाशित होती रहेगी। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी बालकानन्द गिरी जी महाराज ने कहा कि अक्रांताओं ने वेद ग्रंथों को और सनातन गुरुकुलों को नष्ट करने का प्रयास किया, मगर हमारे ऋषियो की स्मृतियों में रचे- बसे वेदों को वह नष्ट नहीं कर पाए। इसीलिए भारतीय संस्कृति में वेद चिर स्थायी हैं और रहेंगे। इस अवसर पर संघ प्रमुख ने चारों वेदों के 10 खंडों में हुए हिंदी भाष्य का विमोचन किया। विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक एवं केन्द्रीय प्रबंध समिति के सदस्य दिनेश चंद्र ने कार्यक्रम की प्रस्तावना में बताया कि स्वाध्याय मंडल पारडी, गुजरात तथा दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद अध्ययन केंद्र द्वारा श्रीपाद दामोदर सातवलेकर द्वारा भाष्यकृत इन चारों वेदों के आठ हजार पृष्ठों के प्रकाशन में 10 वर्षो की अथक मेहनत लगी है। इस पुण्य कार्य में लगे विद्वानों व उनके सहयोगियों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में देश के अनेक साधु संत, संघ, विश्व हिंदू परिषद के साथ अनेक धार्मिक, सामाजिक व संस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग और मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

## योगी ने मिल्कीपुर में भाजपा को दिया जीत का मंत्र


पायनियर संवाददाता ◄ अयोध्या
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के अपने एक दिवसीय संक्षिप्त दौरे में जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधकारियों के साथ बैठक की और उन्हे मिल्कीपुर उपचुनाव सीट जीतने का मंत्र दिया। योगी ने कहा हमें चुनाव बूथ पर लड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्र दिया है कि बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे। हमें हर बूथ पर जीत दर्ज करनी है। पदाधिकारी बूथों की कटेगरी निर्धारित कर लें। ए कैटेगरी के बूथ पर बड़ी जीत दर्ज करनी है। बी कैटेगरी के बूथों को ए कैटेगरी तथा सी कैटेगरी के बूथों को बी कैटेगरी में लाना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस (25 सितंबर) पर पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बूथों पर जाएं और स्थानीय लोगों से संपर्क कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से चल रही प्रदेश, अयोध्या व मिल्कीपुर में चल रहीं विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराएं। कार्यकर्ताओं से संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन की योजना के अनुसार किसान, अधिवक्ता प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी सहित सभी वर्गो के सम्मेलन आयोजित किए जाएं। 30 सितम्बर तक यसभी प्रकोष्ठों, विभागों की बैठक तथा सभी मोर्चा के सम्मेलन आयोजित हों। इसके उपरांत सभी को मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए जिम्मेदारी सौंप दी जाए।

## हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे नौसेना : राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मजबूत नौसैनिक क्षमता की जरूरत पर बल देते हुए नौसेना के शीर्ष कमांडरों से मौजूदा अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। सिंह ने नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण में कमांडरों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत को और अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए और कमांडरों को समय-समय पर स्थिति की समीक्षा कर आज के अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत नौसैनिक क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हिंद महासागर में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की और इस क्षेत्र को आर्थिक, भू-राजनीतिक, व्यापार और सुरक्षा पहलुओं की दृष्टि से संवेदनशील बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक समय समुद्र तटों से घिरा हुआ देश था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीप देश के रूप में देखा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र में प्रथम उत्तरदाता के रूप में विश्वसनीयता के लिए भारतीय नौसेना की तत्परता की सराहना की। सिंह ने कहा, दुनिया के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो इसे मूल्यवान बनाता है। वहीं, समुद्र में समुद्री डकैती, अपहरण, ड्रोन हमले, मिसाइल हमले और समुद्री केबल कनेक्शन में व्यवधान जैसी घटनाएं इसे बेहद संवेदनशील बनाती हैं। हमारी नौसेना ने इंडो-पैसिफिक के सभी हितधारक देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में माल की सुचारू आवाजाही में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके समुद्री डकैती विरोधी अभियानों को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी सराहना मिल रही है। भारत को अब इस पूरे क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में देखा जाता है।

### दुनिया देख रही है कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे है

## मेरा मिशन जम्मू-कश्मीर को अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से मुक्त कराना : मोदी

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका अंतिम मिशन केंद्र शासित प्रदेश को तीन परिवारों- अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से पूरी तरह मुक्ति दिलाना है। मोदी ने यहां शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम सोनवार में खचाखच भरी जनसभा में यह बात कही। उन्होंने अपना भाषण कश्मीरी में शुरू किया, म्यानीन सारनी केशरें बयान, ते बेनीन चू मायने तरफे नमस्कार (मेरे सभी कश्मीरी भाइयों और बहनों को नमस्कार)। जब भीड़ 'मोदी, मोदी' चिल्ला रही थी, तो प्रधानमंत्री ने मंच से कहा, यह नया कश्मीर है। हमारा प्रयास जम्मू-कश्मीर की प्रगति और विकास है। मैं आज देख सकता हूं कि मेरे भाई-बहन खुशामदीद पीएम (स्वागत है पीएम) के नारे लगा रहे हैं। मैं आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र का उत्सव चल रहा है। उन्होंने कहा, कल सात जिलों में पहले चरण का चुनाव हुआ, पहली बार आतंकवाद की छाया के बिना चुनाव हुए। यह वास्तव में गर्व का क्षण था कि कल इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के लिए निकले। प्रधानमंत्री ने कहा, किश्तवाड़ में 80 प्रतिशत, डोडा में 71 प्रतिशत से अधिक, रामबन में 70 प्रतिशत और कुलगाम में 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इस प्रतिशत ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया देख रही है कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं। राज्य के दर्जे के बारे में मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और यह भाजपा ही करेगी। अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार के खिलाफ अपने हमले को जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक ये पार्टियां बेचैन हैं। उन्होंने कहा, इन तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर के लोगों में डर और अनिश्चितता पैदा की है। लेकिन अब समय बदल गया है, हम लोगों को इन परिवारों के जाल में नहीं फंसने देंगे। मोदी ने कहा कि उनका मिशन आतंकवाद को हराना है और जम्मू-कश्मीर को फिर से परिवारवाद का शिकार नहीं बनने देना है। उन्होंने कहा, ये पार्टियां बच्चों को स्कूल जाने से वंचित करने के लिए जिम्मेदार हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस जैसी पार्टियां स्कूलों को जलाने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। मोदी ने कहा कि उनका मिशन जम्मू-कश्मीर के युवाओं को पर्याप्त अवसर प्रदान करना है ताकि वे अपने भविष्य का चुनाव अपने ही देश में कर सकें। उन्होंने कहा कि 1980 से ये तीनों परिवार जम्मू-कश्मीर को अपनी 'राजनीतिक जागीर' मानते आ रहे हैं, इसलिए वे कभी भी पंचायत, ब्लॉक विकास परिषद और जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव कराने में रुचि नहीं रखते थे। उन्होंने कहा, वे जानते थे कि अगर वे ये चुनाव कराएंगे, तो नए चेहरे सामने आएंगे और वे इन पार्टियों को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि कश्मीर एक पवित्र स्थान है, जिसे तीनों पार्टियों ने 35 साल तक बर्बाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा, इस जगह पर हजरतबल, चरार-ए-शरीफ ख्वाजा नक्शबंद दरगाह, शंकराचार्य और माता ज्येष्ठा देवी मंदिर हैं। लेकिन तीनों पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर में काले दिन ला दिए। एक समय ऐसा भी था जब सूरज ढलने से पहले लाल चौक बंद हो जाता था।

## भारत ने आईडब्ल्यूटी की समीक्षा और संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस भेजा

**नयी दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान को सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) की समीक्षा एवं संशोधन के लिए औपचारिक नोटिस भेजा है जिसमें परिस्थितियों में मूलभूत और अप्रत्याशित परिवर्तनों को उजागर किया गया है और जिसके लिए संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है। यह नोटिस 30 अगस्त को आईडब्ल्यूटी के अनुच्छेद 12(3) के तहत संधि की समीक्षा और संशोधन के लिए भेजा गया था। नोटिस के अनुसार इसके प्रावधानों को समय-समय पर दोनों सरकारों के बीच उस उद्देश्य के लिए संपन्न एक विधिवत अनुसमर्थित संधि द्वारा संशोधित किया जा सकता है। भारत द्वारा उजागर की गई विभिन्न चिंताओं में जनसंख्या जनसांख्यिकी में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता, लगातार सीमा पार आतंकवाद का प्रभाव आदि महत्वपूर्ण है। यह अधिसूचना किशनगंगा और रतले हाइड्रो परियोजनाओं के संबंध में एक अलग लंबे समय से चल रहे विवाद की पृष्ठभूमि में जारी की गई थी।

## राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में आरक्षण को मिली चुनौती, उच्च न्यायालय ने मांगा जवाब

वार्ता ◄ नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में मिलने वाले 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। हालांकि अदालत ने अभी इस पर रोक नहीं लगायी है लेकिन सरकार को छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है। राज्य सरकार की ओर से बनाये गये 10 प्रतिशक्ष क्षैतिज आरक्षण संबंधी अधिनियम को भुवन सिंह और अन्य की ओर से एक जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है। इस प्रकरण की सुनवाई गुरूवार को मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2004 में राज्य आंदोलनकारियों के लिये सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया लेकिन वर्ष 2017 में उच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया। अदालत ने इसे संविधान की धारा 14 और 16 का उल्लंघन माना था। याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे कहा गया कि सरकार की ओर से उच्च न्यायालय के वर्ष 2017 के आदेश को अभी तक उच्चतम न्यायालय में चुनौती नहीं दी गयी है। इसलिये उच्च न्यायालय का आदेश अभी बना हुआ है। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण देने के लिये नया कानून बना दिया। जो कि गलत है। यही नहीं इसी के तहत 21 अगस्त 2024 को कार्मिक और सतर्कता विभाग की ओर से उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को एक अधियाचन भेजा गया जिसमें राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण का लाभ देने की बात कही गयी है।

# नवादा की घटना पर बिहार में घमासान, विपक्ष ने कहा राजग को बिहार की नहीं अपराधियों की चिंता

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के नवादा जिले में दलितों के 21 घर में आग लगाए जाने को लेकर मचे राजनीतिक घमासान के बीच राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बिहार की नहीं बल्कि अपराधियों की चिंता है, वहीं राजग ने दलितों की सुरक्षा और सम्मान को सामूहिक जिम्मेदारी बताया है। विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने इस घटना को लेकर 'एक्स' पर अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए कहा, बिहार में आपकी डबल इंजन पॉवर्ड सरकार में दलितों के घर जला दिए गए है। यह भारत देश की ही घटना है। कृपया इस मंगलराज पर दो शब्द तो कह दिजीए कि यह सब प्रभु की मर्जी से हो रहा है इसपर राजग के बड़बोले शक्तिशाली नेताओं का कोई वश नहीं है। यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बगैर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा, यह भी बता दिजीए कि बिहार में तीसरे नंबर की पार्टी के मुख्यमंत्री ने महीनों से बोलना बंद कर रखा है। वह न मीडिया से बात करते है और न ही पब्लिक से। वह जो भी बोलते है वो अधिकारियों का ही लिखा हुआ बोलते है क्योंकि जब वह स्वयं का बोलते है तो कहीं से कहीं और कुछ से कुछ बोलने लग जाते हैं शायद इसलिए ही यह पाबंदी लगायी गयी है। राजग को बिहार की नहीं बल्कि अपराधियों की चिंता है। इसी तरह भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के राज्य सचिव कुणाल ने नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ददौर स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती पर आग्नेयास्त्रों से लैस नंदू पासवान अपराधी गिरोह द्वारा हमले, आगजनी और पशु संपदा की लूट की भयावह घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि भाजपा-जदयू शासन में दबंगों-ठेकेदारों का मनोबल लगातार बढ़ा हुआ है। गया से लेकर नवादा तक दलित समुदाय खासकर मुसहर लोगों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यह विडंबना ही है कि उस इलाके के कद्दावर नेता माने जाने वाले जीतनराम मांझी आज केंद्रीय मंत्री हैं लेकिन दलितों पर हमले की घटनाएं कम होने की बजाए लगातार बढ़ती ही गई। कुणाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्टी नेता भोला राम के नेतृत्व में एक जांच दल घटनास्थल पर पहुंचा। माले जांच दल ने बताया कि उक्त गांव की 15 एकड़ 59 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन पर कुल 80 परिवार (67 घर मुसहर, 12 घर रविदास एवं एक घर रमानी) बसे हुए हैं। ये लोग उक्त जमीन पर खेती का भी काम करते हैं। स्थानीय ठेकेदार और इलाके की सामंती ताकतों से गठजोड़ रखने वाला नंदू पासवान की लंबे समय से इस जमीन पर निगाह रही है। जमीन पर कब्जा करने के ही उद्देश्य से उक्त गिरोह ने आग्नेयास्त्रों से लैस होकर बीती रात दलित टोले पर हमला किया। बमबाजी की गई, कई राउंड गोलियां चलाई गई, लोगों से मारपीट की गई और फिर पेट्रोल-डीजल छिड़ककर कई घरों में आग लगा दी गई। इनमें 80 में से 34 घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। भाकपा-माले राज्य सचिव ने बिहार सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि दबंगों के बढ़े मनोबल पर रोक लगाए। कमजोर लोगों के हक-अधिकार एवं जीवन की रक्षा में सरकार और प्रशासन द्वारा बरती जा रही लापरवाही का करारा जवाब बिहार की जनता उन्हें आने वाले दिनों में देगी। बिहार के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जनक राम ने नवादा जिले में दलित बस्ती में हुई आगजनी की घटना को दुखद बताते हुए गुरुवार को इसकी निंदा की और कहा कि यह घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला है।

# छोटे व्यवसायों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करेगा यूग्रो कैपिटल

एजेंसी लखनऊ
www.dailypioneer.com



छोटे व्यवसायियों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करने और डिजिटल क्रेडिट के लाभों को प्रोत्साहन देने की मंशा के साथ राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन (आरजेयूवीएस) ने एमएसएमई ऋण पर केंद्रित डेटा-टेक एनबीएफसी यूग्रो कैपिटल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित एमएसएमई उद्योग संवाद में यूग्रो कैपिटल ने भारत के एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए दो महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की। यूग्रो कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक शचिंद्र नाथ और आरजेयूवीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा कि यह सहयोग छोटे व्यवसायों के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने, डिजिटल क्रेडिट के लाभों को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए रणनीतियाँ प्रदान करने पर केंद्रित होगा। नाथ ने कहा सूक्ष्म उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और हम उन्हें डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से क्रेडिट तक पहुँचने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आरजेयूवीएस के साथ यह एमओयू एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र में दीर्घकालिक प्रभाव उत्पन्न करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य छोटे व्यवसायों के लिए सरकारी योजनाओं की जागरूकता, क्रेडिट की पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक रणनीतियाँ प्रदान करना है। अमित ने भी इस भावना को दोहराते हुए कहा, हम इस महत्वपूर्ण पहल में यूग्रो कैपिटल के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। भारत में सूक्ष्म उद्यमों को अक्सर आवश्यक संसाधनों तक सीमित पहुँच होती है, जिनमें सरकारी समर्थन और क्रेडिट सुविधाओं की जानकारी शामिल है। इस अभियान के माध्यम से, हम इस अंतर को पाटने का लक्ष्य रखते हैं, जिससे उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और वे भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकेंगे।

## झारखंड के श्रमिक की गंजबासौदा स्टेशन पर मौत, यादव के आर्थिक सहायता के निर्देश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विदिशा जिले के गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर झारखंड निवासी एक श्रमिक की मृत्यु पर दुःख जताते हुए मृतक के परिवार को एक लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। डॉ यादव ने एक्स पर कल देर रात पोस्ट करते हुए इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुंबई से दिल्ली जा रहे झारखंड के जिला दुमका निवासी श्रमिक मनोज मांझी (36) की विदिशा जिले के गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते समय हुई आकस्मिक मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। पार्थिव शरीर कल एंबुलेंस के माध्यम से पैतृक गांव दयालपुर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि शोकाकुल परिवार को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

# आईपीएस शिवदीप लांडे ने दिया इस्तीफा



एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com

बिहार में पिछले चालीस दिनों के दौरान भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के दो तेज तर्रार अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। इस वर्ष अगस्त में आईपीएस काम्या मिश्रा ने त्यागपत्र दिया और गुरुवार को आईपीएस शिवदीप लांडे ने इस्तीफा देने की घोषणा की। वर्ष 2006 बैच के आईपीएस शिवदीप लांडे मौजूदा समय में पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के पद पर थे। उन्होंने अपने इस्तीफे के कारणों को व्यक्तिगत बताया है। माफिया हो या मनचले उनके बीच लांडे का नाम एक खौफ कि भांति था। लांडे ने अपने इस्तीफे को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षो से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी वर्षो में मैंने बिहार को खुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है। अगर मेरे बतौर सरकारी सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। मैंने आज भारतीय पुलिस सर्विस (आईपीएस) से त्यागपत्र दिया है परन्तु मैं बिहार में ही रहूँगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी। इससे पूर्व बिहार की 'लेडी सिंघम' कही जाने वाली आईपीएस काम्या मिश्रा के अगस्त महीने में इस्तीफे से राज्य में बवाल खड़ा हो गया। मात्र 22 साल में आईपीएस बनने वाली काम्या मौजूदा समय में दरभंगा की ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के पद पर थी। काम्या ने वर्ष 2019 में पहले अटेंप्ट में भारतीय पुलिस सेवा की परीक्षा पास की थी ।

## पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के आवास पर एनआईए का छापा

**गया।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाईटेड (जदयू) की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के आवास पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने छापामारी की है। मनोरमा देवी के गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास पर आज एनआईए टीम ने छापेमारी की है। छापेमारी में भारी मात्रा में कैश मिलने की भी बात आ रही है। इसे लेकर एसबीआई के प्रबंधक शशिकांत कुमार मनोरमा देवी के आवास पर पहुंचे, उनके साथ बैंक के कई सदस्य भी थे, जो नोट गिनने की दो मशीन एवं तीन बक्से लेकर पहुंचे थे, इससे यह आशंका जताई जा रही है कि भारी संख्या में आवास से कैश मिला है। हालांकि, छापामारी को लेकर किसी को भी आवास के अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं है। एनआईए के अधिकारी भी अभी तक कुछ नहीं बता रहे हैं. गया के वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि एनआईए के अधिकारियों के द्वारा मदद की मांग की गई थी, जिसके बाद संबंधित थाना को इसकी सूचना दी गई। एनआईए के लोग कार्रवाई कर रहे हैं। गौरतलब है कि मनोरमा देवी के पति स्वर्गीय बिंदेश्वरी प्रसाद यादव उर्फ बिंदी यादव पर पूर्व में नक्सलियों के साथ सांठ-गांठ होने का आरोप था, इसे लेकर पूर्व में उनकी गिरफ्तारी भी की गई थी। संभवत इसी मामले को लेकर एक बार फिर एनआईए के द्वारा उनके आवास पर छापामारी की गई है।

## गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी रहेगी निरस्त

**भोपाल।** दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा-काजीपेट-बल्लारशाह खंड पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होने के चलते भोपाल रेल मंडल से होकर जाने वाली गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी निर्धारित तिथियों में निरस्त रहेगी। पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि रेलवे द्वारा परिचालनिक सुगमता सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा, काजीपेट-बल्लारशाह खंड पर स्थित वंगरल, काजीपेट-हसनपर्ती रोड स्टेशनों के मध्य प्री नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसके चलते भोपाल रेल मंडल के भोपाल और इटारसी पर ठहराव लेकर जाने वाली गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी निर्धारित तिथियों पर निरस्त रहेगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 05303 गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी 28 सितंबर और 05 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05304 महबूबनगर-गोरखपुर विशेष गाड़ी 29 सितंबर और 06 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि रेल यात्री असुविधा से बचने के लिए यात्रा से पहले रेलवे पूछताछ सेवा से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर ही अपनी यात्रा शुरू करें।

## शिंदे ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के फैसले का किया स्वागत

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा का स्वागत करते हुए इसे एक क्रांतिकारी कदम करार दिया है। शिंदे ने देर रात जारी एक बयान में कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र भारत में इस अवधारणा से चुनाव प्रक्रिया मतदाताओं के लिए ज्यादा प्रभावी और सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को मजबूत लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया है। इसलिए समय के साथ चुनावी प्रक्रिया को आधुनिक बनाना और बेहतर बदलावों के साथ अपनाना बहुत आवश्यक हो जाता है। शिंदे ने कहा, हमने शुरू से ही 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की इस अवधारणा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इसलिए इस अवधारणा को वास्तविक बनाने के लिए केंद्र सरकार का यह कदम क्रांतिकारी होगा और लंबी अवधि में धन, समय और जनशक्ति की बचत होगी। शिंदे ने सुझाव दिया कि इस अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए एक आचार संहिता प्रक्रिया लागू होनी चाहिए। बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य अवरुद्ध होते हैं जिससे विकास धीमा हो जाता है।

## रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है: शर्मा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि नौजवानों में रक्तदान का भाव जागृत हो और वह इससे प्रेरित हो सके, क्योंकि रक्तदान करके एक व्यक्ति की जिंदगी को बचाया जा सकता है। इसलिए कहा भी जाता है रक्तदान यानी सबसे बड़ा महादान। शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय एवं संगठन महामंत्री हितानंद ने यहां हिंदी भवन में रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर देश-प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा का भाव रखकर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 17 से 19 सितंबर तक प्रदेश भर में रक्तदान शिविरों का आयोजन हो रहा है, ताकि नौजवानों में रक्तदान का भाव जागृत हो और वह इससे प्रेरित हो सके, क्योंकि रक्तदान करके एक व्यक्ति की जिंदगी को बचाया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोगों में रक्तदान को लेकर हिचकिचाहट रहती है। स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होना चाहिए। चिकित्सक की सलाह लेकर ऐसे लोग रक्तदान करके महादान के इस अभियान में शामिल होकर किसी की जिंदगी बचाने का काम कर सकते हैं। शर्मा ने कहा चिकित्सक भी मानते है कि रक्तदान से सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता और फायदेमंद ही रहता है।

### ओडिशा सरकार ने 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 12 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 36वीं उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक के दौरान 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 12 प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार ने कुल 39,271.50 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में 17,098 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने आने वाले पांच वर्षों में 2.5 लाख करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश करने का लक्ष्य रखा है।

## लेखक सलीम खान को अज्ञात युगल ने दी हत्या की धमकी

वार्ता मुंबई
www.dailypioneer.com

बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता सलमान खान के पिता एवं मशहूर लेखक सलीम खान को एक अज्ञात युगल ने खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को भेजकर जान से मारने की धमकी दी है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह दूसरी बार है, जब सलीम खान को हत्या की धमकी दी गयी है। यह धमकी हाल ही में उपनगरीय बांद्रा (पश्चिम) में उनके निवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के पास दी गयी। अधिकारी ने बताया कि कथित धमकी एक पुरुष और एक बुर्कानशीं महिला ने दी, जो स्कूटर पर सवार होकर बांद्रा बैंडस्टैंड इलाके में पहुंचे थे, जहां सलीम खान सुबह करीब 08.45 बजे सैर कर रहे थे। वह सैर के दौरान जब एक बेंच पर बैठे थे, तो युगल ने उनसे पूछा, लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं क्या फिर उन्होंने यू-टर्न लिया और वहां से भाग गये। इसके बाद, बांद्रा थाने में अज्ञात युगल के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय मराठे ने एक बयान में कहा कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है और युगल की तलाश शुरू कर दी गयी है। गौरतलब है कि इस साल 14 अप्रैल को तड़के मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों ने गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलीम खान के आवास पर कथित तौर पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, हालांकि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ था। उसी दिन बाद में, बिश्नोई गिरोह ने खुले तौर पर हमले की जिम्मेदारी ली थी और इसे खान परिवार के लिए 'पहली और आखिरी चेतावनी' भी कहा था, जिसने मनोरंजन जगत को चौंका दिया था।

# प्रतिभा निखारने को अन्य गतिविधि में भाग लेना आवश्यक : प्रभात

एजेंसी देहरादून
www.dailypioneer.com

विद्यार्थियों के भीतर छिपी उनकी अन्य योग्यताओं को बाहर लाने और उनकी प्रतिभा निखारने के लिए किताबी पढ़ाई के साथ, अन्य गतिविधियों में भी प्रतिभाग कराना चाहिए। यह उदगार कैमिस्ट्री गुरु के रूप में विख्यात ब्लूमिंग माइंड कोचिंग संस्थान के चेयरमैन डा प्रभात सती ने व्यक्त किए। वह उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नेहरू ग्राम स्थित शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए मेलोडिक स्पार्कल मूव्स एण्ड टेलेंट ग्रुप की ओर से एक होटल में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में विद्यार्थियों में रचनात्मक क्षमता उत्पन्न किया जाना बहुत आवश्यक है। साथ ही, उनके भीतर राष्ट्रवादी सोच भी उत्पन्न किया जाना महत्वपूर्ण है। डा सती ने कहा कि भारत सरकार ने इसी भावना को दृष्टिगत रख, शिक्षा पद्धति में बदलाव किया। जिसके बेहतर परिणाम आने भी शुरू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ, अपनी योग्यता को विकसित करने के लिए विभिन्न माध्यम उपलब्ध हैं। यही कारण है कि उनके अंदर नवोन्मेषी और नवाचार के गुण विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता के बाद से लगातार इसका अभाव था, जो अब दूर होता दिख रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्तमान पीढ़ी नवोन्मेषी शिक्षा से देश को एक बार फिर 'सोने की चिड़िया वाला देश' बनाएगी। इससे पूर्व, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डा सती, लक्ष्मी गौर थपलियाल और मेलोडिक स्पार्कल मूव्स एंड टैलेंट की अध्यक्ष कल्पना जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर की। शुभांगी बिष्ट ने 'वंदे मातरम्' का वाचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जोशी ने उपस्थित बालक, बालिकाओं को मॉडलिंग के गुर सिखाये। जबकि रचना पंचपाल ने 'तेरे सुर और मेरे गीत' गीत गाया। अन्य स्कूली बच्चों ने नृत्य, नाटिका और मॉडलिंग के विभिन्न प्रस्तुतिकरण दिए जबकि, मोटिवेशनल स्पीकर अर्चना गुनियाल ने विद्यार्थियों के लिए अनेक उपयोगी टिप्स बताए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्पना जोशी ने तथा संचालन रचना पंचपाल ने किया। कुलदीप पंचपाल ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर, समृद्धि पंचपाल, कमला बडोनी, सुमन डोभाल, उर्मिला थापा और अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

## झारखंड का नवनिर्माण हमारी प्रतिबद्धता : हेमन्त सोरेन



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपके चेहरे की खुशी यह बता रही है कि हमारी जन कल्याणकारी योजनाएं आपको कितनी पसंद आ रही है। सोरेन ने गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड स्थित दुलदुलवा पंचायत में आयोजित 'आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड के नवनिर्माण की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद ना सिर्फ आपकी समस्याओं का समाधान करना है, बल्कि विकास में आपकी भागीदारी भी सुनिश्चित करनी है। इस कड़ी में आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार एक मजबूत और बेहद कारगर कार्यक्रम साबित हो रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि उनकी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव और देहात से चल रही है ताकि सरकार और जनता के बीच सीधा संपर्क बना रहे।

# भजनलाल के साथ 1008 जोड़ों ने किया वृक्षारोपण

एजेंसी चित्तौड़गढ़
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वृक्ष को व्यक्ति के जीवन का मूल बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है और 'हरियालो राजस्थान' के तहत प्रदेश में सात करोड़ से अधिक पौधे लगाए गये हैं तथा पांच साल में 50 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। शर्मा को चित्तौड़गढ़ के नरबदिया स्थित अनगढ़ बावजी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक व्यक्ति के पेड़ लगाने से आने वाली कई पीढ़ियों को वृक्षों द्वारा प्राणवायु मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान के लिए शुरू किए गए अभियान के तहत आमजन एक पेड़ लगाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मोदी सामाजिक सरोकारों के प्रेरणापुंज हैं। उनके द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता के प्रमुख वाहक बन गए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने अनगढ़ बावजी तपोस्थली पहुंचने पर संत शिरोमणि 1008 अमरा भगत की धूणी पर घी की आहूति दी एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभास्थल पर ही मंत्रोच्चार के साथ पीपल का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जनसहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर 1008 जोड़ों ने भी विधि विधान के साथ पूजा कर वृक्षारोपण किया। शर्मा ने कहा कि मंत्री प्रदेशभर का दौरा कर, सचिवालय में बैठक और जनसुनवाई कर दिन-रात जनता की सेवा कर रहे हैं। हमने संकल्प पत्र में किए वादों एवं परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं को अविलम्ब धरातल पर उतारा है। हाल में 10 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का शुभारंभ, शिलान्यास एवं लोकार्पण हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास के प्रति हमारे दृढ़संकल्प को दर्शाते हैं। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की 200 विधानसभाओं की करीब आठ करोड़ जनता के विकास एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश की हर पंचायत एवं गांव में विकास कार्य स्वीकृत कर उनकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है।

### एक अक्टूबर से फिर चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**लखनऊ।** बारिश से पनपने वाले वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश में एक अक्टूबर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरु होगा, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसके साथ ही 11 अक्टूबर से 31 अक्तूबर तक पूरे प्रदेश में दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। वर्ष-2024 के तृतीय चरण के संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर संचालित किया जाएगा। अभियान को स्वास्थ्य विभाग समेत 11 अन्य विभाग आपसी समन्वय से संचालित करेंगे। रकार की ओर से लोगों से भी अपील की गई है।

# ओडिशा में दो वन्यजीव अपराधियों को तीन साल की सश्रम कारावास

वार्ता भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



ओडिशा में रायगढ़ के उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दो आरोपियों को दोषी ठहराया है और 10 हजार रुपये के जुर्माने के साथ तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिक्रम माझी और राजा माझी को ओडिशा विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक ग्राहक को तेंदुये की खाल बेचने की कोशिश करने के मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) आर.डब्ल्यू. की विभिन्न धाराओं और वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम की धारा के तहत दोषी ठहराया था। तलाशी के बाद, उनके कब्जे से दो तेंदुए की खालें बरामद की गईं। अदालत ने बुधवार को दोनों आरोपियों को वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम विभिन्न धारा के तहत मामला दर्ज किया और 10 हजार रुपये के जुर्माने के साथ तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। गौरतलब है कि एसटीएफ भुवनेश्वर ने दो नवंबर, 2023 को रायगड़ा जिले के चांडिली थाना के तहत तंपारबिदुनि छक में आरोपियों को पकड़ा और उनके कब्जे से दो तेंदुए की खालें बरामद कीं। जांच के दौरान, जब्त तेंदुए की खाल को जैविक और रासायनिक परीक्षण के लिए वन्यजीव संस्थान, देहरादून भी भेजा गया, जिसमें सकरात्मक परिणाम मिले। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया। अभियोजन पक्ष ने नौ गवाहों की जांच की और 15 दस्तावेज प्रदर्शित किए।

# रोजगार को बढ़ावा देने बस्तर वनमण्डल में किया जा रहा शीशल रोपण

## बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत 100 हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण, शीशल रेसा से ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



वर्तमान में शीशल उद्योग छत्तीसगढ़ में कहीं पर भी संचालित नहीं है। ऐसे में इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सचिव सहकारिता विभाग डॉ.सीआर प्रसन्ना के द्वारा बस्तर जिले के प्रवास कार्यक्रम के दौरान दिए गए निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र बस्तर के अन्तर्गत कोलचूर बीट के कक्ष क्रमांक पी. 1442 नया 532 रकबा 50 हेक्टेयर में भरनी के पास शीशल रोपण किया गया है। ग्राम भरनी में रान बांस डोरी उद्योग समिति बना हुआ है। वनमण्डलाधिकारी बस्तर के द्वारा ग्राम भरनी का दौरा कर तत्काल शेड निर्माण कार्य और मशीन लगाने का निर्देश दिया गया था, जिसके अनुरूप ग्राम भरनी में शेड निर्माण के पश्चात शीशल प्रसंस्करण का कार्य किया जा रहा है। बस्तर वनमण्डल के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बकावण्ड के ढोढरेपाल में 50 हेक्टेयर रकबा में 11000 शीशल रोपण एवं वन परिक्षेत्र बस्तर अन्तर्गत भरनी में 50 हेक्टेयर में 11000 शीशल रोपण किया गया था। बस्तर वनमण्डल में कुल 100 हेक्टेयर रकबा में 22000 शीशल रोपण का कार्य वृहद रूप से किया गया है जिससे समिति को रॉ-मटेरियल भरपूर मिल सकेगा और उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

### शीशल को प्रोत्साहन की है आवश्यकता

बस्तर के वनमण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता बताते हैं कि शीशल से संबंधित कार्य से ग्रामीणों को लाभ ही होता है नुकसान की बात ही नहीं है। इसे व्यापक प्रचार-प्रसार कर उद्योग के रूप में विकसित किये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में बस्तर वनमण्डल के अन्तर्गत बस्तर वन परिक्षेत्र के भरनी एवं बकावण्ड वन परिक्षेत्र के ढोढरेपाल में 100 हेक्टेयर में कुल 22000 पौधे शीशल रोपण कर इस उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे उत्पादन से जुड़कर आर्थिक तौर पर सक्षम होकर आत्मनिर्भर हो सकें।

### मैं शीशल नहीं रोजगार हूं

मेरा नाम अगेव शिशलाना है लोग मुझे केकती, रान बांस या शीशल के नाम से जानते हैं मैं बहुत ही कम पानी से अपना जीवन चला सकती हूं, परन्तु अपने शरीर के भीतर पर्याप्त जल संग्रहण कर रखती हूं जहां मैं रहती हूं, उस स्थान पर भूमि नम रहती है, एक बार जब मुझे रोपण कर दिया जाता है उसके पश्चात् मेरी मृत्यु संभव नहीं है, जब तक की कोई मेरा जानबूझकर नुकसान न पहुंचा दे। एक किलोग्राम शीशल के पत्ते को मशीन के द्वारा रेसा निकालकर सुखाने पर 200 ग्राम रेसा प्राप्त होता है 8 व्यक्ति मिलकर लगभग एक क्विंटल पत्ते एकत्र करते हैं और उसकी रेसा बनाने पर 20 किलोग्राम रेसा प्राप्त होता है। जिसका बाजार भाव 250 रुपये प्रति किलोग्राम है। 20 किलोग्राम का 5000 रुपये प्राप्त होता है। 8 व्यक्ति का रोजी 350 की दर से 2800 रुपये होगा, शेष 2200 रुपये बिजली, पानी एवं रखरखाव में व्यय होगा। इस प्रकार लाभ ही लाभ है तभी तो मैं कहती हूं कि मैं शीशल नहीं रोजगार हूं।

# राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी केंद्र सरकार के इशारे पर : रवि देवांगन



पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

संसद में विपक्ष के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य संजय गायकवाड़ का पुतला दहन किया। ज्ञात हो की राहुल गांधी लोकसभा नेता विपक्ष के ऊपर केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने भाषण मे राहुल गांधी को देश का नंबर वन आंतकवादी कह कर अमर्यादित बयान बाजी किया था, वही महाराष्ट्र के विधायक ने भी राहुल गाँधी पर विवादित टिप्पणी करते हुए राहुल गांधी के जीभ को काटने वाले को 11 लाख रूपए का ईनाम देने जैसे वाला बयान किया था इन दोनों नेताओं के अमर्यादित बयानबाजी को सुन कर ब्लॉक कांग्रेस ने जिला मुख्यालय के तहसील ऑफिस के सामने दोनों नेताओं का पुतला दहन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की न्याय के लिए लड़ने वाले न्यायकर्ता एवं देश के सर्वोच्च सदन के नेता प्रतिपक्ष के ऊपर बयान बाजी करना मतलब साफ है की देश मे कानून नाम के कोई चीज नहीं है राहुल गाँधी के लगातार हमले से भी मोदी सरकार बेकफुट पर है और केंद्र सरकार के इशारे पर मोदी केबिनेट के मंत्री अमर्यादित बयानबाजी कर रहे है। वही महाराष्ट्र मे भाजपा शिवसेना एकनाथ शिंदे सरकार के विधायक संजय गायकवाड़ भी कानून को आईना दिखाते अमर्यादित टिप्पणी कर रहे है ।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ऐसे नेताओं पर कानूनी कार्यवाही की मांग करती है। पुतला दहन कार्यक्रम मे शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, पीसीसी सचिव देवनाथ उसेंडी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एन एस यू आई प्रदेश सचिव जय वट्टी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, जिला कांग्रेस महासचिव तौहीद अहमद, सचिव संजय राय, सोशल मिडिया सयोजक दीपक गाँधी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# गणपति गए अपने धाम रामाराम में ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ किया विसर्जन



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कष्ट निवारक बुद्धि के देवता भगवान गणेश जी के रामाराम में विराजने के बाद आज ग्रामवासियों ने उन्हें हर्षोल्लास के साथ शबरी नदी में विसर्जित कर बिदाई दी, बता दें की सुकमा जिले में हिन्दू त्यौहारों को लेकर आदिवासियों में दो मत हैं एक अपने आपको हिन्दू कहते है तो कुछ लोग अपने आपको हिन्दू नहीं मानते हैं ऐसे माहौल के बीच भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी गणेश जी प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण किया व रामाराम में युवाओं के बीच जाकर आज विसर्जन में हर्षोल्लास के साथ नाचते हुए गणेश जी के जयकारे लगाते हुए गणपति जी का विसर्जन करते हुए क्षेत्र में शान्ति व खुशहाली की कामना की।

# मेडलिस्ट खिलाड़ी हुए सम्मानित नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खिलाड़ियों का स्टेट चैंपियनशिप में रहा दबदबा

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




21 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 जो 13 से 15 सितंबर 2024 तक बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर में छत्तीसगढ़ एथेटिक संघ के द्वारा अयोजित किया गया।जिसमें बीजापुर खेल अकादमी के एथलेटिक्स खेल के 14 खिलाड़ी (08 बालिका/ 06 बालक) ने भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 10 पदक अपने नाम किए जिसमें अंजली करम ट्रायथलॉन सी ( 60मी. लंबी कुद . 600मी.) गोल्ड मेडल, संतोषी भंडारी (60मी. लंबी कुद . 600 मी.) सिल्वर मेडल, रुक्मणी लेकाम ( 60मी. लंबी कुद. गोला फेंक) ब्रांज़ मेडल, वीरेंद्र ध्रुव ट्रायथलॉन सी (60मी. लंबी कुद . 600मी.) गोल्ड मेडल,पूजा वाचम 600 मीटर सिल्वर मेडल, 60 मीटर ब्रांज़ मेडल,प्रियंका कुड़ियां पेंटाथलॉन ( 80 मी.बाधा दौड़, 600 मीटर दौड़ , 60 मीटर दौड़ ,लंबी कुद.. गोला फेंक) ब्रांज मैडल, राजू पोयम (ऊंची कूद ) सिल्वर मैडल, प्रियंका एवं साथी मिडले रिले स्वर्ण पदक तथा,पिलू एवं साथी मिडिल रिले )सिल्वर मेडल ये सभी खिलाड़ी दिनांक 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2024 को विश्व विद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नागपुर महाराष्ट्र में होने वाले 35वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार एवं प्रभारी खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने सभी खिलाड़ियों को बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ में एकलव्य बीजापुर के प्रिंसिपल अनिल मिश्रा, एथलेटिक्स टीम के कोच संदीप गुप्ता एवं श्रम निरीक्षक तथा अंतर्राष्ट्रीय कोच सोपान कर्णेवार मौजूद थे।

## सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को किया गया साइकिल वितरण

**माकड़ी।** छत्तीसगढ़ सरकार सरस्वती साइकिल योजना के तहत नौवी क्लास में प्रवेश बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया इस योजना के तहत दूर-दराज में रहने वाले स्कूली बच्चों को यह सुविधा प्रदान की जाती है इसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा गरीबी रेखा से नीचे स्कूल बालिकाओं को इसका लाभ मिलता है माकड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मगेदा 42, बागबेड़ा 17, कांटा गांव 27, बालिकाओं को निशुल्क साइकिल जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरण किया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोड़ा, जनपद अध्यक्ष मोतीबाई नेताम मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र नाग, किसान मोर्चा उपदेश प्रतिनिधि चंदन साहू, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष संजू पोयाम, युवा मोर्चा जिला मंत्री ललित पोयाम, भाजपा महामंत्री संजू ग्वाल, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष मनोज साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोशन सेन, मंगतू यादव,परशु नेताम, लच्छू महावीर,तेजन्तीन,झुकदेव नेताम, बीआरसी ताहिर अहमद खान, एबीओ सखाराम वट्टी, श्रीराम तारम, मगेदा प्रिंसिपल रमेश प्रधान, स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# बैंड बाजा की धुन में भक्तों ने गणपति बप्पा किया विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति तिरंगा चौक नैमेड में 11 दिवसीय गणेशोत्सव अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर बुधवार को गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ समापन हुआ। 11 दिनों तक गणेश पंडालो में श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमा की विधि विधान से रोज सबेरे शाम पूजा अर्चना की किया गया। रामायण मंडली द्वारा रोज रात्रि रामायण का पाठ एवं भजन कीर्तन किया।

सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति तिरंगा चौक नैमेड में हवन पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रध्दालुगण उपस्थित हुए। हवन पूजन के पश्चात भंडारा में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किये गए। सार्वजनिक नवयुवक गणेशोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा 11 वे दिन भक्तों ने गणेश प्रतिमा का विसर्जन बैंड बाजे की धुन में थिरकते किया। रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश की विदाई गाजे बाजे के साथ की गई। जिसमें गणेश समिति के नवयुवकों ने बैंड बाजे की धून में थिरकते हुए मोहल्ला एवं सड़क मार्ग पर आकर्षक रैली निकालकर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाये और सड़कों पर रंग गुलाल भी जमकर उड़ाया। गणेश प्रतिमा का विसर्जन बड़ी संख्या में भक्तगण नाचते गाते किया। गणेश समिति नैमेड के सभी सदस्यों ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर गणेशोत्सव समिति तिरंगा चौक नैमेड़ के सदस्य उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत चलाया गया हस्ताक्षर अभियान कलेक्टर ने स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी की अपील की

**कोंडागांव।** स्वच्छता ही सेवा अभियानच् में जिले के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हस्ताक्षर किया और कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 के तहत स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 02 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में विद्यार्थियों, एसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के कैडेट सहित स्वयंसेवी संगठन भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने जिले के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता देने की अपील की।

# जन भागीदारी से किया नैमेड बाजार स्थल की सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायत नैमेड में कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अंतर्गत साप्ताहिक बाजार स्थल में सीआरपीएफ के जवानों एवं ग्रामीणों के संयुक्त सहभागिता से श्रमदान से ब्लैक स्पॉट की सफाई गया किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्रामो में गंदे एवं कचरे का ढेर जमा स्थानों (ब्लैक स्पॉट )के चिन्हांकन किया गया है । 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाली स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत चिन्हित स्थानों को जनभागीदारी से श्रमदान कर सफाई किया जाना है । इसी तारतम्य में जिले के प्रत्येक ग्रामों में स्वच्छता पखवाड़ा चलाकर श्रमदान से सफाई का आयोजन किया जा रहा है, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं स्थानीय दुकानदारों तथा ग्रामीणों ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। श्रमदान से सफाई कार्यक्रम के उपरांत सीआरपीएफ जवानों के साथ साथ उपस्थित समस्त ग्रामीणों ने स्वच्छता शपथ लिया ।

## ट्रांसपोर्टरों की आपसी लड़ाई से हो रहा घाटा

# ट्राला मालिकों के सामने आर्थिक संकट गहराया

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




बस्तर के ट्राला व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है क्योंकि ट्रांसपोर्टरों की लड़ाई का फायदा मिल मालिकों ने उठाया है जिससे उनको आर्थिक संकट हो रही है। उक्त बातें स्थानीय पत्रकार भवन में बस्तर परिवहन संघ एवं झाड़ेश्वर समिति नगरनार के द्वारा यह बातें रखी गई। बस्तर परिवहन संघ एवं झाड़ेश्वर समिति नगरनार द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बीपीएस अध्यक्ष अमर सिंह सियाल ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट का उद्देश्य बस्तर वीडियो के हित के लिए बनाया गया है किंतु उनके हितों के साथ अनदेखी की जा रही है जब स्टील प्लांट में शुरुआत हुई थी तो उसे दौरान परिवहन का रेट तीन 3100 रुपए हैदराबाद के लिए तथा रायपुर के लिए 1450 रुपए तय किया गया था। आज के दिवस में व्यापारियों ने हैदराबाद के लिए 1300 रुपए तथा रायपुर के लिए 950 रुपए तय हुआ है जो की सीधे-सीधे ट्राला व्यवसायों के लिए घाटा का सौदा साबित हो रहा है। सियाल ने कहा कि ट्राला व्यवसायों के साथ वह खड़े हैं तथा माल खरीददारों के विरुद्ध जरूरत पड़ने पर सड़क की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। झड़ेश्वर समिति के सचिव रघु मानिकपुरी ने भी इसी प्रकार के व्यक्तत्व दिए तथा बस्तर परिवहन संघ के सचिव राजेश झा ने भी अपने उद्गार व्यक्त किया जिसमें उन्होंने कहा कि यह परिवहन व्यवसाय से जुड़े ट्रांसपोर्टरों की आपसी खींचतान का नतीजा है कि ट्राला व्यवसाईयों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है और परिवहन से उन्हें कोई लाभ भी नहीं मिल रहा है। अमर सिंह सियाल, रघु मानिकपुरी एवं राजेश झा ने परिवहन से जुड़े व्यवसायों से कहा है कि अपने हितों के लिए टकराव न करें और एक जड़ता से सभी एक -दूसरे का साथ दें। पत्रकार वार्ता के दौरान झाड़ेश्वर समिति के अध्यक्ष बनमली नाग, झड़ेश्वर समिति एवं बीपीएस के पदाधिकारी विश्वास के अलावा सुधा मिश्रा, गीता मिश्रा, रामेश्वर बिसाई, खगेश्वर कश्यप के अलावा बड़ी संख्या में ट्राला परिवहन से जुड़े सदस्य उपस्थित थे।

सत्यमेव जयते

File No.: A-11019/04/2016(Pt.V)-NMPB-III
Government of India
Ministry of Ayush
National Medicinal Plants Board

**Subject: Expression of Interest for engagement of Government Department/Research Institutions / Universities etc. as Regional Cum Facilitation Centre (Central Region) of NMPB.**

National Medicinal Plants Board (NMPB), Ministry of Ayush intend to set up Regional Cum Facilitation Centre (Central Region) of NMPB for active co-ordination among the different stakeholders and for better implementation of the programme and activities of medicinal plants sector in central region of the country.

National Medicinal Plants Board (NMPB), Ministry of Ayush invites bids (Technical and Financial in two separate envelopes) from Government Department/ reputed Research Institutions / other organization, Universities etc. to act as Regional Cum Facilitation Centre (Central Region) of NMPB for coordinating the activities in the medicinal plants sector in state of Chhattisgarh and Madhya Pradesh.

For more details, visit NMPB's website www.nmpb.nic.in or Ministry of Ayush's website https://www.ayush.gov.in.

Last date for submission of proposal shall be within three weeks of the publication of the advertisement.

CBC-17203/11/0002/2425

# संविधान की रक्षा हेतु चलाया जाएगा संविधान रक्षक अभियान : चातुरी नंद




## कांग्रेस कार्यकर्ता हर गांव में बनाएंगे संविधान रक्षक

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सरायपाली विधानसभा के हर गांव में संविधान रक्षक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक बैठक विधायक कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद की आतिथ्य में महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार लगातार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और संविधान को बदलने की साजिश रच रही है जिसके लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय राजेश लिलोटिया और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देश पर संविधान रक्षक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से फार्म भरकर संविधान में आस्था रखने वाले व्यक्तियों को संविधान रक्षक बनाया जायेगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में संविधान रक्षक बनाकर अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर एन आदित्य, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, गोपाल अग्रवाल, पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, केशव चौधरी,कमल पटेल,फार्म पटेल, एनएसयूआई अध्यक्ष भीष्म पटेल, दीपक साहू, पूजा तिवारी, सतपथी, तिरिथ मानिकपुरी, घसिया सिदार, रामदयाल पटेल, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, पुरुषोत्तम साहू, दूधनाथ साहू, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान सूर्यकांत पटेल प्रभात पटेल अंगद डडसेना प्रकाश यादव विक्की वैष्णव श्रवन पटेल सत्या भोई पुरषोत्तम पटेल अनिल पटेल कारण पटेल सदराम पटेल सरिता प्रधान विनय प्रधान प्रेम पटेल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता समापन में ग्राम बिलाड़ी पहुंचे आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब




पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम बिलाड़ी में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर पहुँचे विधायक माननिय गुरु खुशवंत साहेब आरंग के विधायक और युवाओ के प्रेरणा श्रोत ने किया बिलाड़ी मे विकास कार्यो की वर्षा बीते दिन ग्राम पंचायत बिलाड़ी मे क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में ईनाम वितरण कार्यक्रम रखा गया था। जिसमे बिलाड़ी की टीम ने प्रथम पुरुस्कार,,नकटी जलसो की टीम ने द्वितीय पुरुस्कार और ,मनहोरा की टीम ने तृतीय पुरुस्कार व धनेलि कि टीम ने चतुर्थ पुरुस्कार प्राप्त किया जिसमे आरंग के लोक प्रिय व दमदार विधायक गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बिलाड़ी के सरपंच सोना श्रवण यदु और विशिष्ट अतिथि के रुप मे अनुराधा वर्मा (पूर्व सरपंच तुलसी) , ने की कार्यक्रम के दौरान सभी खिलाड़ियों को ईनाम वितरण किया गया। तत्पश्चात सरपंच प्रतिनिधि पंकज यदु द्वारा विधायक गुरु खुशवंत साहेब जी से ग्राम बिलाड़ी के लिए 15 लाख् के विकाश कार्यो का मांग किया। जिसमे माननिय गुरु खुशवंत साहेब जी ने हामि भरते हुवे बिलाड़ी पंचायत को 15 लाख का सौगात दे दिये। और कहा की 15 दिन के भितर सभी मांगो को हमारे विष्णु देव साय् जी की सरकार साय् साय् पूर्ण करेगी मै आश्वासन देता हूँ कहकर मंच मे सभी ग्रामवासि को बधाई दिये और कहा की ग्राम बिलाड़ी से हमारा पुराना लगाव रहा है। और जो विकास इस पंचवर्षी मे सरपंच द्वारा कराया गया है। वह काबिले तारीफ़ है । आने वाले दिनों मे हम ग्राम बिलाड़ी को और भी विकशित् ग्राम बनाने मे पुरा सहयोग प्रदान करेंगे । मंच संचालन पंकज यदु सरपंच प्रतिनिधि द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से महेश अग्रवाल ( पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ) गौरव अग्रवाल , आर्दश अग्रवाल, उपसरपंच संतोष निषाद , छ्गन वर्मा , चुन्नी वर्मा, मुकेश वर्मा, हरिचंद यदु,किशन कुर्रे, दिनेश निषाद, दादू भोसले, नीलकंठ निषाद एवंम ग्रामवासियों की उपस्थिती कार्यक्रम मे थी ।

# भगवान विश्वकर्मा निर्माण व शिल्पकला में सर्वोच्च देव शिल्पी थे : कविता योगेश बाबर

## दरगहन में 2 दिवसीय रामधुनी के अवसर पर कविता बाबर उपस्थित हुई

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



आदर्श राजमिस्त्री संघ एवं ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम दरगहन में दो दिवसीय भव्य अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस के समापन अवसर की अतिथि कविता योगेश बाबर जिला पंचायत सदस्य एवं वन समिति सभापति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अमर सिंह पटेल धमतरी ने की अतिथि स्वागत उपरांत सभा को संबोधित करते हुए बाबर ने राजमिस्त्री संघ एवं ग्रामवासियों को विश्वकर्मा जयन्ति की बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के सृजनकर्ता एवं देव शिल्पी थे जिस प्रकार आज हम कोई निर्माण कार्य करते हैं उसके पूर्व इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट से अपने निर्माण स्थल का डिज़ाइन बनवाते हैं ठीक उसी प्रकार उस देव काल में जो भी निर्माण कार्य किये जाते थे वह किस प्रकार से बनेगा उसकी समस्त रूपरेखा विश्वकर्मा जी के द्वारा की जाती थी उनके द्वारा भगवान श्री कृष्ण की द्वारिका नगरी अयोध्या नगरी कृष्ण जी की मथुरा एवं देवलोक के निर्माण की समस्त रूपरेखा बनायी गई थी । निर्माण कार्यो से संबंधित समस्त प्रकार के लोग उन्हें भगवान के रूप में पूजते हैं जिनका आज जन्मोत्सव है बाबर ने रामधुनी के अवसर पर भगवान श्री राम चंद्र जी के जीवन और चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीरामचंद्र जी भगवान अपने सम्पूर्ण जीवन काल में त्याग और तपस्या करते हुए मानव समाज को एक संदेश दिया कि आपस में प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा के साथ जीवन जीना चाहिए बड़ों का आदर सम्मान करना चाहिए सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया एवं समस्त ग्रामवासियों को विश्वकर्मा जयन्ति की बधाई दी एवं इस अवसर पर आयोजित राम धूनी प्रतियोगिता में राम नाम के गुणगान की व्याख्या की कार्यक्रम कि इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में गुल्लू राम निर्मलकर विमल दास लेमन पटेल लाकेश पटेल खोमन यादव सुरेश ध्रुव उकेश ध्रुव सियाराम साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे.

# रेत का अवैध भंडारण व परिवहन लगातार जारी

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के लवन तहसील अंतर्गत महानदी किनारे बसे कुछ ग्राम पंचायतों में रेत तस्करों द्वारा बारिश के पूर्व बड़े पैमाने पर हजारों ट्रैक्टर रेत अवैध रूप से भंडारण कर रखे हुए हैं जिसे आज भी अवैध रूप से लवन तहसील के आसपास के गॉव के लोगों को मोटी कीमत पर बेचते हुए आ रहे हैं कि मामला प्रकाश में आया है।महानदी में बाढ़ आने के पूर्व ही कुछ आदतन रेत के तस्करी में लगे तस्कर बड़े पैमाने पर रेत भंडारण किये गए हैं जिसकी शिकायत खनिज विभाग को देने के बाद भी कई महीनों से कुम्भकरणी निंद में सोए हुए हैं। देखा जाए तो रेत के अवैध कारोबार में लगे तस्कर राजश्व विभाग को करोड़ों की चपत लगा चुके हैं।कुछ रेत तस्कर तो ऐसे हैं जो केवल ट्रैक्टर इस कारण लिए है ताकि उनका इस्तेमाल केवल रेत की अवैध परिवहन करते रहना है, इस कारोबार में इतना मुनाफा कमाने के बाद ऐसे भी रेत तस्कर कुछ गॉव मे है जिनके पास दो से तीन ट्रैक्टर हैं।इसके अलावा लवन तहसील के तहसीलदार या नायाब तहसीलदार भी समय समय पर रेत की अवैध भंडारण ,परिवहन पर कार्रवाई करते रहता तो महानदी से रेत का अवैध भंडारण, परिवहन करने की हिम्मत रेत तस्कर कभी नहीं करते।राजश्व व खनिज विभाग की लाचारी का भरपूर फायदा ये रेत तस्कर कई सालों से करते हुए आ रहे हैं।रेत तस्करी में लगे तस्कर विभाग को बेवकूफ बनाने के लिए जब कभी पकड़ में आ जाते हैं तो आवास योजना का बहाना बनाकर कर रेत परिवहन कर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चकमा देते रहे हैं या नेताओं को फोन के माध्यम से भ्रमित कर अधिकारियों के पकड़ से बचते हुए आ रहे हैं ।कुछ रेत तस्कर ऐसे भी है जो सुबह 5 से6बजे लवन या आसपास के गॉव में अपने निजी ट्रैक्टर से रेत को अवैध तरीके से बेचकर सड़क को बरबाद करने के साथ साथ राजश्व कोष को भी नुकसान पहुँचाते आ रहा है।ऐसे आदतन रेत तस्करों पर कार्रवाई किये जाने की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, राजश्व विभाग लवन के तहसीलदार, नायाब तहसीलदार से किये गए हैं ।

## छात्र सुरक्षा बीमा योजना के तहत पांच लाख स्वीकृत

**गरियाबंद ।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने छात्र सुरक्षा बीमा योजना के तहत 5 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। यह राशि दुर्घटना में मृतक स्कूली विद्यार्थियों के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में दी जायेगी। इसके तहत पांच प्रकरणों में 1-1 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सहसपुर के छात्र स्व. युगल किशोर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिन्द्रानवागढ़ के छात्र स्व. उमेश कुमार, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जाड़ापदर के छात्र स्व. देवनारायगण, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाजोशी के छात्र स्व. त्रिलोक गायकवाड़ एवं शासकीय प्राथमिक शाला बारूला के छात्र टंकेश्वर निर्मलकर के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की जायेगी।

# दादा गुरुदेव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने कहा कि चौथे दादा अकबर प्रतिबोधक 1008 श्री जिनचंद सूरी जी महाराज साहेब की 411वीं स्वर्गारोहण महोत्सव के अवसर पर 11 दिवसीय गुरु इकतीसा का जाप श्री आदिश्वर जिनालय में रखा गया था जिसका आज समापन है। आज दिनांक 19/09/2024 को दादा गुरुदेव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। यह पालकी यात्रा प्रातः 09 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय से श्री आदिश्वर जिनालय तक निकाली गई। उसके बाद दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा श्री आदिश्वर जिनालय में प्रातः 10 बजे हुई तथा रात्रि में प्रभु भक्ति का आयोजन श्री आदिश्वर जिनालय में रहेगा। प्रभु भक्ति हेतु परम गुरुभक्त भाई मोहित बोथरा अजीमगंज कोलकाता से पधारे हुए है। दादा गुरुदेव श्री जिनचंद्र सूरी जी का हम पर बहुत उपकार है। दादा गुरुदेव की कृपा से ही हम जन से जैन बने है। 84 गच्छ की स्थापना करने वाले ऐसे दादा गुरुदेव का हम सभी पर परम उपकार है। आज का दिन ऐसे परम उपकारी के उपकार को याद करने का है। दादा गुरुदेव के एक शिष्य ने किसी के पूछने पर एक बार भूलवश अम्मावस के दिन पूनम होना बता दिया। उसके बाद वह शिष्य अपनी गलती को जानकर दादा गुरुदेव को पूरी बात बता देते है। फिर दादा गुरुदेव अपने ज्ञान से पूरी घटना को समझकर एक श्रावक से चांदी की थाली मंगाकर उसे आसमान में फेंकते हैं जिससे आसमान में चारो ओर पूनम जैसा प्रकाश छा जाता है। उसी समय उस शिष्य की बात को झूठा साबित करने बादशाह नगर के चारो ओर अमावस है या पूनम यह देखने के लिए अपने सैनिक भेजते हैं। बादशाह के सैनिक चारों दिशाओं में बारह बारह कोष तक जाकर देखते है तो सभी को पूनम का चांद ही दिखाई देता है। सभी सैनिक आकार बादशाह को यह जानकारी देते हैं। तब वह बादशाह दादा गुरुदेव से प्रभावित होकर उनका भक्त बन जाता है। ऐसे भक्तो के तारणहार दादा जिनचंद्र सुरी जी भट्टारक अर्थात भक्तो के कष्ट को दूर करने वाले है। जो व्यक्ति श्रद्धा से आपकी शरण में आता है उसकी हर इच्छा जरूर पूरी होती है। ऐसे परम उपकारी दादा गुरुदेव की कृपा से ही आज हम यहां तक पहुंचे है।

# भावरा मैडम का स्वास्थ जानने घर पहुंची छग राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



शहर के प्रतिष्ठित शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली भावरा मैडम जिनकी उम्र लगभग 80 वर्ष है इन दिनो शारीरिक रूप से अस्वस्थ है। छत्तीसगढ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक जनसुनवाई के लिए कुछ दिनो पहले धमतरी पहुंची थी जहां पर उन्हें पता चला की भावरा मैडम का स्वास्थ ठीक नही है तो उन्होने जनसुनवाई के पश्चात भावरा मैडम के निवास स्थान पहुंचकर उनके स्वास्थ कुशलक्षेम पुछकर जल्दी स्वस्थ होने की बात की। उल्लेखनीय रहे कि भावरा मैडम शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनायी है। शहर के लगभग सभी लोग इनका बडा सम्मान करते है पिछले कुछ दिनो से वे शारीरिक रूप से अस्वस्थ है बावजदू अपने दिनचर्या का काम बखुबी खुद करती है व गुरूद्वारा महिला विंग की वर्तमान में वे अध्यक्ष है और अध्यक्ष पद का दायित्व का भी निर्वहन कर रही है। छत्तीसगढ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक जो कुछ दिनो पहले जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के लिए पहुंची थी जहां उन्हे पता चला कि भवरा मैडम की स्वस्थ ठीक नही है तो उनके निवास स्थान पहुंचकर उनका हालचाल जाना। भेट के दौरान उनकी पुत्री भिलाई निवासी गुरमित धनई भी साथ थी।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने की कलेक्टर से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने आज जिले के कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किए। जिसमें राज्य प्रशिक्षण केंद्र जीवन में स्काउट गाइड रोवर रेंजर सर्विस कैंप 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के दिन तक आयोजित होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं एक पेड़ मां के नाम तथा सर्वधर्म प्रार्थना के लिए आमंत्रण करने एवं व्यवस्था संबंधी मुद्दे शामिल थे। गांधी- शास्त्री जयंती के दिन कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण तथा राजस्व मंत्री टंकराम जी वर्मा एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र की सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम संपन्न होगा। मैदान समतलीकरण के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र रावन से रिजेक्ट मटेरियल एवं वृक्षारोपण के लिए पौधे एवं तार घेरा के लिए वानिकी विभाग से सहयोग के लिए निवेदन किया गया। कलेक्टर सोनी ने भी जिला शिक्षा अधिकारी को समन्वय कर सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर राज्य मुख्य आयुक्त के साथ राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, जिला मुख्य आयुक्त बलोदाबाजार डॉ अजय राव,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा एस के गेंदले, संगठन आयुक्त सूरज कसार एवं स्काउट मास्टर ईनूराम वर्मा उपस्थित थे।

# क्षमा लेने देने का पर्व कहलाता है क्षमावाणी पर्व

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदा बाजार जैन समाज 10 लक्षण महापर्व के संपन्न होने के पश्चात क्षमा वाणी पर्व मनाता है जिसमें समाज के सभी सदस्य एक दूसरे से क्षमा मांगते हैं जैन समाज का क्षमा वाणी पर्व समूचे देशवासियों को सुख शांति एवं अहिंसा का संदेश देता है क्षमा वाणी पर्व पर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन जी ने बताया कि क्षमा पर्व में समाज एक दूसरे से मनमुटाव छोड़कर क्षमा भाव रखता है एवं एक दूसरे से क्षमा मांगता है ।क्षमा पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए पूरा जैन समाज मंदिर परिसर में इकट्ठा हुआ मंच संचालन का कार्य समाज के सचिव अमित जैन द्वारा किया गया सर्वप्रथम टीकमगढ़ से आए हुए प्रेरक वाणी पंडित मनोज शास्त्री जी का अभिवादन किया गया जिनके मंत्र उच्चारण एवं प्रवचन 10 दिनों तक चला जिसे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिला इसके पश्चात समाज के संरक्षक इंद्र कुमार जी एवं समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन जी ने पंडित शास्त्री जी का सम्मान किया एवं उन्हें साल और श्रीफल भेंट किया क्षमा पर्व पर पर समाज के संरक्षक इंद्र कुमार जी ने कहा कि 10 दोनों का पर्यूषण पर्व बिना किसी रूकावट के संपन्न हुआ उसके लिए मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं एवं मेरे द्वारा जाने अनजाने में कोई गलती हुई हो उसके लिए सभी से क्षमा मांगता हूं और क्षमा करता हूं ।इसके बाद समाज की संरक्षक पदम चंद जी जैन ने क्षमा पर्व पर कहा कि हमें खुशी है कि समाज आगे बढ़ रहा है और 10 लक्षण पर्व का कार्यक्रम हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हुआ उन्होंने कहा कि, यह लड़ना झगड़ना छोटे दिलों का काम है बड़े दिलवाले तो वह है जो क्षमा कर दिया करते हैं। पंडित डीपी जैन जी ने क्षमा पर्व पर पूरे समाज के सामने अपना क्षमा भाव रखा और दश लक्षण पर्व के संपन्न होने पर बधाई दी । इसके पश्चात जैन समाज के गौरव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन जी ने 10 लक्षण पर्व की शानदार तरीके से समापन होने पर बहुत-बहुत बधाई दी और उन्होंने कहां जाने अनजाने में या भूल वश अगर कोई मुझसे गलती हुई होगी उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं। और उन्होंने समाज की कमेटी को भी बहुत-बहुत बधाई थी। इसके पश्चात समाज के सचिव अमित जैन कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बलौदा बाजार जैन समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान की कड़ी में जिन्होंने बोर्ड एग्जाम में 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त किया उन्हें सम्मान किया गया प्रथम आगम जैन पिता अनुराग जैन दीप्ति जैन 2 भव्या जैन पिता सुभाष जैन नेहा जैन 3 धवल जैन पिता नीरज जैन सीमा जैन 4 अर्णव जैन पिता प्रवीण जैन श्वेता जैन । इसके पश्चात क्षमा पर्व की कड़ी में अमित जैन ने बधाई संदेश देते हुए आमंत्रित किया नए चल रहे मंदिर निर्माण के अध्यक्ष दिलीप जी जैन को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। और वह इस को अच्छी तरह से संभाल रहे हैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी ।

# कमिश्नर ने की संपर्क केंद्र की प्रशंसा, संभाग के अन्य जिलों में अपनाने का करेंगे प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कमिश्नर रायपुर महादेव कावरे ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय मे संचालित संपर्क केंद्र 92018-99925 की खूब प्रशंसा की। कावरे ने सबसे पहले कक्ष का अवलोकन कर संपर्क केंद्र 92018-99925 के कार्य प्रणाली को बारीकी से जाना। कलेक्टर दीपक सोनी ने संपर्क केंद्र के बारे में ब्रीफ करते हुए बताया की संपर्क केन्द्र के माध्यम से फोन एवं वाट्सएप के जरिए विभिन्न विभागों से संबंधित अभी तक 126 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से 89 आवेदनों को त्वरित निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 37 आवेदनों को समय-सीमा में दर्ज कर निराकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गांवों की समस्याओं को जानने एवं राज्य सरकार की महत्वकांयोजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु विषय विशेषज्ञों द्वारा 58 गांवों के जनप्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा चुका है। जिसमें गांव वाले भी अलग से समस्याओं के बारे में जानकारी दर्ज कराएं है। संपर्क केन्द्र के माध्यम से हमने भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बोरसी(ध) के दो भाईयों के बीच आपसी सुलह कर धान बोनस की राशि का बटवारा,कसडोल विकासखण्ड के ग्राम मोहतरा क निवासी बलराम कर्ष कर्नाटक के जिला कोलर में ईट भट्ठा में 8 लोगों की बंधक बनाने की सूचना दी गई। जिस पर संपर्क केन्द्र के माध्यम से तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें सकुशल घर वापसी कराई गई है। इसके साथ ही अन्य मिले सफलता एवं निदान के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। कावरे ने संपर्क केंद्र के लिए जिला प्रशासन को बधाई देते हुए नवाचारी पहल के जरिए आमजनों के समस्या समाधान हेतु सार्थक सकारात्मक परिणाम मूलक कदम बताया। उन्होंने कहा आमजनों की समस्याओं का त्वरित निदान हो इसके प्रशासन को हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। यही मुख्यमंत्री जी के सुशासन की अवधारणा भी है। संपर्क केंद्र बेहद ही प्रभावी है। हमारे संभाग के अन्य जिलों में भी इस मॉडल को अपनाने का प्रयास करेंगे। जिससे अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ मिल सके। गौरतलब है कि नवाचारी पहल के तहत जिले में आम जनता के समस्याओं,मांगो के निराकरण, योजनाओं की जानकारी सहित सुझाव प्रदान करने के उद्देश्य से संपर्क 92018-99925 की स्थापना संयुक्त जिला कार्यालय में की गई है। इसके माध्यम से अब जिलेवासियों को घर बैठे ही अपनी मागों समस्याओं एवं सुझावों के निराकरण सहित योजनाओं संबधित जानकारी की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें जिले का कोई भी व्यक्ति 92018- 99925 फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। न केवल इसमें शिकायत बल्कि रूटिन में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी मुहैया करायी जायेगी। इसके लिए बकायदा रूटिन में अधिकारी कर्मचारियों की विभागवार ड्यूटी भी लगायी गई है। जो भी शिकायतें दर्ज करायी जाती उनका लगातार मॉनिटरिंग करते हुए उन्हे अलग से समय सीमा में दर्ज की जाती। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सरिता तिवारी, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, एसडीएम अमित गुप्ता लेखाधिकारी पूजा रानी सोरी, अधीक्षक एम.एम.टाण्डेय, सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भेलवा तालाब नेहरू नगर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की हुई शुरुआत








पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूवात की गई। भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने सब के सहयोग से किया जा रहा है। दुर्ग विधानसभा सांसद विजय बघेल, संभाग आयुक्त एस यन राठौर, दुर्ग कलेक्टर ऋृचा प्रकाश चैधरी, महापौर नीरज पाल, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवयी निगम भिलाई आयुक्त अशोक द्विवेदी, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में नेहरू नगर चैंक स्थित भेलवा तालाब में किया गया। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन 01 कार्यालय में सभी ने स्वच्छता ई सेवा शपथ लिया गया। सभी ने संकल्प लिया हम खुद भी श्रमदान करेंगे और दूसरे लोगों को भी कम से कम 100 लोगों से और करने के लिए प्रेरित करेंगे । फिर सब लोगों ने मिलकर तालाब में साफ सफाई कर के श्रमदान किया। सांसद विजय बघेल ने सभी से आग्रह किया की स्वच्छता सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं सफाई रखना है हमारी दादी नानी रोज सुबह घर के अंदर बाहर झाड़ू लगाकर गोबर लिप करके साफ-साफ सफाई करते थे। आज भी करते हैं। लेकिन कचरा इधर-उधर फेंक देते हैं। यही भर नहीं करना है। कलेक्टर रिचा प्रकाश ने कहा नागरिक बस इतना करें घर से गिला और कचरा सूखा कचरा अलग करके सफाई मित्रों को दे, यह सबसे बड़ा सहयोग होगा। सब लोगों ने मिलकर स्वच्छता संदेश पर हस्ताक्षर किए। एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई, जो नेहरू नगर जोन कार्यालय से शुरू होकर केपीएस चौक होते हुए बेलवा तालाब में समापन हुआ। कार्यक्रम में सभी एक ही उद्देश्य था, अपने नगर को स्वच्छ बनाना है। गंदगी दूर भगाना है। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक सामाजिक संगठन एक तरफ से उपस्थित प्रमुख संस्थाएं। आर्ट ऑफ लिविंग, भारत विकास परिषद, शपथ फाउंडेशन, स्वच्छता सेवा है संस्थान जो विगत 365 रविवार सेवा कर चुका है, स आर्मी आर्मी वेलफेयर के सदस्य, ऑक्सीजोन के सदस्य, हैप्पी ग्रुप, लाफिंग क्लब, पाषर्दगढ़, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, पत्रकारगढ़ स्कूल और कॉलेज के छात्राएं नगर निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# नगरी ब्लाक में तेन्दूए का आतंक, मुर्गी, बकरी का किया शिकार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी जिले के घठूला ग्राम में ग्रामीणों के अंदर एक आदमखोर मादा तेंदुआ का डर बना हुआ है इसके डर से लोग अपने घर से बाहर निकलने भी डर रहे हैं क्योंकि इसने एक घर में घुसकर करीब 150 से अधिक मुर्गा-मुर्गी और एक बकरी को अपना शिकार बनाया है। क मादा तेंदुआ अपने शावकों के साथ घुसकर अपने शिकार पर हमला बोल दिया। इस दौरान तेंदुए ने करीब 150 से अधिक मुर्गी.मुर्गा को अपना शिकार बनाया। ये पूरा मामला धमतरी जिले के घनघोर वन क्षेत्र से सटे गांव घठूला का है। इसके साथ ही पास ही स्थित ग्राम पाइकभाटा में भी तेंदुए ने एक बकरी को अपना शिकार बनाया। लगातार आदमखोर तेंदुए छोटे बच्चों के साथ ही आस.पास रहने वाले जानवरों को शिकार बना रहा है। घनघोर जंगल और पहाड़ होने के कारण लगातार आसपास के जंगलों में घूम रहे तेंदुए से ग्रामीणों में डर का माहौल है आदमखोर तेंदुआ जंगलों से बाहर निकल कर अब सीधे आसपास के गांव में दस्तक दे रहा है। आसपास के क्षेत्र में भी तेंदुआ द्वारा कई बार हमला किया जा चुका। ये तेंदुआ स्थानीय लोगों को अपना शिकार बनाकर अपनी भूख मिटा रहा है लगातार आसपास के क्षेत्र में भी तेंदुआ द्वारा कई बार हमला किया जा चुका है। इस हमले में दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। क्षेत्र के ग्रामीण इस तरह के तेंदुआ के आतंक से बहुत ज्यादा परेशान हो चुके हैं लोग अपने घरों में ही डर के कारण रहने को मजबूर हो गए। गांव में रहने वाले ग्रामीणों के मन में यह डर है कि कहीं वह अपने घर से बाहर निकलेंगे तो तेंदुआ उन्हें अपना शिकार न बना ले। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर वन विभाग की टीम के साथ मनोज विश्वकर्मा एसडीओ भी पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि आसपास का इलाका घनघोर जंगल होने के कारण ऐसे हिंसक जानवरों के हमले की आशंका है। ग्रामीणों से वन विभाग की टीम ने सावधानी पूर्वक रहने की अपील की।

# उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा में 'वैज्ञानिक परिवेश में अंधश्रद्धा उन्मूलन का महत्व पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ पाटन
www.dailypioneer.com






महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंर्तगत राष्ट्रीय सेवा योजना के सयुंक्त तत्वाधान में उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा में वैज्ञानिक परिवेश में अंधश्रद्धा उन्मूलन का महत्व के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक के रूप में प्रो. हरिभाऊ पाथोडे एवं रवीन्द्र खानविलकर (अखिल भारतीय अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति महाराष्ट्र) के द्वारा अंधश्रद्धा उन्मूलन के विषय पर महाविद्यालय के अधिकारी , कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को सारगर्भित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता, डॉ. अमित दीक्षित, अधिष्ठता उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा एवं अधिष्ठाता छात्रकल्याण, म. गां.उ.वा.वि.वि. दुर्ग, ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पी.के. तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार म. गां.उ.वा.वि.वि. दुर्ग एवं अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र साजा एवं नागपुरे उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 742 हितग्राहियो को सौंपा गया मकान की चाबी



पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आनलाईन वरचुवल मामध्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उड़िसा से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को संबोधित किया गया। उन्होने बताया कि हमारा उददेश्य है कि हर गरीब व्यक्ति के घर पर छत हो। सबको रोटी, कमड़ा, मकान के साथ साथ खुसहाल जीवन मिले। हम सब मिलकर अपने नगर, जिला एवं राज्य को खुसहाल बना सकते है। प्रधानमंत्री आवासयोजना के अंतर्गत मोर मकान मोर चिन्हारी, मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत 150 एवं बीएलसी घटक के 592 हितग्राहियो को महापौर नीरज पाल, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा द्वारा मकान की चाबी प्रदान की गई। सभी हितग्राही बहुत खुस थे, मकान प्राप्त करने वाली कौशल्या बाई नेताम ने बताया। मेरा बरसो का सपना साकार हो रहा है, मेरे परिवार के उपर छत होगा। साथ ही मेरे घर में शौचालय, पानी, बिजली, किचन के साथ मेरा मकान होगा। हम सब बहुत खुस है। कार्यक्रम के दौरान नेता सह प्रतिपक्ष दया सिंह, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, पार्षदगण, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, निगम आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन शिविरों का आयोजन अब 2 अक्टूबर तक

## आज शिवतराई में लगेगा शिविर

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पीएम जनमन न्याय महाअभियान के तहत पीव्हीटीजी बसाहटों में शासन की योजनाओं को हितग्राहियों को लाभ देने विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार जनमन शिविरों के सिलसले को आगे बढ़ाते हुए और जनजाति समूह को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने जनमन शिविर का आयोजन अब 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इन शिविरों का सिलसिला 20 सितम्बर से शुरू हो रहा है। कलेक्टर अवनीश शरण ने इन शिविरों में सभी संबंधित अधिकारियों को मौजूद रहकर पीव्हीटीजी को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। पीएम जनमन शिविर का आयोजन कोटा विकासखण्ड में 20 सितम्बर को ग्राम शिवतराई, 21 सितम्बर को ग्राम करका, 23 सितम्बर को ग्राम बहेरामुड़, 24 सितम्बर ग्राम आमामुड़ा, 25 सितम्बर को ग्राम खोंगसरा, 26 सितम्बर को ग्राम टांटीधार, 27 सितम्बर को ग्राम कुरदर, 28 सितम्बर को ग्राम करवा, 30 को ग्राम चपोरा, 1 अक्टूबर को ग्राम उमरिया दादर, 2 अक्टूबर को ग्राम परसापानी में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार मस्तूरी विकासखण्ड में 21 सितम्बर को ग्राम जेवरा एवं 23 सितम्बर को ग्राम खैरवारपारा में पीएम जनमन शिविर का आयोजन किया जाएगा। तखतपुर विकासखण्ड में 24 सितम्बर को ग्राम बरगन एवं 25 सितम्बर को ग्राम राम्हेपुर में जनमन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# जेएसपीएल में धूमधाम से मनी देव शिल्पी की जयंती उत्पादों व तस्वीरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती जिंदल स्टील एंड पॉवर में धूमधाम से भव्य समारोह के साथ मनाई गई। जेएसपी रायगढ़ के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय एवं पीके बीजू नायर ने संयंत्र में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने संयंत्र में तैयार होने वाले उत्पादों और जिंदल समूह से जुड़ी तस्वीरों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इस दौरान पूरे दिन कंपनी के गेट आम जनता के लिए खुले रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर देवशिल्पी का आशीर्वाद लिया।

भगवान विश्वकर्मा की जयंती मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर जेएसपी के सेंट्रल वर्कशॉप के सामने देव शिल्पी की प्रतिमा की स्थापना की गई। सुबह शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना कर प्रतिमा स्थापित की गई। जेएसपी रायगढ़ के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय एवं पीके बीजू नायर ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी विश्वकर्मा जयंती पर प्लांट का मेन गेट आम जनता के लिए खोल दिया गया था। सुबह से ही लोग यहां स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के दर्शन और प्लांट घूमने के लिए पहुंचने लगे। इनमें बड़ी संख्या पतरापाली, किरोड़ीमल नगर, गोरखा, भगवानपुर, खैरपुर, कोसमपाली, उच्चभिट्ठी, गोदामडीपा, धनागर, कलमी सहित आसपास के ग्रामीणों की थी। शहर से भी काफी लोग यहां पहुंचे थे। भगवान के दर्शन कर उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा भी भगवान विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। कंपनी के सभी वाहनों एवं उपकरणों की भी इस अवसर पर पूजाकृअर्चना की गई। सेंट्रल गैरेज के सामने छायाकार कमल शर्मा द्वारा जिंदल समूह से जुड़ी तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही कंपनी में तैयार होने वाले उत्पादों को भी यहां प्रदर्शन के लिए रखा गया था। कार्यपालन निदेशक ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। हजारों की संख्या में उमड़े लोगों ने प्रदर्शनी का बड़ी उत्सुकता से आनंद लिया। मानव संसाधन एवं कर्मचारी सेवाएं विभाग द्वारा आयोजन की पूरी व्यवस्था के साथ सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया। जेएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा ग्रामीणों को कैलेंडर का वितरण किया गया। भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर और जेएसपीएल समूह के सभी संयंत्रों की तस्वीरों से सजे इस कैलेंडर को लेने के लिए भी लोगों ने खासा उत्साह दिखाया। पूरे दिन संयंत्र परिसर में मेले सा माहौल रहा।

# स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई का निर्माण कार्य शुरू

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला अंतर्गत स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार 30 नवंबर तक कार्य पूर्ण होने का संकेत अधिकारी दे रहे हैं। आपको बता दें पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा महाविद्यालय का संचालन तीन वर्ष पूर्व विभाग के द्वारा करा दिया गया है। जिसका नवीन कॉलेज भवन का निर्माण 3 वर्ष से चल रहा है। कार्य को लेट लतीफदेख ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट में डालने के भी जानकारी सामने आई थी। लेकिन छत्तीसगढ़ शासन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए ठेकेदार को समय दिया और 30 नवंबर तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। यदि ठेकेदार को समय नहीं दिए होते तो कॉलेज का निर्माण कार्य रुक जाता क्योंकि प्रशासनिक कार्य में ही टेंडर कार्य लगते ही समय दो-चार महीना और लग जाता जिसको अधिकारियों ने अपने सूझबूझ से पुनः निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार के ऊपर भरोसा जताया और कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। विभागीय बैठक में जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने भी कॉलेज निर्माण में हो रही देरी को अधिकारियों से स्वागत कराया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए आज स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी आर के शुक्ला ने बताया कि शीघ्र ही नवीन कॉलेज का निर्माण कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा अक्टूबर तक नीचे फ्लोर में टाइल्स लगाकर कंप्लीट कर दिया जाएगा। ठेकेदार को 30 नवंबर तक समय दे दिया गया है उक्त समय में निर्माण कार्य पूर्ण कर दी जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन ने ठेकेदार को समय दिया है। समय में कार्य पूर्ण होगी। वहीं ठेकेदार ने भी मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि कार्य को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। लगातार कार्य स्थल पर आकर देख रेख कर रहा हूं 19 सितंबर तक ऊपर का स्लैप कंप्लीट कर दिया जाएगा। नीचे फ्लोर को अक्टूबर माह में ही कंप्लीट कर संस्था के प्राचार्य को अवगत करा दिया जाएगा। वही ग्राम पंचायत के युवा सरपंच निर्मल जैन ने भी कॉलेज निर्माण के कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी समय के अनुसार कार्य पूर्ण यदि होती है तो बहुत खुशी की बात है।

## पं.प्रदीप मिश्रा ने किया रूद्रेश्वर महादेव का अभिषेक, लिया आर्शीवाद

**धमतरी।** 20 से 24 सितंबर तक कुकरेल के ग्राम कांटाकुर्रीडीह में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अंर्तराष्ट्रीय कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा कथा का श्रवण करायेगे। गुंरूवार को बांसपारा कुकरेल से कलश यात्रा कथा स्थल तक निकाली गई। पं प्रदीप मिश्रा दोपहर को रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे जहां पर आयोजन समिति के सदस्यो ने उनका स्वागत किया वहां से उनका काफिला बाईपास होते हुए धमतरी रूद्रेश्वर महादेव पहुंचा जहां पर उन्होने रूद्रेश्वर महादेव का अभिषेक कर आर्शीवाद प्राप्त किया इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**
दूरभाष - 0771-252278 E-mail : cmonarayanpur@rediffmail.com

क्रमांक/1155/मु.न.अ./न.पा.परि./2024 नारायणपुर, दिनांक 19/09/2024

**// दावा आपत्ति सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद् नारायणपुर क्षेत्रान्तर्गत मैनुअल स्कैवेंजर (अस्वच्छ सफाई कामगार/मेहत्तर) एवं अस्वास्थ्यकर शौचालायों में सर्वे कार्य कराया गया। सर्वे उपरांत पाया गया कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत मैनुअल स्कैवेंजर (अस्वच्छ सफाई कामगार/मेहत्तर) एवं अस्वास्थ्यकर शौचालयों में कार्यरत नहीं पाया गया है। उक्त घोषणा हेतु दावा आपत्ति दिनांक 04.10.2024 तक निर्धारित है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नारायणपुर

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**// (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**
Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 158356 प्रथम आमंत्रण 09.09.2024 | ककनार (पालम) से धर्माबेड़ा मार्ग कुल लंबाई 12.65 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 1210.25 |
| 2 | 158358 प्रथम आमंत्रण 09.09.2024 | जिला सुकमा के ग्राम झापरा से पुसपल्ली मार्ग कि.मी. 1/2 से 11/8 कुल लंबाई 10.80 कि.मी. मार्ग निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित। | 794.86 |
| 3 | 158447 द्वितीय आमंत्रण 10.09.2024 | जिला सूरजपुर के प्रतापपुर में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण कार्य। | 700.44 |
| 4 | 158533 प्रथम आमंत्रण 12.09.2024 | जिला रायपुर के उरला (सिलतरा) में नवीन अग्निशमन केन्द्र भवन का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित। | 205.57 |
| 5 | 158550 प्रथम आमंत्रण 12.09.2024 | तुलसाघाट से लपटी रपटा तक मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 240.27 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 03 दिनांक 26.09.2024, सं.क्रं. 04 दिनांक 03.10.2024, सं.क्रं. 05 दिनांक 04.10.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 30.09.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-242502576/9

**विधायक ने आवास की सौंपी चाबी**

# रिसाली को स्वच्छ बनाने विधायक की अगुवाई में बनी मानव श्रृंखला

पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com





विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा ने रिसाली को स्वच्छ बनाने श्रमदान किया। नहर के एक हिस्से की सफाई कर मानव श्रृंखला बनाकर भागीदारी सुनिश्चित करने संदेश दिया। वे सुबह 9 बजे स्वच्छता में जनभागीदारी कार्यक्रम में शामिल होने कल्याणी मंदिर के निकट पहुंचे थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पहले स्थल निरीक्षण किया। बाद में वार्ड 7 वार्ड 13 व 14 से होकर गुजरने वाली नहर को निश्चित समय सीमा में साफ करने का लक्ष्य निर्धारित करते श्रमदान किया। उन्होंने नहर से निकलने वाले कचरे को साफकरने में हाथ बढ़ाया। अपने हाथों से पहले कचरा को एकत्र किया और बाद में सहयोगियों की मदद से कचरे को ट्रेक्टर तक पहुंचाया। इस अवसर पर एमआईसी सनीर साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद विधि यादव, रमा साहू, सविता ढवस, ममता सिन्हा, शीला नारखेड़े, सरीता देवांगन, माया यादव, टीकम साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, आदि उपस्थित थे। एक किलोमीटर से अधिक मानव श्रृंखला-आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत श्रमदान से हुआ। बाद में विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा की अगुवाई में कर्मचारियों और नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाई जो बीआरपी गेट पहुंच मार्ग के मोड़ तक पहुंची। इसका मुख्य उद्देश्य शहर को साफसुथरा करने हम सब एक है। 'एक पेड़ मां के नाम' विधायक ने रोपा पौधा-दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने प्रथम प्रवास के दौरान शीतला मंदिर के किनारे पौध रोपण करने निर्देश दिए थे। इसी जगह पर रिसाली नगर पालिक ने मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम लगवाया। विधायक, महापौर व अतिथियों ने फलदार पौध का रोपण किया। बाद में विधायक ने उपस्थित जन समुदाय को प्रत्येक सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने शपथ दिलाई।

**वर्तमान दर के आधार पर मकान बनाने अंशदान**-नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में रहने वाले ऐसे हितग्राहियों को आवास की चाबी (प्रतीकात्मक) सौंपा जिनका प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हो चुका है। 300 से अधिक हितग्राहियों को विधायक ललित व आयुक्त मोनिका वर्मा ने प्रमाण पत्र भी दिए। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे चरण 2.0 (प्रधानमंत्री आवास) की आज से शुरूआत की है। समय के साथ भवन निर्माण सामाग्री के मूल्य में वृद्धी हुई है। इसलीए हितग्राहियों के अंशदान में वृद्धी होगी। उन्होंने छुटे हुए हितग्राहियों को प्रेरित कर आवास स्वीकृत कराने का अनुरोध किया। अतिथियों का स्वागत आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। स्वागत उद्बोधन सभापति केशव बंछोर ने किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, टिकम साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने ओड़िसा राज्य में हुए पी.एम. नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

## संपादकीय

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सौ दिन

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की सरकार ने सौ दिन में काफी उपलब्धियां प्राप्त की हैं, हालांकि उसके सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने अपने कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। सरकार लगातार 'न्यू इंडिया' का अपना दृष्टिकोण आगे बढ़ा रही है जो विकास, वैश्विक नेतृत्व तथा समावेशी प्रगति से संचालित है। लेकिन प्रशासनिक जटिलताओं तथा विकसित होते राजनीतिक परिदृश्य से कुछ नई चुनौतियां पैदा हो सकती हैं जिन पर सरकार सावधानी से ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने मोटेतौर से अपनी पुरानी कैबिनेट बनाए रखी है। तीसरे कार्यकाल में पहले दो कार्यकालों की तुलना में भाजपा की सहयोगियों पर निर्भरता थोड़ी बढ़ी है, लेकिन इसके बावजूद नीतियों में निरंतरता बनी हुई है। सरकार ने लचीलापन दिखाते हुए 'लेटरल इंट्री' तथा 'प्रसारण विधेयक' पर गहन विचार-विमर्श का फैसला किया है। मोदी के तीसरे कार्यकाल की एक प्रमुख उपलब्धि भारत की वैश्विक पहचान में लगातार विस्तार है। यूक्रेन और रूस की उनकी हाई-प्रोफाइल यात्राओं ने प्रशंसा प्राप्त की है जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों पक्षों से 'एकसाथ बैठने और बातचीत करने' का सुझाव दिया था। इसके साथ ही सिंगापुर और ब्रूनेई की उनकी यात्रा से भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट' पहल को बल मिला है। वास्तव में सरकार ने अपनी विदेश नीति मजबूत करने के साहसी कदम उठाए हैं जिसमें अमेरिका, रूस और चीन के साथ संतुलन बनाना शामिल है।



पहले सौ दिन में सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूर किया है जो सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाईअड्डों पर केन्द्रित हैं। रोजगार सृजन के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ा कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है। 9.3 करोड़ किसानों को 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' के अंतर्गत 20,000 करोड़ रुपये वितरित करने के साथ ही कृषि क्षेत्र में प्रगति के उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा एमएसपी वृद्धि से 12 करोड़ किसानों को लाभ होगा। दूसरी और तीसरी श्रेणी वाले शहरों में स्टार्टअप की सहायता के लिएए 'जेनेसिस' कार्यक्रम शुरू किया गया है तथा युवा रोजगार के लिए 2 लाख करोड़ का पैकेज पेश किया गया है जिससे पांच साल में 41 मिलियन नौजवान लाभान्वित होंगे। एक करोड़ से अधिक 'लखपती दीदियां' बनने के साथ महिला सशक्तीकरण को गति मिली है। सुरक्षा मोर्चे पर त्रिपुरा में एक शांति समझौता किया गया है तथा 'समन्वय' प्लेटफार्म व 'साइबर फ्राड मिटिगेशन सेंटर' जैसे कदम साइबर अपराधों का मुकाबला करने के लिए उठाए गए हैं। वास्तव में मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल के अंत में ही अगली सरकार के सौ दिन का रोडमैप तैयार कर लिया था और सरकार अब उस पर तेजी से आगे बढ़ रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार संसद से 'एक देश एक चुनाव' तथा 'वक्फ संशोधन विधेयक' पास कराएगी। 'एक देश एक चुनाव' की रूपरेखा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने बनाई थी। विपक्ष की आलोचनाओं और आशंकाओं के बावजूद राजग के प्रमुख घटकों जदयू और टीडीपी ने इसका समर्थन किया है। नीतीश कुमार और चंद्र बाबू नायडू का मानना है कि देश में बार-बार चुनाव होने से प्रगति में बाधा आती है। हालांकि, इसे लागू करने के लिए अनेक संविधान संशोधनों की आवश्यकता होगी, लेकिन सरकार का विश्वास है कि वह इसमें सफल होगी। पहले सौ दिन के कामकाज से स्पष्ट है कि मोदी सरकार तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व तेजी और दृढ़ता से काम करेगी जिसका वादा उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान किया था।

# म्यांमार में सैनिक शासन पर संकट

म्यांमार में पहली बार सैनिक शासक शक्तिशाली नस्ली सैन्य संगठनों तथा जन रक्षा बलों के गठबंधन के मुकाबले में पीछे हट रहे हैं। ऐसे में भारत को सतर्क और सावधान रहना होगा।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



म्यांमार में पहली बार सैनिक शासक शक्तिशाली नस्ली सैन्य संगठनों तथा जन रक्षा बलों के गठबंधन के मुकाबले में पीछे हट रहे हैं। 3 सितंबर को मांडले में सरकारी सेनाओं के सेंट्रल कमांड के मुख्यालय 'पैलेस आफ मांडले' पर पहली बार राकेट हमला हुआ। मांडले म्यांमार में राजधानी यंगून के बाद दूसरा सबसे बड़ा शहर है। सैनिक शासकों के खिलाफ जन-विद्रोह व नस्ली सेनाओं के सामने दक्षिण पश्चिमी राखीन प्रांत में जल्द ही सैनिक शासन समाप्त हो सकता है। इस कारण दो रणनीतिक बंदरगाह भी विद्रोहियों के कब्जे में आ सकते हैं जिनमें से सिटवे को भारत को तथा कायुकफू को चीन को पट्टे पर दिया गया था। इस प्रकार सैनिक शासक के कब्जे में केवल मानुंग ही बचेगा। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि अतीत में म्यांमार में सैनिक विद्रोह कभी विफल नहीं हुए थे।

म्यांमार के पास दक्षिणपूर्व एशिया में सबसे बड़ी सेना है और वह अतीत में भी विद्रोहों से निपटती रही है। 1932 के बाद से थाईलैंड में रिकार्ड 32 सैनिक विद्रोह हुए हैं और इस दृष्टिकोण से वह कुख्यात है। इसके लगभग चार साल बाद से जनरल मिन आंग हिलांग नीत सैनिक शासक म्यांमार में युद्ध कर रहा है और पराजय की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इस बार उसकी लड़ाई बौद्ध भिक्षुओं या सिविल सोसाइटी के बजाय सुसंगठित बलों से हो रही है। यह 'इथनिक आर्म्ड आर्गेनाइजेशन्स'-ईएओ, स्थानीय मिलिशिया तथा नए जन-रक्षा बल के खिलाफ युद्ध कर रहा है जिसका जन्म सत्ता से बेदखल की गई नेता आंग सान सूकी की 'नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी' से हुआ है जो स्वयं को 'नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट'-एनयूजी कहती है। ये म्यांमार में सैनिक शासक का मुकाबला करने वाले प्रतिरोधी बल हैं।

म्यांमार में सैनिक शासक अब तक विद्रोहियों से निपटने तथा विद्रोहों को कुचलने में सफल रहे हैं। इसके लिए उन्होंने युद्धविराम समझौतों के माध्यम से स्वायत्ता या स्वतंत्रता की घोषणा की है। म्यांमार की सेना जल-थल-नभ, यानी तीनों अंगों वाली सेना है और यह विद्रोहों से निपटने में माहिर है। ऐसे में सैनिक शासक का पीछे हटना आश्चर्यजनक लगता है। सैनिक शासक को युद्धभूमि में भयानक नुकसान हुए हैं। उसने लगातार अपने कब्जे वाला क्षेत्र खोया है तथा बड़ी संख्या में हताहत सैनिकों के कारण अब उसकी सेना लड़ाई से थक गई है। अपनी ही जनता के खिलाफ लड़ने के कारण सैनिकों और जनरलों की 'सोच' पर व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

ऐसे में सेना के भीतर से अपने शासकों के खिलाफ विद्रोह की संभावना लगातार मजबूत हो रही है। विश्वसनीय स्त्रोतों के अनुसार, सैनिक शासन अपना 70 प्रतिशत क्षेत्र खो चुका है। हालांकि, प्रतिरोधी बलों का उस पूरे क्षेत्र पर कब्जा नहीं है जो सैनिक शासन ने खोया है क्योंकि उनके पास क्षेत्र को अपने कब्जे में लगातार बनाए रखने की क्षमता नहीं है।

लेकिन प्रतिरोधी बलों का उन प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जा है जो सीमाओं से सटे हैं और जिनको सैनिक शासन को छोड़ना पड़ा है अथवा वहां से उसके सैनिक भाग गए हैं। सैनिक शासक वर्तमान समय में सैनिकों की कमी का अनुभव कर रहे है और इस कारण वे व्यापक रूप से विनाशकारी हमले करते हुए 'स्कार्चड अर्थ' नीति पर काम कर रहे हैं। इसमें तोपखाने, हेलीकाप्टरों व विमानों से भारी बमबारी शामिल है। इस प्रकार यूएनएचआरसी के वोल्कर टोल्कर के अनुसार वे अपनी पराजय से बचने के लिए नरसंहार कर रहे हैं। इस कारण लगभग 400,000 लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और उनमें से बहुत से सीमायें पार कर बांग्लादेश, भारत, चीन और थाईलैंड चले गए हैं। उत्तरी शान प्रांत में सैनिक शासन को चीन के साथ व्यापार मार्ग छोड़ने पड़े हैं।

इसके साथ ही थाईलैंड सीमा पर स्थित म्यावाडी में करेनी नेशनल आर्मी का नियंत्रण है। इसके साथ ही सैनिक शासक विद्रोहियों या पीडीएफ का बांग्लादेश और मिजोरम से सटे चिन राज्य तथा मणिपुर सीमा से सटे सैगांग क्षेत्र पर कब्जा है। चिनलैंड में रहने वाले कुकी-जो-चिन नस्ली रूप से मिजो के समान हैं। चीनियों के राखीन राज्य में सक्रिय अराकान सेना के साथ सक्रिय संबंध हैं। यह क्षेत्र भारत की मल्टी-मोडल कलादान नदी के सामने है और राखीन में भारत द्वारा संचालित सिट्वे बंदरगाह को जोड़ती है। सिट्वे बंदरगाह परियोजना भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रकार म्यांमार के सैनिक शासक को चिन, राखीन, सैगांग व मागवे से पीछे धकेला गया है। यह क्षेत्र भारतीय सीमा से सटा है। अत: वर्तमान स्थितियों को देखते हुए नई दिल्ली को वहां नए सत्तारूढ़ बलों से संपर्क करना चाहिए। लेकिन यह समस्या का कारण भी बन सकता है क्योंकि चीनी इस क्षेत्र में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। इस क्षेत्र में उथलपुथल का प्रभाव मणिपुर पर पड़ सकता है जो वर्तमान समय में अंतर-नस्ली टकराव का सामना कर रहा है।

सितंबर के प्रारंभ में विद्रोह का सामना कर रहे जनरल हिलांग ने प्रतिरोधी बलों द्वारा कब्जा किए क्षेत्रों में रहने वाले सिविलियनों को चेतावनी दी थी कि वे जल्द ही क्षेत्र पर कब्जे के लिए जवाबी हमला करेंगे। उन्होंने घोषणा की थी कि शान राज्य में सक्रिय 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' एक आतंकी संगठन है। इसमें सेना की सम्मानित नार्थईस्ट कमांड पर कब्जा करने वाली अराकान आर्मी शामिल है जिसने शान राज्य में लाशियो पर कब्जा किया है और अब उसके हमलों से मांडले में सेंट्रल कमांड मुख्यालय भी खतरे में पड़ गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सैनिक शासक अनेक मोर्चों पर कहां तक लड़ सकेंगे। जनरल हिलांग ने लगातार आपातकाल बढ़ाया है तथा वे चुनावों की पैरवी कर रहे हैं, लेकिन यह संभव नहीं लगता है। उन्होंने सैनिक शासन समर्थक देशों जैसे आशियान के लाओस से सहायता लेने से इनकार कर दिया है जो वर्तमान समय में इस संगठन का अध्यक्ष है। इसके साथ ही उन्होंने पीडीएफ और ईएओ के साथ संवाद शुरू करने के कंबोडिया और थाईलैंड के प्रस्ताव भी अस्वीकार कर दिए हैं। उनको लगता है कि वे अभी भी लाभ की स्थिति में हैं। देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है, इसलिए युद्ध अनिश्चित काल तक नहीं चलाया जा सकता है। चीन ने लगातार सैनिक शासक तथा उत्तर और पश्चिम में कुछ ईएओ को समर्थन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चीन और रूस सैनिक शासन को हथियारों की सप्लाई के मुख्य स्त्रोत हैं, हालांकि भारत ने भी उसे गैर-घातक हथियार दिए हैं। म्यांमार की सेना में टैंक, तोपखाना और छोटे हथियार चीनी हैं। यही स्थिति परिवहन और लड़ाकू विमानों की है। इसी प्रकार नौसेना को भी चीन हथियार दे रहा है, जबकि भारत ने कुछ तटरक्षक पोत दिए हैं।

रूसी मिग 29 व एसयू 30 की मरम्मत एचएएल में होती है और भारत ने उसे हवाई ईंधन भी दिया है। नई दिल्ली ने युद्धविराम तथा लोकतंत्र की वापसी का आह्वान किया है, पर सैनिक शासक को उसका समर्थन जारी है। भारत ने दो दशक पहले सैनिक शासक के बजाय एनएलडी का समर्थन किया था जिससे चीन का उभार हुआ। भारत ने इससे सबक सीखा। हालांकि बीजिंग के साथ सैनिक शासक के संबंध भी उतार-चढ़ाव वाले हैं, पर निकटता व अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व के कारण वह उसका समर्थन लेने को मजबूर है। बदलती हुई जमीनी स्थितियों को देखते हुए भारत को अपनी नीति की समीक्षा करने के साथ सीमान्त क्षेत्रों पर नियंत्रण करने वाले बलों से संपर्क करना चाहिए। मणिपुर में स्थिति सुधारने के लिए अराकान आर्मी तथा चिनलैंड अधिकारियों के साथ कामकाजी संबंध होने चाहिए।

भारत को बमबारी के कारण अपने घरों से पलायन को मजबूर लोगों के लिए मानवीय सहायता के गलियारे बनाने पर विचार करना चाहिए। भारत आशियान पड़ोसियों के साथ अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति पर लगातार जोर दे रहा है, लेकिन इसका क्रियान्वयन म्यांमार से थाईलैंड को जोड़ने वाले 'ट्राईलैटरल हाईवे' को कारगर बनाने तथा सिट्वे बंदरगाह से पलेटवा व मिलोराम के बीच कलादान नदी परियोजना को अमल में लाने से ही संभव होगा। भारत के पूर्वी व पश्चिमी सिरे तथा खासकर पूर्वी क्षेत्र बांग्लादेश व म्यांमार के बीच होने के कारण संकटग्रस्त है। ऐसे में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश से पैदा खतरे को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

# आजीवन चलती है सीखने की प्रक्रिया

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



"जीवन में शिक्षा ग्रहण करने की प्रक्रिया सतत रूप से चलती रहती है। हर अनुभव हमारी समझ को आकार देता है"

जब से हम पैदा होते हैं, तब से लेकर मरने तक, हम जीवन में कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। चाहे हम चाहें या न चाहें, हम सीखना बंद नहीं कर सकते क्योंकि सीखने की प्रक्रिया के बिना जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। हमारा पूरा जीवन अनुभवों का एक समूह है और बदले में, एक शिक्षा है, जहां हम सभी हर पल और हर जगह सीखने की मुद्रा में रहते हैं। चेतन प्राणी होने के नाते, इंद्रियों के होने के कारण, जिन्हें ज्ञान के पांच द्वार भी कहा जाता है, हम अपने स्वभाव से ही धारणा बनाए बिना नहीं रह सकते।

हमारे कान हमेशा खुले रहते हैं, इसलिए हम लगातार सुनते रहते हैं। हमारे कानों से हमारे दिमाग तक पहुँचने वाले शब्द ऐसे होते हैं जैसे हम लगातार सबक लेते रहते हैं। इसी तरह, हम पूरी दुनिया को अपनी आँखों से देखते हैं, जिससे हम अच्छी और बुरी दोनों ही चीज़ें सीखते हैं। हमारी त्वचा या स्वाद कलिकाओं के माध्यम से हमें जो विद्युत आवेग प्राप्त होते हैं, वे हमारे मस्तिष्क तक पहुंचते हैं जो हमारे लिए एक तरह की सीख भी है। हालाकि, हमें इस तथ्य को समझना चाहिए कि सीखने की उपरोक्त सभी प्रक्रियाएँ हमारे मस्तिष्क में मौजूद जागरूकता या चेतना द्वारा होती हैं, जिसके बिना सीखना असंभव है।

एक बार जब हम अपनी पढ़ाई पूरी कर लेते हैं, तो हमें लगता है कि हमारे जीवन का शिक्षा चरण आखिरकार खत्म हो गया है और अब समय आ गया है कि हम दुनिया में जाकर सफलता के उच्चतम स्तर को प्राप्त करें। लेकिन क्या यह बहुत ही सामान्य और अजीब विचार नहीं लगता? कि हमें अपने जीवन का केवल एक चौथाई हिस्सा सीखने के लिए समर्पित करना चाहिए, और फिर हमें अपने जीवन के बाकी हिस्से में बस अपनी उपलब्धियों पर आराम करना चाहिए? अच्छा!! ऐसा कहा जाता है कि सीखने से दिमाग कभी नहीं थकता, तो हम औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने तक सीखने की प्रक्रिया को क्यों सीमित रखते हैं? सिर्फ़ इसलिए कि आपने अपनी औपचारिक शिक्षा पूरी कर ली है, इसका मतलब यह नहीं है कि आपकी शिक्षा समाप्त हो गई है!



यह एक बहुत ही गलत विचार है, लेकिन दुर्भाग्य से, हममें से अधिकांश लोगों ने इसे अवचेतन रूप से आत्मसात कर लिया है। ? याद रखें!! केवल एक मृत शरीर ही सीखने की प्रक्रिया में भाग लेना बंद कर देता है, न कि वे जो जीवन के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। हमारा जीवन अनुभवों की एक श्रृंखला है, जिनमें से प्रत्येक हमें प्रबुद्ध बनाता है, भले ही कई बार इसे महसूस करना कठिन हो।

हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हम जो असफलताएँ और दुख सहते हैं, वे हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए हमें हमेशा हर चीज के बारे में कुछ न कुछ सीखना चाहिए और हर चीज के बारे में कुछ न कुछ सीखना चाहिए। जीवन की यात्रा के दौरान हम लगातार कुछ ऐसे सबक सीखते रहते हैं, जिनके परिणामस्वरूप हमारे कर्मों के अनुसार संस्कार बनते हैं। इसलिए अगर हम यह स्पष्ट रूप से जानते हैं कि सीखना अपरिहार्य है और हम हमेशा अच्छी या बुरी चीजें सीखते रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अच्छे या बुरे संस्कार बनते हैं, जो हमें खुशी या दुख देते हैं, तो हम कभी नहीं कहेंगे कि हमारे पास सीखने के लिए समय नहीं है या कोई रुचि नहीं है। इसी तरह अगर हम जानते हैं कि हमारे संस्कार हमारे जन्म-जन्मांतर के साथ चलते हैं, तो हम अच्छी चीजें सीखने और बुरी चीजों को छोड़ने में अधिक सावधान रहेंगे, क्योंकि शिक्षा एक ऐसा अमृत है जो हमें स्वस्थ मन और शरीर के साथ-साथ एक स्थायी फलदायी जीवन दे सकता है।

हम सभी को प्रबुद्ध होने की आवश्यकता है और हमें अपने विचारों, वाणी और कार्यों की गुणवत्ता में तत्काल सुधार करने की आवश्यकता है। चूंकि हम चाहकर भी सीखने से बच नहीं सकते, तो फिर हम अपने अंदर नैतिक मूल्यों, सद्गुणों या अच्छे गुणों को क्यों नहीं अपनाते, ताकि हम पूर्णता की ओर प्रगति कर सकें? हम यह कहकर कि हमारे पास समय नहीं है या हमारी कोई रुचि नहीं है, बेकार के बहाने बनाकर क्या हासिल करते हैं? हमें किसमें रुचि है? क्या हमें अपने पतन, क्षय या विनाश में रुचि है? बुराइयों, बुराइयों और कीचड़ के दलदल में डूबते-उतराते रहना है? याद रखें!! हम जितना विलंब करेंगे, हमारी स्थिति उतनी ही खराब होगी और हमारे लिए अपने तरीकों को सुधारना उतना ही मुश्किल होगा।

जैसा कि पहले कहा गया था, सीखने की प्रक्रिया निरंतर और निरंतर होती है और इसलिए किसी ने सही कहा है कि हम हर दिन सीखते हैं और अहंकार और इस धारणा को त्याग देते हैं कि मैं सब कुछ जानता हूं। इसलिए हम इसे रोक नहीं सकते, भले ही हम अपनी पूरी कोशिश करें, अपनी पूरी ताकत लगा दें। तो क्यों न हम सतर्क रहें और सही रास्ते पर चलें जो हमें जीवन की त्रासदियों, आघातों, तनावों और उथल-पुथल से बचाए? इसका जवाब हमारे भीतर है।

# भारतीय लोकतंत्र को दुनिया में सराहा जाता है, भारत की धर्मनिरपेक्षता अपने ऐतिहासिक संदर्भ में निहित है

**भारत,** जिसे अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में सराहा जाता है, धर्म और राज्य के बीच एक अनूठा और जटिल संबंध प्रस्तुत करता है। कई पश्चिमी देशों के विपरीत, जो अपनी सख्त परिभाषा के अनुसार धर्मनिरपेक्षता का पालन करते हैं, भारत का धर्मनिरपेक्षता के प्रति दृष्टिकोण अलग है, जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को दर्शाता है। जबकि भारत में एक विविध धार्मिक परिदृश्य हो सकता है, इसका संविधान स्पष्ट रूप से एक धर्मनिरपेक्ष राज्य को अनिवार्य करता है, जो धर्म और सरकार के स्पष्ट पृथक्करण को दर्शाता है। लेख का उद्देश्य धर्मनिरपेक्षता के प्रति भारत के अनूठे दृष्टिकोण की पेशकश बस करना है, जबकि यह विश्लेषण करना भी है कि यह अपने संबंधित समाजों के भीतर धर्म और राज्य की अंतः क्रियाओं की जटिलताओं को कैसे नेविगेट करता है।

भारत की धर्मनिरपेक्षता अपने ऐतिहासिक संदर्भ में निहित है, जहाँ धार्मिक बहुलवाद लंबे समय से राष्ट्र की एक परिभाषित विशेषता रही है। देश में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और कई अन्य सहित कई तरह के धार्मिक समुदाय रहते हैं। इस बहुलवाद ने एक अलग तरह की धर्मनिरपेक्षता की आवश्यकता को जन्म दिया है, जो धर्म और राज्य के बीच कठोर अलगाव पर जोर नहीं देती बल्कि सभी धर्मों के लिए समान सम्मान और व्यवहार का लक्ष्य रखती है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत, जो गैर.स्थापना के सिद्धांत का पालन करता है, भारत में धर्म और राज्य के बीच अलगाव की दीवारष् नहीं है। इसके बजाय, राज्य सभी धर्मों के प्रति तटस्थता और समान व्यवहार का रुख रखता है। धर्मनिरपेक्षता के इस मॉडल की अक्सर प्रशंसा की जाती है क्योंकि यह सार्वजनिक क्षेत्र में सभी धार्मिक समुदायों को शामिल करने की अनुमति देता है, जिससे विविध समूहों के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ावा मिलता है। जबकि भारतीय संविधान धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है और धार्मिक आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है, यह धार्मिक मामलों में एक निश्चित स्तर के राज्य हस्तक्षेप की भी अनुमति देता है। यह कई प्रावधानों में स्पष्ट है जो राज्य को सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के हित में धार्मिक प्रथाओं को विनियमित या प्रतिबंधित करने की अनुमति देते हैं। उदाहरण के लिए, संविधान का अनुच्छेद 25 धर्म को मानने, उसका अभ्यास करने और उसका प्रचार करने की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, लेकिन यह राज्य को इन अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। इसके अलावा, भारतीय राज्य धार्मिक संस्थानों के प्रशासन में सक्रिय भूमिका निभाता है। धार्मिक बंदोबस्त, मंदिर और तीर्थस्थलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों में अक्सर राज्य की निगरानी के प्रावधान शामिल होते हैं। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों में हिंदू मंदिरों का प्रबंधन ऐसे कानूनों द्वारा विनियमित किया जाता है, जिनके तहत इन धार्मिक संस्थानों की निगरानी के लिए राज्य द्वारा नियुक्त अधिकारियों की आवश्यकता होती है। यह दृष्टिकोण धार्मिक स्वतंत्रता को सामाजिक सुधार और सार्वजनिक कल्याण की आवश्यकता के साथ संतुलित करने के भारत के प्रयास को दर्शाता है।धर्मनिरपेक्ष भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को मिलने वाले अधिकारों की तुलना पड़ोसी धर्म.आधारित राज्यों से करने पर, बहुत अंतर सामने आता है। भारत, अपनी चुनौतियों के बावजूद, धार्मिक स्वतंत्रता और कानून के तहत समान व्यवहार की संवैधानिक गारंटी प्रदान करता है। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों, जैसे कि मुस्लिम, ईसाई, सिख और अन्य को अपने स्वयं के शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनके प्रबंधन करने का अधिकार है, अपने पूजा स्थलों का प्रबंधन करें और अपने धार्मिक रीति.रिवाजों का पालन करें, कुछ राज्य विनियमन के साथ। इसके विपरीत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश, जो मुख्य रूप से मुस्लिम हैं और इस्लाम को राज्य धर्म के रूप में पहचानते हैं, अक्सर अल्पसंख्यकों की धार्मिक प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाते हैं। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान में, हिंदू, ईसाई और अहमदी जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों को कानूनी और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने के लिए कुख्यात हैं, जिसके कारण इस्लामी मान्यताओं का अपमान करने वालों को मौत सहित गंभीर दंड दिया जाता है। विशेष रूप से अहमदी, संवैधानिक रूप से गैर.मुस्लिम घोषित हैं और उन्हें खुद को मुस्लिम कहने या अपने धर्म का खुले तौर पर पालन करने से प्रतिबंधित किया गया है। इसी तरह, बांग्लादेश में, जबकि संविधान ने शुरू में धर्मनिरपेक्षता की घोषणा की, बाद में इस्लाम को राज्य धर्म घोषित कर दिया गया। हालाँकि हिंदू और ईसाई जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों को कुछ संवैधानिक सुरक्षाएं प्राप्त हैं, लेकिन उन्हें अक्सर सामाजिक भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, निहित संपत्ति अधिनियम का उपयोग ऐतिहासिक रूप से हिंदू.स्वामित्व वाली संपत्ति को जब्त करने के लिए किया गया है, जिससे समुदाय के आर्थिक हाशि, पर जाने में योगदान मिला है। भारत का मॉडल, हालाँकि खामियों से रहित नहीं है, यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि सभी धार्मिक समुदायों को राज्य के हस्तक्षेप या पक्षपात के बिना अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता हो। अपने पड़ोसियों के साथ इसकी विषमता, एक ऐसे क्षेत्र में धर्मनिरपेक्ष राज्य को बनाए रखने की चुनौतियों और जटिलताओं को उजागर करती हैए जहां धर्म अक्सर राष्ट्रीय पहचान में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

**–अल्ताफमीर,** पीएचडीस्कॉलर
जामियामिलियाइस्लामिया

# जिला प्रशासन पहुचा ग्रामीणों के द्वार, जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या से हुए रूबरू

## जिले का चौथा जिला जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ ग्राम धनेली में, कुल 388 आवेदन मांग और शिकायत के हुए प्राप्त




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

एक बार फिर मौका था जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का। जो कि गुरुवार को गुरुर ब्लॉक के ग्राम धनेली में आयोजित किया गया। इस गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए बहुत दिनों बाद एक ऐसा अवसर आया, जब इस क्षेत्र के ग्रामीणों को अपनी समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट या फिर विभागों के पास नही जाना पड़ा, उन्हें जिला मुख्यालय की ओर रुख नही करना पड़ा। बल्कि स्वंय जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं से रूबरू होने गांव तक पहुचा। जहां कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ समेत तमाम विभाग के आलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार को अपने बीच पाकर ग्रामीणजन बेहद प्रसन्न नज़र आए। अवसर था, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का, जो की जिले का चौथा जिला जनसमस्या निवारण शिविर गुरुर जनपद क्षेत्र के ग्राम धनेली में आयोजित हुआ। जहां जिला प्रशासन स्वंय गांव पहुच ग्रामीणों की समस्या को न सिर्फ सुना बल्कि जो समस्या त्वरित हल करने लायक थी, उसे तत्काल निराकरण भी किया गया। इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां विभाग के आलाधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। आवेदन को लेने अलग से पंजीयन काउंटर बनाया गया था, जहां आवेदकों ने अपना आवेदन जमा किया, फिर वो आवेदन जिस भी विभाग से सम्बंधित रहता शिविर में मौजूद कोटवार के द्वारा उस विभाग के स्टॉल में आवेदन ले जाकर उसे दे दिया जाता रहा। इस दौरान गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को पोषण कीट भी वितरित किया गया। वही ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने रबी फसल में धान के बदले अन्य फसल लेने की अपील की और कहा की गुरुर जिले के कृषि प्रधान क्षेत्र हैं। आने वाले दिनों क्षेत्र में कृषि जन चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, भाजपा नेता राकेश यादव, सौरभ लुनिया, जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू, एसडीएम प्राची ठाकुर, जनपद सीईओ उमेश रात्रे, जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू, ग्राम पंचायत धनेली के सरपंच, सहित क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि और ग्रामीण व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### शराबी वाहन चालकों पर करें कार्यवाही

वही विधायक संगीता सिन्हा ने अपने संबोधन में अधिकारियों से कहा कि जो आवेदन शिविर में आये है उसका निराकरण समय पर करें। और जो आवेदन समय पर निराकरण नही किया जाता है तो उस आवेंदनकर्ता को समय सुनिश्चित कर बताया जाए। एक समय निर्धारित कर समय दिया जाए। उसे दोबारा विभाग के चक्क र न लगाना पड़े। वही विधायक ने बुधवार को झलमला में नशे में धुत एक स्कूल वाहन चालक द्वारा वाहन में सो जाने और 2 घँटे तक मासूम बच्चों के रोते बिलखते हुए मामले में जिला एवं पुलिस प्रशासन को कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि शराब के नशे में स्कूल वाहन चलाने वाले चालकों कड़ी कार्यवाही करें।

### जनपद पंचायत के सर्वाधिक आवेदन

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 388 आवेदन मांग और शिकायत के प्राप्त हुए है, जिसमें 250 आवेंदनो का निराकरण मौके पर ही किया गया और 138 आवेंदनो का निराकरण शेष हैं। जिसमे सर्वाधिक आवेदन गुरुर जनपद पंचायत को 259 प्राप्त हुए, जिसमें 196 मौके पर ही निराकृत किये गए और 63 आवेदन लंबित है। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग को 25, तहसीलदार गुरुर को 50, खाद्य विभाग को 4, कृषि विभाग को 9, जिला शिक्षा को 5, पीएचई को 1 और श्रम विभाग को 6 मांग आवेदन के प्राप्त हुए। बता दे कि जिन प्रकरणों का निराकरण मौके पर नही किया गया है उसे प्रकरण के निराकरण के लिए 15 से 45 दिन का समय निराकरण हेतु लिया गया है।

हर ब्लॉक में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर करने की योजना थी, काफी अच्छी संख्या में ग्राम धनेली के शिविर में लोग यहां आए है, लोग भरोसे के साथ प्रशासन के पास अपनी समस्या के निराकरण के लिए आते है, जितना यथासंभव होता है उसका निराकरण भी किया जाता है, कई ऐसे मसले भी होते है जिसमे लगता हैं, जांच की आवश्यकता है, वैसे प्रकरण में थोड़ा समय लगता है।'

**इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, कलेक्टर**

# विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रायोगिक कार्य पर जोर देना होगा : घृतलहरे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में डाइट बेमेतरा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विज्ञान शिक्षकों के लिए विज्ञान प्रशिक्षण का आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। शिक्षिका अर्चना गोस्वामी के द्वारा बहुत सुंदर मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात प्रशिक्षण की प्रभारी कीर्ति घृतलहरे व्याख्याता के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें प्रथम दिवस विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य ने एन ई पी /एन सी एफ प्री टेस्ट सत्र गत कार्य विज्ञान सीखने की प्रक्रिया, प्रकाश की प्रकृति पर गतिविधियां आयोजित कर विज्ञान आओ करके सीखे को प्रमुखता से बल दिया गया। प्रशिक्षार्थियों को प्रस्तुति करण एंं चर्चा परि चर्चा कराये जायेंगे। द्वितीय दिवस भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन रासायनिक अभिक्रिया से परिचय, रासायनिक अभिक्रिया का प्रतिनिधित्व, रासायनिक अभिक्रिया के प्रकार संतुलन वीडियो एंड डिस्कसन कराये जायेंगे। तृतीय दिवस सूक्ष्मदर्शी तकनीक और कोशिकाओं का अवलोकन, श्वसन अवधारणा, पौधों मे श्वसन अंगों की जांच, आंकलन मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी सविस्तार प्रदान किये जायेंगे। संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि विज्ञान एक प्रायोगिक विषय है। जिसे बच्चे करके सीखने में अधिक रुचि लेते हैं। अतः विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए हमें प्रायोगिक कार्य पर ज्यादा जोर देना होगा। अतः कक्षा में हम अधिक से अधिक प्रायोगिक कार्य कराये। प्रायोगिक कार्य करने से उस विषय पर उनकी समझ स्थाई बन जाती है। और उस विषय वस्तु को बच्चे फिर कभी नहीं भूलते। प्रशिक्षण पश्चात शिक्षक छात्रों में वैज्ञानिक सोच के साथ सकारात्मक विचार को बढ़ावा दे सकेंगे। डाइट प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने विद्यालय से कीमती समय निकालकर इस संस्थान में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हुए हैं जब यहां से सीख करके, प्रशिक्षण लेकर के जब आप अपने विद्यालय जाएंगे तो अपने विद्यार्थियों में इसे 100त्न लागू करेंगे तभी आपके विद्यालय से अनुपस्थिति की भरपाई हो सकेगी। इस प्रशिक्षण को आपको पूरी तरह से गंभीरता से लेना है और यहां से बहुत सारी जानकारी बच्चों के बीच लेकर जाना है। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में दो विकासखण्ड बेमेतरा एवं बेरला के 120 विज्ञान विषय पढ़ाने वाले माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे है। सभी प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागियों को समूह में विभाजित कर सभी समूह के लिए एक-एक गतिविधियां दी गई। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा सभी समूह की समस्याओं का मंच से ही समाधान किया गया। मास्टर ट्रेनर्स मंजू साहू और श्रेया दुबे के द्वारा विज्ञान क्या है। और बच्चों को विज्ञान विषय से हम कैसे जोड़े। क्या सभी बच्चे विज्ञान विषय में रुचि लेते हैं। इस पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में निष्कर्ष निकाला गया कि विज्ञान एक प्रायोगिक विषय है जिसे बच्चे करके सीखने में अधिक रुचि लेते हैं। इसमें मास्टर ट्रेनर्स के रूप में मंजू साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका तथा केजहा राम निषाद व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागांव तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया दुबे इस प्रशिक्षण के लिए डीआरजी की भूमिका निभा रहे हैं। समूचे प्रशिक्षण का संचालन डाइट व्याख्याता जी एल खुटियारे ने किया।

# अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के जिलाध्यक्ष बने लाला भारती, महिला इकाई की रेवती साहू

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोगो के लिए काम करना प्राथमिकता :लाला भारती

### साजा की कमान भुनेश्वर चंद्राकर को

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com






अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डाक्टर सौरभ निर्वाणी ने बेमेतरा के जिला अध्यक्ष कार्यकारणी की घोषणा की है इसमें बेमेतरा जनपद सभापति लाला भारती को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है वहीं पूर्व जनपद अध्यक्ष रेवती साहू को महिला इकाई का जिला अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उनके साथ नांदघाट की बेला सोनी को सचिव की जवाबदारी दी गई है, साजा विधानसभा के अध्यक्ष के तौर पर जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर चंद्राकर की नियुक्ति हुई है, अपनी नियुक्ति पर महासभा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लाला भारती ने सयोंजक डॉ सौरभ निर्वाणी और प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति,बोली और परंपरा को सहेजने और बढ़ाने के लिए महासभा के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपना बेहतर देने का प्रयास करेंगे,महिला इकाई की नवनियुक्त अध्यक्ष रेवती साहू ने कहा कि जिले में छत्तीसगढ़ी महिलाओं के आर्थिक और शैक्षणिक तौर पर शशक्त बनाने पर उनका जोर रहेगा ,वही सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर चंद्राकर ने साजा विधानसभा में संगठन से अधिकाधिक लोगो को जोड़ महासभा को मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया,ज्ञात हो अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा एक गैर राजनैतिक संगठन है जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति,अचार विचार, पहनावा खान पान के संरक्षण और उन्नयन के लिए कार्य करती है, जिला अध्यक्ष लाला भारती , रेवती साहू,भुनेश्वर चंद्राकर और बेला सोनी के नियुक्ति पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,सभपति अंजू बघेल,राहुल टिकरिहा,पुष्पा तँकेश,गोवेन्द पटेल, राजेश दीवान, महासभा के युवा इकाई के जिला अध्यक्ष वनकेश्वर साहू, थलेश झरिया,दिव्या दुबे ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नेहरु नगर के रेलवे इंस्टीट्यूट में हुआ भव्य विश्वकर्मा पूजा




पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड नं 26 नेहरु नगर के रेलवे इंस्टीट्यूट में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन भव्य रूप से किया गया जिसमे 17 सितंबर को शिवम पंडित द्वारा मंत्रो उच्चारण से मूर्ति स्थापित किया गया। रेल कर्मचारियों ने विश्वकर्मा पूजा कर समस्त जनता का सुख शांति के लिए कामना किए व संध्या 6 बजे आरती के पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया व साथ ही 7 बजे छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा , यह कार्यक्रम खल्लारी बालोद का था। जिसमे 20 कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी लोक संस्कृति की कला को बेहद खूबसूरत तरीके से प्रस्तुति किया कार्यक्रम का संचालन सुनील सिन्हा द्वारा किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के लिए टी0 ज्योति, पार्षद ने समस्त रेल कर्मचारियों का आभार जताया व कार्यक्रम को रुप रेखा बनाने में समस्त रेल कर्मचारी गण सुनिल कुमार गोटे, के0 आर्या, खुशाल सिंह, टी0 रमना राव, धनसींग ध्रुव, संतोष डडसेना, प्रशांत कुमार, डी.के.मुरली, अरुण कुमार, बसंत कुमार, अनीश कुमार, दीपक पासी, पवन टंडन, सी एच एस राव, बी.एस.रेड्डी, स्वरूप सिंह गवरना, पवन कुमार दुबे,खगेंद्र कुमार, अनीश कुमार, विनय कुमार शेरवा, उत्तम कुमार, पुरुषोत्तम, हिमांशु , शशि मंडावी, बबलू दरो, शारदा दरों व समस्त रेलवे कर्मचारियों की भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन गीत संगीत से हुआ जिसमे नरसिंग राव, प्रशान्त बोड़खे, बसंत कुमार व खुशाल सिंह के द्वारा हुआ। टी0 ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि सृष्टि के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा जी के मूर्ति स्थापना व छत्तीसगढी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए ,गीत संगीत के माध्यम से कार्यक्रम का समापन करने के लिए व भारी संख्या में रेलवे इंस्टिट्यूट में नगर वासियों को आगमन हेतु बहुत बहुत धन्यवाद देती हूं जिससे कार्यक्रम सफल हुआ व भगवान विश्वकर्मा जी से समस्त नगर वासियों की मंगल कामना करती हूं।

# अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक में सीएमओ द्वारा दिए गए दिशानिर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभागार में अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण के संबंध में वार्ड के सभी बी.एल.ओ. का पालिका में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया । बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने बी.एल.ओ. द्वारा किये जा रहे अन्य पिछडा वर्ग का सर्वे कार्य की समीक्षा के दौरान कुछ वार्डो में संतोषजनक प्रगति नहीं होने के कारण असंतोष व्यक्त करते हुए छुटे हुए घरों का सर्वे कार्य पालिका के अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए । ज्ञात हो कि पालिका क्षेत्र में लगभग 5100 ओ.बी.सी. घरों में 17 सितंबर तक कुल 3102 अन्य पिछड़ा वर्ग घरों का सर्वे किया जा चुका है, शेष घरों का सर्वे दिनांक 24 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । उक्त बैठक में कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी, हरि किशन पावरिया, अविनाश देवांगन, राजस्व कर्मचारी एवं बी.एल.ओ. आदि उपस्थित थे।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती पर योगेश तिवारी ने की बेमेतरा वासियों के सुख-समृद्धि की कामना

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। इस पावन अवसर पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने ग्राम नेवनारा, बहेरा, बचेड़ी, देवादा, बोतका, सुरहोली, और नगर पंचायत भिंभौरी में आयोजित जगराता और रामायण कार्यक्रमों में भाग लिया। योगेश तिवारी ने भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लेते हुए सभी ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों पर चलकर समाज में विकास और समृद्धि लाई जा सकती है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भी योगेश तिवारी का भव्य स्वागत किया और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि योगेश तिवारी की उपस्थिति से पूरे आयोजन की शोभा बढ़ गई और सभी ने उनसे प्रेरणा ली। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अतिथियों में सरपंच ओमप्रकाश साहू, विष्णुप्रसाद साहू, प्रहलाद वर्मा, तिलकराम साहू, कमल रावत, गंगा साहू, ऋषभ, सौरभ, योगेश, खुमान, कृष्णा, मुकेश, सैलेंद्र, अजय, चेतन, हर्ष, विशाल, राज यदु, प्रकाश, नागेश, दिनेश, मनीष, कृपाल सिन्हा, तिरीथ सिन्हा, पीतांबर सिन्हा, पुनीत पारकर, लेडगा साहू, अनिल पारकर, करण साहू, मनीष राजपूत, रिंकू राजपूत, धनराज यादव, उमेंद्र यादव, डागेंद्र साहू, विश्वनाथ निषाद, लोकुराम साहू, बिरेंद्र साहू, दीपक यादव, करण निषाद, लेखराम यादव, लक्की साहू, जय साहू, मोहन साहू, झुमुक साहू, गंगाधर, दीपक साहू, मनीष साहू, गिरधारी साहू, उमेंद्र सोरी समेत सैकड़ों ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने योगेश तिवारी के साथ मिलकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और भगवान का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का आयोजन भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने विश्वकर्मा की कृपा के लिए आभार व्यक्त किया।

# 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






पूरे देश के साथ भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष, स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' की विषय वस्तु के साथ मनाया जा रहा है तथा 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस 'स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इस स्वच्छता जागरूकता अभियान को योजनामूलक बनाने हेतु सभी प्रमुख स्थानों, स्टेशनों यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है । इस आयोजन के तहत रायपुर मंडल के स्टेशनो में स्वच्छता ही सेवा अभियान में मंडल के रेलवे चिकित्सालय में 58 एवं रेलवे हॉस्पिटल बीएमआई 18 और दल्ली राजहरा हेल्थ यूनिट में 13 सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। रायपुर रेल मंडल के रेलवे चिकित्सालय में पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर सफाई कर्मियों के लिए सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य सफाई कर्मियों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना था। इसके अंतर्गत रेलवे स्टेशन, कॉलोनियों आदि में सफाई मित्रों को आवश्यक सुरक्षा सामग्री जैसे दस्ताने, मास्क और अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किए गए। जिससे की वे अपने कार्य को और भी सुरक्षित रूप से कर सकें। स्वास्थ्य शिविरों में सफाई कर्मियों के लिए मुफ्त चिकित्सा जांच, स्वास्थ्य परामर्श और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गई। इन शिविरों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए सुझाव दिए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के 19 सितम्बर को फिटनेस और स्वच्छता के प्रति सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु मैराथन, वाकथन व साइकिल रैली जैसी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

# धनोरा में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



धनोरा में मंगलवार को सृष्टि के देवता विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। सत्तीपारा मंच में भगवान गणेश और विश्वकर्मा भगवान के मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। पश्चात विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समाजसेवी मनेश साहू ने कहा कि हर साल कन्या सं ांति पर भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाती है। विश्वकर्मा पूजा मशीनरी, औजार, वाहन आदि क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए यह बड़ा पर्व है। इस दिन लोग अपने काम बंद रखते हैं। मशीनों और वाहनों को आराम देते हैं। उनकी साफ-सफाई करते हैं और विश्वकर्मा के साथ ही सभी मशीनरी की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि विश्वकर्मा देवताओं के शिल्प है और उनकी पूजा से मशीन से जुड़े कामों में आने वाली बाधाएं खत्म हो जाती है। सृष्टि का संचालन त्रिदेव के साथ ही भगवान विश्वकर्मा की वजह से हो रहा है। आज हमारे आसपास जितने भी मशीनरी निर्माण कार्य दिख रहे हैं। वे भगवान विश्वकर्मा की वजह से ही है। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए अस्त्र-शस्त्र, महल बनाए हैं। द्वापर युग में विश्वकर्मा जी ने भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका बनाई थी। सुदामा का महल बनाया था। कार्य म में मनेश साहू, लोमश यादव, युवराज साहू, धनऊ राम, मंतराम ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, संतलाल ठाकुर, ज्ञानचंद, रामस्वरूप ठाकुर, मन्थीर, थानसिंग, ओमप्रकाश, कोमल, कमल, मुकेश साहू, गोविंद, नागेश, नरेंद्र, राजेश, रमेश, जितेंद, फूलसिंग, हेमकुमार, युवराज, कुणाल, श्रवण आदि उपस्थित थे ।

# 102 वाहन चालक द्वारा मरीज के परिजनों से अनावश्यक रूप से मांगे गए रुपए

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




वाहन चालक द्वारा मरीज के परिजनों से अनावश्यक रूप से रुपए मांगे जाने पर मरीज के परिजनों ने इसकी शिकायत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारी प्रभारी डॉ. अनुपमा कंवर से की । उक्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई कर हुए उन्होंने शासकीय वाहन 102 चालक को फटकारते हुए भविष्य में इस प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि नहीं करने की कड़ी चेतावनी भी दी । तथा परिजनों को भी किसी प्रकार से एक रुपया भी वाहन चालकों को देने से मना किया गया । इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. अनुपमा कंवर ने बताया कि मरीज के परिजनों ने जब इस विषय की जानकारी देते हुए शिकायत की तब तत्काल उपरोक्त 102 वाहन चालक को इस प्रकार की गलत गतिविधि के बारे में पूछा गया, उसके इस दुर्व्यवहार और अनैतिक गतिविधि की लिखित जानकारी उच्चाधिकारी जिला अधीक्षक दुर्ग को तत्काल प्रेषित कर दी गई है ।

# जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने 18 सितम्बर को कॉ.शंकर गुहा नियोगी का जन्मदिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने 18 सितम्बर को कॉ.शंकर गुहा नियोगी का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने पूरे डौंडी लोहारा विधानसभा में जहां जहां पर जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के साथी है उन सभी जगहों पर जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में नियोगी के बनाये गए 17 विभाग मे से एक विभाग अपने जंगल को पहचानो कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इसी कड़ी में दल्ली राजहरा में भी यह कार्यक्रम शहीद स्मारक शहीद चौक व शहीद अस्पताल में आयोजन किया जिसमे शीशम, लाल चंदन, सफेद चंदन, कटहल, रातरानी, अशोक, करन, के साथ विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया जिसमें सर्वप्रथम शहीद स्मारक में सुबह 10 बजे यह वृक्षारोपण का कर्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्यरूप से आशागुहा नियोगी ,अमर बाई (छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा), डॉ शैबाल जाना शहीद अस्पताल,, डॉ पवित्र कुमार गुहा डॉ राजीव लोचन शर्मा (संजीवनी अस्पताल), डॉ अमित तिवारी (आरोग्य अस्पताल), डॉ पांडुरंग (शहीद अस्पताल) ,डॉ ओम देवांगन मैडम (शहीद अस्पताल), स्वप्निल श्रीवास्तव , निकोसे (अरमुरकसा नर्सरी),चन्द्रप्रकाश सिन्हा (पार्षद वार्ड नं 14) अशोक शर्मा (शहीद अस्पताल) के हाथों से शहीद स्मारक पर वृक्षारोपण कराया गया जहां पर डॉ शैबाल जाना ने बताया कि नियोगी किस तरह प्रकृति से जुड़े रह कर पेड़ जंगल के महत्व को समझ के लोगो के बीच में परोसते थे जिसमें एक है नीबू का महत्व जब शहीद अस्पताल में लोग आते थे तो उनको नीबू के रस का शर्बत पिलाया जाता था। शहीद स्मारक के बाद शहीद अस्पताल के ओ.पी.डी. में और ब्लड बैंक के पास भी वृक्षारोपण किया गया जिसमें स्थानीय शहीद अस्पताल के डॉ शैबाल जाना , डॉ लालवानी , डॉ दीपू , डॉ कुंडू मैडम, शंजीता गुहा नियोगी , डॉ उमेश , , डॉ योगी लालवानी , फुलेश्वरी सोनवानी , धनीराम , डिगेश जी, सूरज , सूरज मेश्राम , रवि जायसवाल नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष, राजेन्द्र तिवारी के हाथों कराया गया जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम अपने जंगल को पहचानो कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ से जीत गुहा नियोगी, तंद्रागुहा नियोगी, बसन्त रावटे, यादराम कोर्राम, विजय सिंग, शिवा सिंग, शरद, के साथ सैकड़ों जन मुक्ति मोर्चा के साथी सम्मिलित हुए.।

# राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मनाया जा रहा वजन तिहार आंगनबाड़ी केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

**बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने बच्चों को कराया अन्नप्राशन, बच्चों के पोषण स्तर की जांच कर पालकों को दी जा रही पोषण सलाह**





पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

1 से 30 सितम्बर तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह के तहत छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वजन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। वजन तिहार में शून्य से 6 वर्ष के बच्चों के पोषण स्तर और उनके शारीरिक विकास की जांच की जाती है। कुपोषण की स्थिति पाए जाने पर पालकों को पोषण सलाह दी जाती है, साथ ही आवश्यक होने पर बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजा जाता है। जिले में वजन तिहार के तहत सभी विकासखण्डों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के पोषण स्तर की जांच की जा रही है। जिसमें जन प्रतिनिधि भागीदारी निभा कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वजन तिहार के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के ग्राम पंचायत नगरौड़ी में वजन तिहार व पोषण माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया और बच्चों के वजन और पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के पोषण स्तर की जांच अवश्य कराए और उसके अनुरूप आवश्यक स्वास्थ्य सलाह का पालन करें। इस अवसर पर एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा, जनपद सदस्य भारती रजक, मंडल अध्यक्ष संतोष वर्मा, सरपंच जानकी साहू एवं परियोजना अधिकारी विद्या पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही। इसके साथ ही सीपत के ग्राम कुली में वजन तिहार मनाया गया जिसमें बच्चों का अन्नप्राशन, वजन जांच और अभिभावकों को पोषण संबंधी सलाह दी गई। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन तिहार के तहत गर्भवती माताओं की गोदभराई भी की जा रही है। भावी माताओं को पोषण और टीकाकरण संबंधी सलाह दी जा रही है। जिले के मस्तूरी, सकरी, हाफा में सुपोषण के प्रति जागरूक करने के लिए स्वस्थ बालक-बालिका रैली का आयोजन किया गया। सुपोषण शपथ दिलवाई गई और जन समुदाय को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार प्रदर्शनी लगाई गई।

# पोरथा गांव में वन परिक्षेत्र अधिकारी ने किया एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जहां विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्वच्छता एवं वृक्षारोपण के कार्यक्रम संपन्न करवाए गए तो वही नवगठित शक्ति जिले में भी वन विभाग ने अनुकरणीय पहल करते हुए वर्तमान में पूरे देश भर में चल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत एक विशेष कार्य योजना के तहत वृक्षारोपण एवं क्विज कंपटीशन का आयोजन किया, वन मण्डल जांजगीर चाम्पा के अंतर्गत वन परिक्षेत्र सक्ति में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृत विकास तोपनो जिला कलेक्टर सक्ति, अरुण सोम अनुविभागिय अधिकारी सक्ति, विद्या सिदार (जिला पंचायत) विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक, पर्यावरण सम्बंधित NGO सदस्य, महिला समूह और विद्यार्थियों ने भाग लिया। वन मंडलाधिकारी जांजगीर-चाम्पा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण और वृक्षारोपण करने हेतु विद्यार्थियों ने संकल्प भी लिया, मुख्य अतिथि तोपनो ने वृक्षारोपण करने और बचाव करने के लिए सभी सदस्यों को प्रेरित किया, कार्यक्रम में पर्यावरण से सम्बंधित प्रश्नोत्तर किया गया, मैदान में पर्यावरण क्विज गेम खेला गया. जिसमें प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरथाद्वितीय स्थान लिटिल फ्लावर स्कूल सक्ति, तृतीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर पोरथा का रहा। सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो, परितोशिक प्रदान किया गया, कार्यक्रम वनमण्डल अधिकारी प्रियंका पांडेय के नेतृत्व में किया गया। जिसमें उप वनमण्डलधिकारी एच.शर्मा के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम का आयोजन वन परिक्षेत्र अधिकारी सक्ति एवं उनके स्टाफ द्वारा किया गया।

# 02 किलो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ परिवहन करने वाले 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



02 किलो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ परिवहन करने वाले 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार। नवागढ़ पुलिस को 17.09.2024 को रात्रि में मुखबीर सूचना मिला की एक्सएल 6 वाहन क्रमांक CG 11 BD 8761 में गांजा परिवहन किया कर बेचने के फिराक में है की सूचना पर ग्राम मिसदा और खैरताल के बीच में नाकाबंदी लगाकर वाहन क्रमांक CG 11 BD 8761 XL 6 को रोक कर कार में बैठे आदमी का नाम पता पूछा गया जिनके द्वारा अपना नाम (1) जोहारिक यादव निवासी बोडसरा थाना जैजैपुर (2) अमित कुमार साकिन तुषार थाना जैजैपुर (3) प्रशांत श्रीवास निवासी तुषार थाना जैजैपुर जिला शक्ति (छ.ग.) का रहना बताए गवाहो के समक्ष वाहन का तलाशी लेने पर दो पैकेट खाखी टेप में लपेटा हुआ गांजा 2 किलो 50 ग्राम गांजा किमती 20 हजार रूपए मिला और परिवहन करने में प्रयुक्त XL6 वाहन कीमती 12 लाख रुपए को जप्त किया गया एवम आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमाक 360/24 धारा 20(B), 29 NDPS ACT के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 18.09.2024 को न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल कराया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक भुनेश्वर राठौर, आरक्षक जनक राम कश्यप, अनील कुर्रे, संजय टंडन, माघवेंद्र, मुकेश राज अभिषेक जयसवाल का सराहनीय योगदान रहा।

# जुआ खेलने वाले 08 आरोपियों को पामगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



जुआ खेलने वाले 08 आरोपियों को पामगढ़ पुलिस नेकिया गिरफ्तार। पामगढ पुलिस एवं सायबर टीम की संयुक्त रूप से जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया जिसमें मुखबीर की सूचना पर 17/09/2024 को ग्राम मेउ मे बस स्टेंड के पास डबरी के निचे कुछ जुआडियान रूपये पैसे का दाव लगाकर तास पत्ती से हार जीत का काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है कि सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जो मौके पर 01.आकाश यादव उम्र 23 वर्ष साकिन पामगढ़ 02. धन्नू यादव उम्र 35 वर्ष साकिन मेउ थाना पामगढ़ 03. गोविंदा साहू उम्र 26 वर्ष साकिन मेउ थाना पामगढ़ 04. रवि उर्फ छोटू श्रीवास उम्र 22 वर्ष साकिन संजय नगर अकलतरा 05. देवचरण टण्डन उम्र 42 वर्ष साकिन चेंउडीह थाना पामगढ़ 06. पवन खरे उम्र 38 वर्ष साकिन रोझनडीह थाना पामगढ़ 07. कुलदीप सिंह भारद्वाज उम्र 25 वर्ष साकिन आज़ाद चौक अकलतरा 08. महेश्वर शुक्ला उम्र 42 वर्ष साकिन कोटमी सोनार थाना अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) को जुआ खेलते पकडा जिसके कब्जे से जुमला 10430/- रूपये 52 पत्ती तास बोरी फट्टी को बरामद किया जाकर आरोपीयो का कृत्य धारा 3(2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप. निरी. मनोहर लाल सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ म.प्रधान आर बलमती यादव आर. रोहित साहू, मुकेश कमलेश, सीताराम सूर्यवंशी सैनिक चन्द्रशेखर प्रधान थाना पामगढ एवं सायबर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# मालखरौदा पुलिस ने दर्ज किये आबकारी के तीन अलग-अलग मामले

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करते 03 आरोपी चढे मालखरौदा पुलिस के हत्थे, भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर,नाम आरोपी-01 महेन्द्र कुमार खुटे पिता परस राम खुटे उम्र 24 वर्ष साकिन कुरदा थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)02 शंकर लाल निराला पिता हीरा राम निराला उम्र 48 वर्ष साकिन नवापारा थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग),03. गीता बाई जाटवर पति स्व0 बसंत कुमार जाटवर उम्र 49 वर्ष साकिन अण्डा थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) है,थाना मालखरौदा के अपराध आबकारी एक्ट दर्ज हुआ है, थाना क्षेत्र में अवैध शराब तथा नशीले पदार्थो की बिकी के रोकथाम एवं उसमें संलिप्त व्यक्तियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा (भा0पु0से0), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सक्ती रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुवर के द्वारा लगातार कार्यवाही हेतु दी जा रही दिशा निर्देशों के परिपालन में 16.09.2024 को तथा 17.09.2024 को तीन अलग अलग जगहों पर जरिये मुखबीर से की सूचना पर अलग-अलग टीम गठित कर तथा हमराह स्टाफ एवं गवाहों के शराब रेड कार्यवही करने पर आरोपी 01. महेन्द्र कुमार खुंटे पिता परस राम खुटे उम्र 24 वर्ष साकिन कुरदा थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) कि घर के पीछे परछी से अलग-अलग बाटल व जरिकेन में भरा कुल 08 लीटर।

# जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज हुए आबकारी के मामले पुलिस ने किया अवैध शराब रखने वालों को गिरफतार

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिनों प्रदेश की राजधानी रायपुर में कलेक्टर- एसपी कांफ्रें स के दौरान पुलिस महकमे को भी अवैध शराब के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा मामले दर्ज करने के निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में शक्ति जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा जो कि अपनी पदस्थापना के बाद से ही निरंतर अवैध महुआ शराब के मामलों में काफी संवेदनशील है, एवं शक्ति जिले में सर्वाधिक आबकारी के मामले उनके पदस्थापना के बाद दर्ज हुए हैं, तथा 17 सितंबर को भीथाना सक्ती, जिला सक्ती(छ.ग.) अपराध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज हुआ है, तथा उपरोक्त मामले के संबंध में पुलिस थाना शक्ति ने बताया है कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर नशीले पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है,अवैध महुआ शराब बिक्री हेतु रखने वाला आदतन अपराधी दिलहरण केंवट निवासी डोंडकी गिरफ्तार किया गया है,आरोपी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त हुई है, आरोपी के विरुद्ध थाना सक्ती में 03 प्रकरण आबकारी एक्ट का है दर्ज है, ग्राम डोड़की का दिलहरण केंवट पिता हुलासराम केंवट अपने घर के सामने अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है। कि सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाहान के मुखबिर के बताये स्थान पर पर जाकर रेड कार्यवाही किया जो दिलहरण केवट पिता हुलासराम केवट उम्र 35 वर्ष सा. वार्ड क्र 08 डोड़की थाना सक्ती प्लास्टिक पालीथीन में भरी हुई हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब को रखे हुये रंगेहाथ पकड़ा गया जिसे शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया।

# नगर पंचायत अड़भार द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान एवम शपथ

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत अड़भार द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के तहत शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जहां स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा विद्यार्थियों को भी अपने मोहल्ले एवं अपने आसपास के क्षेत्र को सदैव साफ-सुथरा रखने का आग्रह किया गया तथा इस अवसर पर नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय ने भी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच साइकिल रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा साइकिल रेस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाने तथा ईंधन की बचत सहित पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे अभियान में अपनी एक योगदान के रूप में किया गया वहीं इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के बीच स्वच्छता एवं विभिन्न राष्ट्रीय विषयों को लेकर बहुत ही सुंदर रंगोली प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने एक से एक रंगोली बनाकर राष्ट्रहित के विषयों एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता का संदेश दिया जिसकी सभी ने प्रशंसा की, वहीं इस अवसर पर नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा। तो वही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के भी विद्यालय परिवार के शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे तथा इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग के दिशा निर्देशन अनुसार समय-समय पर विभिन्न रचनात्मक एवं सेवा कार्यों का भी आयोजन किया जाता है, तथा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से शहर वासियों को जागरुक कर उनकी भी सक्रिय भागीदारी समस्त कार्यक्रमों में हो तथा प्रदेश एवं राष्ट्र हित से जुड़े विषयों पर आम नागरिक भी सक्रिय रूप से अपना योगदान दे सके यही मुख्य रूप से उद्देश्य होता है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की कमान सौंपी गई प्रेमलता गोयल को

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने 19 सितंबर 2024 को छत्तीसगढ़ प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी सहित प्रदेश में महिलाओं को संस्था के 22 विभिन्न प्रकोष्ठों के चैयरमेन की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, तो वहीं प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अंबिकापुर निवासी प्रेमलता गोयल को जिम्मेदारी दी गई है, तथा नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में पुष्पा अग्रवाल उपाध्यक्ष, भगवती अग्रवाल उपाध्यक्ष, सपना सराफ महासचिव बिलासपुर, नेहा अग्रवाल महासचिव, मंजू गोयल कोषाध्यक्ष, एवम कीर्ति अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं. साथ ही 22 अलग-अलग प्रकोष्ठों में चैयरमेन की भी नियुक्ति की गई है जिसमें प्रीति मोदी कोरबा को अग्र निधि कोष योजना का प्रांतीय चैयरमेन, बबीता अग्रवाल दुर्ग अग्र लोक सेवा, अंजू अग्रवाल नैला गौ संरक्षण समिति, तारा अग्रवाल रायगढ़ जनसंपर्क एवं समन्वय समिति, सीमा अग्रवाल अंबिकापुर जन सेवा प्रकोष्ठ, मधु मित्तल रायपुर बाल विकास, मोनिका अग्रवाल कोरबा सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरोज निंगानिया रायगढ़ वैवाहिक परिचय प्रकोष्ठ, अदिति केशव बंसल बिलासपुर अंतरराष्ट्रीय रक्तदान समिति, मंजू अग्रवाल चाम्पा नेत्रदान अंगदान, सिया अग्रवाल अंबिकापुर बेटी हमारी शान, सुनीता अग्रवाल रायगढ़ नारी सशक्तिकरण, शीतल लाठ बिलासपुर वेबीनार संचालन समिति, कुसुम अग्रवाल रायपुर व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, उपमा अग्रवालबिलासपुर धार्मिक आयोजन एवं भ्रमण समिति, निमिषा गोयल पत्थलगांव अग्र शिक्षा सेवा एवं जन संपर्क, सत्यभामा अग्रवाल पेंड्रा अग्रसेन जन्मोत्सव समिति, रेखा अग्रवाल नैला राष्ट्रीय सदस्यता वृद्धि अभियान समिति, रेणु अग्रवाल पत्थलगांव मीडियाप्रकोष्ठ, रेखा गर्ग भिलाई स्वच्छ भारत अभियान, किरण मित्तल रायगढ़ वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह एवं श्वेता अग्रवाल भिलाई को आत्मनिर्भर स्वरोजगार प्रकोष्ठ का प्रांतीय चैयरमेन बनाया गया है.

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक-4483/**NIT**/2024-25/नि.लि. दिनांक 11/09/2024

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 25.09.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03.10.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 04.10.2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे
4. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में) :- रूपये 750.00
5. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र ''A''
6. निविदाकारों की श्रेणी :- द-पंजीयन के अन्तर्गत ''द'' श्रेणी से ''अ'' श्रेणी तक
7. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 01 माह

| एन.आई.टी. क्रं. निविदा क्र | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)/ अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 08 T0048 | PROVIDING & FIXING GANTRY BOARD INFORMETORY BOARD (ROAD FURNITURE WORK) UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.-2, RAIPUR (प्रथम आमंत्रण) | 4.94 3,750.00 74,100.00 |
| 08 T00149 | FIXING PHOTOGRAPH OF HON. CHIEF MINISTER & DEPUTY CHIEF MINISTER IN OVER HEAD SIGN BOARD AT BANRASI VILLAGE NEAR HIGH SECONDARY SCHOOL UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG) RAIPUR (प्रथम आमंत्रण) | 4.55 3,500.00 68,250.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

विशेष शर्ते :- (अ) Special condition for SOR Item No 8.4, 8.5, 8.6, 8.7 Retro-reflectorized Traffic Sings, direction & Place identifications sings. & overhead sings.

1. The bidder of tender shall submit authorized converter certificate issued by Retro reflective sheeting manufacture, the Retro reflective sheeting manufacture should have an subsidiary in India, the certificate issued by national distributor or agency will not be allowed.
2. The bidder of tender shall submit current tender specific authorized converter certificate issued by Retro reflective sheeting manufacture should have an subsidiary in India, the certificate issued by national distributor or agency will not be allowed.
3. The bidder shall obtain from the manufacture of retro reflective sheeting a pre qualification warranty certificate for 10 years for class c type of sheeting and for 7 years for class B type of sheeting in original for satisfactory field performance OF Retro reflective sign as per IRC 67-2012 Clause 6.7& 6.9 which should be jointly attested by Retro Reflective Sheeting Manufacturer and Authorized Tendere/converter.
4. The bidder shall submit Government/ international Lab Test Report For Retro Reflective Sheeting for meeting test results criteria as per IRC 67-2012

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रं.-2
रायपुर (छ.ग.)

G-242502574/2

**सबूत पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया**

# करही के पास महानदी में बंद बोरी में मिले लाश के मामले में 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



करही के पास महानदी में बंद बोरी में मिले लाश के मामले में 02 आरोपियों को किया गया। मृतक संतोष कश्यप उम्र 37 साल निवासी सलखन बिना बताये घर से निकला था जो घर वापस नहीं आया आने से मृतक की पत्नी की सूचना पर थाना शिवरीनारायण में गुम इंसान कायम कर पतासाजी की जा रही थी। गुम इंसान जांच दौरान थाना शिवरीनारायण पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम करही थाना बिर्रा महानदी में एक सफेद प्लास्टिक बोरी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है कि सूचना पर थाना बिर्रा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। जिसकी पहचान मृतक संतोष कश्यप उम्र 37 साल निवासी सलखन का होना पाया गया। प्राप्त पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर साहब द्वारा मृतक की मृत्यु को होमीसाईडल लेख किये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मुल अपराध थाना शिवरीनारायण में अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया. एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में मृतक को जहां आखिरी बार ग्राम सलखन में देखा गया था। घटना स्थल के आसपास के लोगो को मृतक के संबंध में पूछताछ की जा रही थी इसी क्रम में विश्वसनीय सुचना मिली की संदेही आरोपी रॉकी कश्यप एवं जगदीश कश्यप को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ किया गया जिसके द्वारा बताया कि मृतक संतोष कश्यप आरोपी रॉकी के किराना दुकान में आकर जब चाहे बिना पुछे किसी भी सामान को उठाकर खा देता था एवं ले जाता था पैसा के लिए बोलने पर तुम गलत काम करते हो तुमको मैं जेल भेजवा दूंगा कहकर धमकी देता था। मृतक के द्वारा दिये गये धमकी से आरोपी रॉकी परेशान हो गया था तब आरोपी राकी ने अपने दोस्त जगदीश कश्यप के साथ मिलकर इसे मारना है कहकर प्लान बनाया और शिाम करीब 07:00 बजे के आसपास अपने दोस्त जगदीश कश्यप के साथ शराब पी रहा था उसी समय मृतक संतोष कश्यप भी वहीं पर आया और आरोपी रॉकी के साथ वाद विवाद कर वहां से चला गया। आरोपी रॉकी कश्यप ने अपने दोस्त जगदीश को बोला की यह रोज मुझे परेशान करता रहता है उसके बाद रात्रि करीब 10.00 बजे के आसपास संतोष कश्यप फिर दुकान से कुछ दुर रोड पर खड़े होकर गाली गलौच कर शराब मांग रहा था जिसे दोनो आरोपी, मृतक को जान से मारने की नियत से दुकान अंदर से एक लोहे का धारदार हथियार दरैती लाया तथा मृतक के गर्दन के पीछे मारा जिससे मृतक संतोष के गले का पीछला हिस्सा कटकर खुन बहने लगा मौके पर मृत्यु हो गई।

मृतक के लाश को छिपाने के उद्देश्य से एक प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी में बांधकर दोनो आरोपी मिलकर मोटर सायकल लाल रंग का पैशन प्रो ले जाकर उसी रात करीब 12.30 बजे के आसपास ग्राम सलखन गोधना कुरियारी तुस्मा मुडपार कनस्दा नगारीडीह केरा को पार कर ग्राम सिलादेही के पहले बने हसदेव नदी के पुल पर गये तथा संतोष कश्यप के शव को नदी के तेज बहती पानी में फेक दियें। पुलिस विवेचना दौरान दोनो आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त धारदार हथियार लाठी, मोटर सायकल क्रमांक पैशन प्रो सीजी-11-सीएफ 1827 को बरामद किया गया है। आरोपी (01) राकी कश्यप (02) जगदीश कश्यप दोनो निवासी सलखन थाना शिवरीनारायण का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही मे एसडीओपी चाम्पा यदुमणी सिदार, उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण सायबर टीम से उपनिरी पारस पटेल प्रभारी सायबर सेल, सउनि विवेक सिंह, प्रआर मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आर. रोहित कहरा, गिरीश कश्यप एवं सउनि प्रमोद महार प्रआर विजय निराला, आरक्षक विकाश शर्मा, द्वारीका साहू, महेंद्र राज, रामकुमार कश्यप तेरस साहू थाना शिवरीनारायण का सराहनीय योगदान रहा।

# बालको फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'मल्हार' ने कर्मचारियों के रचनात्मकता को दी नई उंचाई





पायनियर संवाददाता ◂ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व फोटोग्राफी के अवसर पर 'मल्हार 2.0' फोटो प्रदर्शनी व हिंदी दिवस का संयुक्त आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वेदांता समूह के प्रतिभाशाली कर्मचारियों द्वारा खींची गई तस्वीरों का संग्रह प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में आये आगंतुकों ने मनमोहक फोटोग्राफी की सराहना की।

बालको टाउनशिप में आयोजित दो दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला को 'मल्हार' नाम दिया गया। 'वाह क्या व्यू है' थीम के इर्द-गिर्द घूमती प्रदर्शनी में प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाने वाली मनमोहक चित्र प्रदर्शित की गई। सभी कलात्मक छायाचित्र बालको के साथ-साथ वेदांता समूह के विभिन्न यूनिट के कर्मचारियों द्वारा खींचे गए थे। कर्मचारी एवं उनके परिवारजन तथा स्कूल के छात्रों सहित आगंतुकों के लिए खुली यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय आनंददायक अनुभव रहा। दो दिवसीय मल्हार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कंपनी ने स्थानीय छात्रों के लिए हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी में स्वरचित काव्य लेखन एवं काव्य पाठ आयोजित किया। कार्यक्रम में 10वीं, 11वीं और 12वीं के लगभग 80 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ देशभक्ति, सामाजिक एवं मार्मिक कविता से श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में काव्य पाठ करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 'सेल्फी कॉर्नर' के साथ-साथ बच्चों के लिए 'किड्स कॉर्नर' बनाया गया था जिसमें बच्चों के लिए स्केच बनाने तथा बनी हुई आकृति में रंग भरने की व्यवस्था थी। बालको कर्मचारियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे दर्शकों को ध्यान में रखते हुए फ़ॉन्ट चुनाव, उपयोगी बुलेट पॉइंट, रंगों का प्रयोग, प्रभावशाली चित्रों एवं चार्ट और ग्राफ़ का प्रयोग करना चाहिए।

मल्हार कार्यक्रम की सराहना करते हुए बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी तकनीकी प्रगति को समृद्धि प्रदान करने तथा नवाचार करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे संगठन के भीतर कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत तथा उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। बच्चों की कविता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सामंजस्यपूर्ण समाज की साहित्यिक नींव को आकार देने में आने वाली युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। हिंदी भाषा को बढ़ावा देना हमारी संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोये रखने का प्रयास है जो एक बेहतर और समावेशी समाज की ओर सराहनीय कदम है।

## छत्तीसगढ़ के 250 से अधिक स्कूलों ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

एलएक्सएल फाउंडेशन ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 7वां संस्करण प्रस्तुत किया, जो भारत का सबसे बड़ा बच्चों का फिल्म महोत्सव है। छत्तीसगढ़ में, एससीआईएफएफ का प्रदर्शन 250 से अधिक स्कूलों में किया गया और इसमें 82,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, पूरे पूर्वी भारत में लगभग 600 स्कूलों और 1.5 लाख से अधिक छात्रों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। पहले अंतरराष्ट्रीय किड्स फिल्म फेस्टिवल के नाम से मशहूर, एससीआईएफएफ भारतीय कक्षाओं में वैश्विक सिनेमा को शामिल करके शिक्षा में बदलाव ला रहा है। शिक्षाविद्, दूरदर्शी, फिल्म निर्माता और फिल्म शिक्षाशास्त्र के मास्टरमाइंड सैयद सुल्तान अहमद के नेतृत्व में, एससीआईएफएफ 2024 एक फिल्म महोत्सव से कहीं बढ़कर था - यह एक आंदोलन था। 30,000 से अधिक स्कूलों, जिनमें 25,000 प्लस सरकारी स्कूल थे, के 8 मिलियन से अधिक छात्रों ने इस अखिल भारतीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया। इस वर्ष के आयोजन में 20 सेअधिक देशों की 80 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिन्हें 15 से अधिक भाषाओं में दिखाया गया, तथा इनमें मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सुरक्षा जैसे अनेक विषयों के बारे में बताया गया आज के समय में छात्र जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए इन फिल्मों को सावधानी से तैयार किया गया था, जिससे यह महोत्सव ज्ञान और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल के हाथों स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्घाटन




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर सांसद के हाथों स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्घाटन हुआ सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा गास मेमोरियल मैदान आकाशवाणी चौक में स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य उद्घाटन हुआ। इस मौके पर शहर के तमाम प्रतिष्ठित व गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद सांसद ने संपूर्ण प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए हर्ष जताया एवं शहर वासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और हाथ से बनी हुई वस्तुओं का खरीदारी करें और लाभ उठाएं स्वदेशी अपनाएं देश बचाएं इस को चरितार्थ करें मीडिया बंधुओ को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां शहर में समय-समय पर आयोजित होनी चाहिए जिससे कि स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को रोजगार मिलेगा तथा स्वावलंबन होगा प्रदर्शनी में 80000 से अधिक वस्तुओं का संगम एक ही छत के नीचे वाकई में रायपूर्वसियो के लिए बहुत ही सुनहरा मौका है काफी किफायती दामों पर एक ही स्थान पर बैठे हुए सभी वस्तुओं को देखना और खरीदना एक अलग ही अनुभव होगा प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते बनारसी सिल्क साड़ी कश्मीरी सिल्क साड़ी खादी कुर्तियां लकड़ी के खिलौने मेरठ के और भी बहुत सारी वस्तुओं के साथ-साथ भदोही के कारपेट खुर्जा के क्रॉकरी जयपुर मुखवास लखनऊ चिकन हैदराबादी कॉटन साड़ी सहारनपुर फर्नीचर सहित और भी बहुत कुछ ।अनुराग मिश्रा ने बताया कि प्रदर्शनी समिति दोनों के लिए लगाई गई है प्रदर्शनी में हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर क्रमशः 10त्न से लेकर के 20त्न तक की विशेष छूट का भी प्रावधान है प्रदर्शनी का समय सुबह 11:00 से लेकर के रात्रि के 10:00 बजे तक है ।

## युवा वर्ग कानून की पढ़ाई को पूरी तन्मयता से करे : इंद्र साव



भाटापारा। स्थानीय गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय के नव प्रवेशी छात्रों के द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया,जिसमे शामिल विधायक इंद्र साव ने सभी छात्रों को कानून की पढ़ाई को पूरी तन्मयता के साथ करने की बात कही,ताकि कानून की बारीकियों से अन्याय के विरुद्ध न्याय पाने लड़ा जा सके। नगर के पदमा रिसोर्ट में आयोजित इस फ्रेशर पार्टी का आयोजन गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय के सीनियर छात्रों के द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र साव को आमंत्रित किया गया था। साव ने उपस्थित छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए कहा की नए युवाओं की नई पीढ़ी के उत्साही युवाओं का उत्साह इस बात का संकेत है की आज के युवा आने वाले समय में अपने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।उन्हें यहां आकर और इतने सारे युवाओं को देख कर खुशी हो रही है की आने वाले समय की तैयारी आज से आप लोगो ने शुरू कर दी है।आज कानून की जानकारी सभी को होना चाहिए, लेकिन अज्ञानता के चलते और जानकारी के अभाव में लोगो का समय भी जा रहा है और उनका रुपया भी खर्च हो रहा है।कानून की बारीकियों के दम पर ही हम अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ सकते है, जिसके लिए आप सभी लोगो को कानून की पढ़ाई को पूरी ईमानदारी और तन्मयता से करने की जरूरत है, मैं चाहता हु की आप में से कोई उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय में कानूनविद बनाकर लोगो के साथ न्याय करो। उसके पूर्व विधायक साव का महाविद्यालय के छात्रों ने बुके भेट कर स्वागत किया।इस अवसर पर काफी संख्या छात्र मौजूद थे।

## स्वर्गीय दलगंजन सिहदेव की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोन



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय दलगंजन सिहदेव (मुढ़ेना) की स्मृति में आयोजित अंतर शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन का पहला मैच वेडनर मेमोरियल सी वर्सेज आत्मानंद ए के बीच खेला गया जिसमें आत्मानंद ए विजय रही आत्मानद ए की तरफ से कृष्णा यादव और युग डोंगरे ने 1/1 गोल किए। दूसरा मैच वेडनर डी वर्सेज आत्मानंद बी के बीच खेला गया जिसमें वेडनर डी की तरफ से दलेश पटेल ने टीम को एक गोल से जीत दिलाई। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अथिति के रूप के डॉक्टर विमल चोपड़ा, अध्यक्षता अनिल शर्मा, अध्यक्ष बार कॉन्सिल महासमुंद एवम धर्मेंद्र महोबिया उपास्तित थे । आयोजन समिति के सदस्य संतोष साहू यतिन राव राजकुमार राठौड़ प्लाल विजय सिंहदेव विपिन शर्मा प्रेम वर्मा सचिन साहू उपस्थित थे।

## विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी पर नोडल अफसरों की जिम्मेदारी तय होगी : दयानंद



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऊर्जा सचिव एवं छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज के अध्यक्ष पी. दयानंद ने बिजली विभाग के मैदानी अमले को त्वरित गति से उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत उत्पादन के साथ ही वितरण में कुशलता लाकर उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसमें किसी लापरवाही होने पर नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया स्थित मुख्यालय सेवाभवन में आयोजित बैठक में कहा कि प्रदेश में 64 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हर किसी की जरूरत बन गई है। माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशाअनुरूप शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिना किसी व्यवधान के बिजली आपूर्ति होनी चाहिए, ताकि उनके विकास में किसी तरह की रूकावट न आए। इस बैठक में ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार जैन सहित पावर कंपनी के प्रबंध निदेशकगण सर्वभीमसिंह कंवर (वितरण), एसके कटियार (उत्पादन) एवं आरके शुक्ला (पारेषण) विशेष रूप से उपस्थित थे।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के साथ फेस्टिव सीजन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में बहु प्रतीक्षित उत्सव कार्यक्रम, अमेज़न ग्रेट इंडियनफेस्टिवल , 27 सितंबर 2024 से शुरू होगा, जिसमें प्राइम मेंबर्स को 24 घंटेपहले अर्ली एक्सेस मिलेगा। ग्राहक भारत के पसंदीदा और विश्वसनीय ऑनलाइनमार्केटप्लेस पर तेज और विश्वसनीय डिलीवरी की सुविधा के साथ उत्पादों के व्यापकचयन पर आकर्षक डील्स का आनंद ले सकते हैं। डील्स को देखने के लिए यहां क्लिककरें। तारीख की घोषणा पर बोलते हुए, सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट - कैटेगरीस, अमेजनइंडिया ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 ग्राहकों को एक विस्तृत चयन, ब्रांड न्यू प्रोडक्ट लॉन्च, शानदार डील्स, सुविधाजनक खरीदारी अनुभव, तेज और भरोसेमंद डिलीवरी, आसान और लचीले भुगतान विकल्प आदि प्रदान करने का वादा करता है। हम अपने विक्रेताओं, ब्रांड पार्टनर्स, डिलीवरी एसोसिएट्स के साथ फेस्टिव स्प्रिट को बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं और साथ मिलकर हम पूरे भारत लाखों घरों में त्योहार की तैयारियों को रोमांचक बनाएंगे। हम एक आशाजनक त्योहारी सीजन की उम्मीद करते हैं और ग्राहकों को हमारे त्योहारों की तैयारी उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं।इस त्योहारी सीजन में, ग्राहक अग्रणी भागीदार बैंकों से रोमांचक ऑफर का लाभ उठासकते हैं।

## भादौ पूर्णिमा की संध्या पर महादेव घाट पर पितरों को अर्पित किए गए आरती के पुण्य




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर का महादेव घाट एक बार फिर बनारस की तर्ज पर भक्ति मय माहौल में झूम उठा। माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के संस्थापक एवं करणी सेना छ.ग. प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में 23वीं बार की गई खारुन गंगा महाआरती। विधि विधान से पूजन एवं नदियों की स्वच्छता के संकल्प के साथ भादौ मास की पूर्णिमा की संध्या को रायपुर की भक्ति मय परंपरा एक बार पुनः प्रकाशित हुई। बृहद संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के मध्य जहाँ एक दिन पूर्व से श्री गणेश विसर्जन की प्रक्रिया चल रही थी वहीं पितृ पक्ष के आरंभ के साथ तोमर के नेतृत्व में शहर भर के श्रद्धालुओं के साथ प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा खारुन गंगा मैया की भव्य महाआरती की गई एवं प्रमुख रूप से इस महाआरती का अर्जित पुण्य पितृ देवों को अर्पित कर भाव तर्पण अभिव्यक्त किया गया। कार्य म के अंत में समिति द्वारा आगंतुक श्रद्धालुओं को खीर-प्रसादी का वितरण किया गया। तोमर द्वारा शुरु की गई यह परंपरा सनातन महोत्सव के रूप में विकसित हो चुकी है।

## एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय ने किया बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरुक




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय ने बाल भारती पब्लिक स्कूल में बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने स्वच्छता के प्रति बच्चों को सजग रहने का सुझाव दिया तथा टाउनशिप परिसर को एकल उपयोग प्लास्टिक से मुक्त करने की बात कही । उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर भी बल दिया तथा पानी व बिजली को नियंत्रित खपत से बच्चों को अवगत कराया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के द्वारा की गई पहल तथा उनके द्वारा किए गए प्रयासों से बड़े भी प्रेरित होते हैं तथा उनकी सराहना करते हैं । इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के प्रिंसिपल शलभ निगम ने परियोजना प्रमुख का स्वागत किया।

TATA
TATA POWER
(Corporate Contracts Department)
Sahar Receiving Station, Near Hotel Leela, Andheri (E), Mumbai 400 059, Maharashtra, India
(Board Line: 022-67173994) CIN: L28920MH1919PLC000567

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST**

The Tata Power Company Limited hereby invites Expression of Interest from eligible parties for following Services:

1. **CC25FK060 - Security Services at Jojobera Plant, Jamshedpur, Jharkhand for a period of three years**
2. **CC25FK065 - Guest House Services at Tata Power Noida Office for a period of two years**
3. **CC25FK066 - Facility Management Services at Tata Power Noida Office for a period of two years**
4. **CC25FK067- Security Services at Tata Power Noida Office for a period of three years**

For details of pre-qualification requirements, purchasing of tender document, bid security, etc., please visit Tender section of our website **(URL: https://www.tatapower.com/tender)**. Eligible parties willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee on or before **30th September 2024.**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Tel. No. - 07727-223138 E-mail : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@gmail.com

क्रमांक/1084/लो.नि.व./न.पा.प./2024 बलौदाबाजार, दिनांक 18/09/2024

### // मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को अधोसंरचना मद के लिए विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/व्यक्ति/संस्था/फर्म को निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र-अंतर्गत एस.ओ.आर. CGPWD Building/Road PWD SOR w.e.f. 01.01.2015 से प्रतिशत दर पर त्री-लिफाफा पद्धति से मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डॉक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 27.09.2024, समय 5.00 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 02.10.2024, समय 4.00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 09.10.2024, समय 3.00 बजे तक।
04. निविदा खोलने की निर्धारित अंतिम तिथि - 09.10.2024, समय 04.30 बजे तक।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार विभिन्न सी.सी.रोड, बी.टी.रोड, आर.सी.सी.नाली, बाऊण्ड्रीवॉल, सौंदर्यीकरण एवं अन्य निर्माण कार्य। | 178.16 |

टीप :- 01. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/UADTenderUploader/HomeReports.aspx# से डाउनलोड कर सकते हैं, साथ ही निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित शुल्क डी.डी. के माध्यम से जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में टेण्डर नहीं खोला जायेगा।
02. अन्य जानकारी कार्यालय के निर्माण से डाशाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार**

### आईएसबी ने 'पीजीपी वाईएल' लॉन्च किया



रायपुर। 2001 में स्थापित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), मैनेजमेंट एजुकेशन में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रसिद्ध है, जो भारत एवं विश्व के लिए भविष्य के लीडर तैयार करने के अपने मिशन की ओर एक और बड़ी पहल शुरू कर रहा है। आईएसबी ने 2 साल तक के फुल टाईम वर्क एक्सपीरियंस वाले लोगों के लिए 20 माह का फुल टाईम एमबीए इक्विवेलेंट रेजिडेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम- पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स (पीजीपी वाईएल) शुरू किया है। 2025 के मध्य शुरू हो रहा आईएसबी का पीजीपी वाईएल एक इनोवेटिव और अत्याधुनिक पाठ्यक्रम की मदद से अध्ययन का विस्तृत अनुभव प्रदान करेगा। यह पाठ्य म व्यवसाय के विकसित होते परिदृश्य और टेक्नोलॉजिकल प्रगति के अनुरूप डिज़ाईन किया गया है। रिसर्च पर आधारित इस पीजीपी वाईएल पाठ्यक्रम में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, डेटा, एनालिटिक्स कोर्स के साथ फाउंडेशनल बिज़नेस प्रिंसिपल्स और विद्यार्थियों को इनोवेटिव प्रॉब्लम सॉल्वर्स के रूप में विकसित करने के लिए ग्लोबल पहलू शामिल किए गए हैं।

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर

जोन क्रमांक-9, मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

क्रं./429/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2024 रायपुर, दिनांक 18/09/2024

### // प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक-9 में निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 09/10/2024 तक निविदायें रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रं. 09 में संध्या 5:30 तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 03/10/2024 को संध्या 5:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर लिये जा सकेंगे। प्राप्त निविदायें निविदा प्राप्ति के अगले कार्यदिवस को अपरान्ह 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | मद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय (रूपये लाख में) | अमानती राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र प्रारूप | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | एस.ओ.आर. दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डी.एम.एफ फण्ड | फुण्डहर स्थित वर्किंग वूमेन हॉस्टल में पार्टीशन एवं अन्य मरम्मत कार्य (पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-51) | 18.75 | 19000.00 | 750.00 | A | 06 माह | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित |

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्त कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-09 से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफडी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
4. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
5. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफे (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
6. सर्वप्रथम लिफाफा(स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा, जिसमें अमानती राशि का एफडी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में ''अ'' ''ब'' एवं ''स'' अंकित होना अनिवार्य है।
7. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।
8. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक साल्वेंशी, अंतिम 03 वर्ष का आई.टी.आर., पेनकार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम 03 माह का जी.एस.टी.आर., अमानती राशि का एफडी.आर. शपथपत्र (रु.100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर के साथ) प्रेषित करना अनिवार्य होगा।
9. 03 वर्ष के आयकर की बाध्यता नये फर्मों के लिए बंधनकारी नहीं होगी।
10. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, रायपुर के पास सुरक्षित है।
11. ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्त अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-09**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8(6) के लिए देखें

### अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128580895 रिखीराम देवागंन (ऋणी), श्रीमती कुन्ती देवांगन (सहऋणी), सुनील देवांगन (सहऋणी) | 16-मई-24 11,43,563/- ग्यारह लाख तेतालीस हजार पांच सो तिरेसठ रूपये मात्र 13-मई -24 तक | 20-अगस्त -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 150/2, पीएच नं. 29, ग्राम मुंगेली, मान 1, वार्ड नं. 08 जिला बिलासपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 767 वर्ग फीट | Rs. 10,75,000/- दस लाख पिचहत्तर हजार रूपये मात्र | Rs. 1,07,500/- एक लाख सात हजार पाँच सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार, पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ 495001 | गोपाल दास बैरागी/ दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेलः auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 30 अक्टूबर 2024 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तः

1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है,'' जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2. ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए ई–मेल auctions@aubank.in पर संपर्क।

नोटः–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**दिनांकः 19.09.2024 स्थानः छत्तीसगढ** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# बेहतर तालमेल ने परंपरा को संवारा... बगैर किसी अड़चन विसर्जन झांकिया का उत्सव धूमधाम से मना

## प्रशासन और पुलिस की मिली-जुली योजना का असर दिखा, शांतिपूर्ण माहौल में लोगों ने आनंद लिया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





संस्कारधानी में गणेशोत्सव उत्सवमय वातावरण में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। व्यवस्थित विसर्जन झांकियों के भ्रमण को लेकर नगरवासियों ने प्रशासनिक व्यवस्था को सराहा है। गणेशोत्सव समितियों ने भी पूरा सहयोग करते हुए शहर के दशकों पुरानी परंपरा को बनाए रखा। पूरी रात झांकियां निकलती रही और हजारों लोगों ने इसका आनंद लिया। डीजे भी शामिल हुए और निर्देशों के मुताबिक इसका इस्तेमाल हुआ।

झांकी आयोजन के बीच कलेक्टर-एसपी खुद मोर्चा संभाले रहे। पुलिस बल बेहतर व्यवस्था बनाने जुटा रहा। झांकियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति न बने इस लिए बनाए गए प्लान के तहत ही झांकियां निकली। समितियों को भी इस सिस्टम से काफी राहत मिली। हर साल रुट को लेकर होने वाली माथापच्ची इस दफा नहीं हुई।

प्रशासन द्वारा तीन माह पहले से ही गणेश समितियों के पदाधिकारियों से बातचीत कर तैयारियां शुरू कर दी गई थी। झांकी समितियों व नागरिकों, जन प्रतिनिधियों से झांकियों के रूट तय करने एवं सुप्रीम कोर्ट तथा हाईकोर्ट की गाईड लाईन के मुताबिक डीजे साउण्ड सिस्टम पर पाबंदी लगाने के संबंध में गणेश समितियों से चार दौर में मीटिंग लेकर चर्चा किया गया था। गणेश पर्व विर्सजन झांकी के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल, उसपी मोहित गर्ग ने गणेश समितियों के पदाधिकारियों, नागरिको, जनप्रतिनिधियो, मीडिया पत्रकारों एवं व्यवसायियों का मीटिंग लेकर गणेश पर्व के दौरान सहयोग करने एवं डीजे साउण्ड सिस्टम संचालको को सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करने कि अपील की थी। गणेश पर्व के दौरान एएसपी राहुल देव शर्मा, मुकेश ठाकुर, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक द्वारा पूरे दल बल के साथ लगातार पेट्रोलिंग कर गणेश पंडालों वं भीड़भाड़ इलाकों तथा सुनसान इलाकों में पेट्रोलिंग गस्त कर लगातार स्थितियों का जायजा लेते रहे, थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, बागनदी, धुमका, सोमनी, गैंदाटोला, बोरतलाव, पुलिस चोकी चिखली, सुरगी, मोहारा, तुमड़ीबोड़, पुलिस द्वारा लगाातार गस्त, पेट्रोलिंग व पाईट ड्यूटी में मुस्तैदी से तैनात रहकर असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई थी। एसपी के निर्देश पर गणेश पर्व व विर्सजन झांकी को देखते हुए विगत एक माह से असामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशो एवं नशेडियो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई। अपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों के खिलाफ 25 ऑर्म्स एक्ट तथा धारा 170/126, 135 (3) के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। विर्सजन झांकी के दैरान भी चाकू लेकर घुमने वाले असमाजिक तत्वों के लिए भी अलग से टीम तैयार कर लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके चलते गणेश पर्व एवं विर्सजन झांकी के दौरान पूरे राजनांदगांव जिले में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई।

### संदिग्धों पर कार्रवाई की

विर्सजन झांकी के दौरान नशे के हालत में किसी भी तरह के अपराध घटित न हो इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नशे पर भी अंकुश लगाने का पूरा प्रयास किया, शहर में संचालित शराब दुकान व बार को विर्सजन झांकी निकलने के दो दिन पूर्व ही बंद करा दिया गया था तथा नशे के कारोबार में सम्मलित लोगों को भी प्रतिबंधित धाराओं में कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया था, जिसका असर विर्सजन झांकी के दिन जन समान्य को देखने को मिला।

### दर्जनों के खिलाफ लिया एक्शन

राजनांदगांव की वर्षों पुरानी परम्परा गणेश विर्सजन झांकी को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए जिले में विगत 15 दिनों में आर्म्स एक्ट के तहत 15 लोगों के खिलाफ एवं 01 व्यक्ति के खिलाफ नशीली टेबलेट बेचने के संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। नशे के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत 162 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्व कर कार्यवाही किया गया व 08 लोगो के खिलाफ जुआं सट्टा एक्ट के तहत तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत 37 लोगों के विरूद्व धारा 129 बीएनएसएस, धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत 112 व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर इस्तगासा पेश किया गया। धारा 3, 5, 15 कोलाहल अधिनियम के तहत 03 साउण्ड सिस्टम संचालको के विरूद्व कार्यवाही किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने वाले 27 व्यक्तियों के विरूद्व कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

---

## शिवसेना पार्टी में कमल सोनी को मिली नई जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शिवसेना के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सोनी को रायपुर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े द्वारा प्रदेश सचिव के पद की जिम्मेदारी हेतु नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा देश की राजधानी दिल्ली सहित प्रदेशभर में हिन्दू राष्ट्र सहित हिंदुत्व की मांग को लेकर धरने जो कि दिल्ली के बाद रायपुर, खैरागढ़, मोहला और बिलासपुर में हो चुका है इसके बाद आगामी निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर भी चर्चा हुई। प्रदेश प्रमुख ने निकाय व पंचायत चुनाव में पूरी ताकत से उपस्थिति दर्ज कराने हेतु सभी को आदेशित किया।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी, अमर्यादित व अलोकतांत्रिक : कांग्रेस

- रेल राज्यमंत्री व विधायक का पुतला फूंककर कड़ी कार्यवाही की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष व पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के विधायक द्वारा सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए की गई टिप्पणी को कांग्रेस ने निंदनीय बताया है। इसे लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा जयस्तंभ चौक पर पुतला दहन कर विरोध जताया। कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि लोकसभा के नेताप्रतिपक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के खिलाफ केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा सार्वजनिक बयान देते हुए देश के नंबर 1 आतंकी कहे जाने तथा महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ शिवसेना (शिन्दे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ जीभ काटने वाले को 11 लाख रू. ईनाम में दिये जाने संबंधी अमर्यादित बयान दिया है। इस संबंध में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि देश में जिस प्रकार की गतिविधियां चल रही है वह शर्मनाक है। देश की जनता के न्याय के लिए लड़ने वाले राहुल गांधी पर लगातार केन्द्र की मोदी सरकार दबाव बना रही है।

क्योंकि केन्द्र की मोदी सरकार लगातार बैकफुट पर जा रही है और उनके ही इशारे पर केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा सार्वजनिक बयान देते हुए राहुल गांधी को आतंकवादी बता रहे हैं, जबकि सभी को मालूम है कि किसे आतंकवादी कहते है। इसी तरह महाराष्ट्र के शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ जीभ कांटने वाले को 11 लाख रू. ईनाम में दिये जाने संबंधी अमर्यादित बयान देकर कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं। इनके खिलाफ हम कार्यवाही की मांग करते है।

## कुक्कुट शेड का भूमि पूजन किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम देवरसुर में लखपति दीदी पहल अंतर्गत स्व सहायता समूह की 10 दीदियों के आजीविका संवर्धन हेतु डीएमएफ योजना से स्वीकृत 10 कुक्कुट शेड का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने महिलाओं को मुर्गीपालन कार्य से अधिक से अधिक आय अर्जित कर अपनी आजीविका बढ़ाने हेतु उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि कुक्कुट पालन का कार्य उचित देखरेख से करते हुए अपनी आमदनी में इजाफा करें। जिससे लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा हो सके। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंवदा रामटेके, अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पटेल, हितग्राही, ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने ब्लॉक अध्यक्ष से की मारपीट, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस विजय राज ने जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप गहरवार और उसके दो साथियों द्वारा झांकी आयोजन के दौरान मारपीट किए जाने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि, डोंगरगढ़ में 18 सितंबर को झांकियां निकल रही थी इस बीच संदीप ने उनसे बैनर में तस्वीर न होने को लेकर विवाद किया और इसके बाद उसने मारपीट कर दी। उन्होंने घटना में चोट लगने की बात बताई है। डोंगरगढ़ थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक बुधवार की रात गणपति विसर्जन में झांकी हेतु गोलबाजार डोंगरगढ में कांग्रेस पार्टी का पंडाल स्वागत एवं पुस्कार वितरण के लिए लगाया गया था। यहां विजय राज सहित दूसरे नेता भी मौजूद थे। इस बीच जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिंह गहरवार, शुभम साहू और अरशद खान पडांल पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी फोटो न लगाए जाने को लेकर विवाद किया और पोस्टर फाड़ दिया।

विजय राज के मुताबिक जब उन्होंने युवाओं को रोका तो इसी बात पर तीनों ने गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वे धक्का मुक्की करने लगे और फिर मारपीट की। इससे उन्हें गर्दन और सीने में चोट है। मामले में पुलिस ने 115, 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। विजय ने कहा कि, फिलहाल विधायक बाहर हैं। उनके लौटते ही इस मामले की जानकारी उन्हें दी जाएगी और उनके ही निर्देश पर संगठन को इसकी सूचना दी जाएगी।

## सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत में रक्तदान शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद पंचायत छुरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यालय में ग्रामों से पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता, शासकीय कर्मचारियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आमजनों द्वारा रक्तदान किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामजी भारती, कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश पटेल, विशेष अतिथि गीता साहू, एमडीठाकुर, रविन्द्र वैष्णव, मूलचंद लोधी, महेन्द्र वैष्णव, हिरेंद साहू, किरण रविन्द्र वैष्णव, एकांत चंद्राकर, सीमा सिन्हा, राधेश्याम शर्मा की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामजी भारती ने कहा कि मोदी जी के सेवा भावना से हम सब भारतवासी ओतप्रोत है। गीता साहू एवं मूलचंद लोधी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण, जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने दिया। जनपद सीईओ शिल्पा देवांगन ने आभार व्यक्त किया। उपरोक्त शिविर में 59 लोगों द्वारा रक्त किया गया।

## परंपरा बनी रही, स्पीकर डॉ. रमन ने दी बधाई



**राजनांदगांव।** शहर में भगवान गणेश के विसर्जन की ऐतिहासिक परंपरा को कायम रखने के लिये स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शहरवासियों को परम्परा के संवाहक गणेश उत्सव समितियों को तथा चुस्त-दुरुस्त प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को बधाइयाँ व शुभकामनाएं दी है। डॉ.रमन सिंह ने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि के देवता है वे विघ्न विनायक है तथा प्रत्येक कार्य के प्रारंभ में भगवान गणेश की ही पूजा की जाती है, यह हमारी महान भारतीय परम्परा है उस पर संस्कारधानी राजनांदगांव की परम्परा पिछले अनेक दशकों से प्रदेश व देश में जानी व पहचानी जाती है। इस वर्ष तो सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक परम्परा को और बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत कर परम्परा पर चार-चाँद लगा दिये। पूरे विसर्जन झांकी के दौरान शांति बनी रही झांकी के दर्शक बड़े उत्साह के साथ झांकी के समीप आकर उसकी बारीकियों का लुत्फ उठाते रहे। न की जाम न कहीं अव्यवस्था न कही अराजकता यही राजनांदगांव के गणेश विसर्जन की खासियत रहीं है, जिसे शहरवासियों, गणेश उत्सव समितियों व प्रशासन ने सूझबूझ व आपसी सामंजस्य का परिचय देते हुये पूरा किया।

---

### अब खबर लगी तो तीसरे साल नाम काटा, बच्चे कहां है इसकी कोई जानकारी नहीं

## दो सालों से स्कूल नहीं आए छात्र, प्रबंधन ने जानकारी ली न नाम काटा... पास करते रहे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



म्यूनिसिपल स्कूल में दो सालों से छात्रों की अनुपस्थिति के बावजूद उन्हें पास किए जाने और उनके नाम पर योजनाओं के लाभ अर्जित किए जाने का प्रकरण सामने आया है। पैरेंटस एसोसिएशन के क्रिस्टोफर पॉल ने इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि, तीन बच्चे जो कि सातवीं और आठवीं में शाला में उपस्थित ही नहीं हुए स्कूल प्रबंधन दो वर्ष तक उत्तीर्ण करता रहा। यह मामला अब तक खुला है जब स्कूल में नौवीं के बच्चों का बोर्ड के लिए नॉमिनेशन किया जाना है। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर प्रकरण है जिस पर तत्काल जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। बताया जा रहा है कि म्यूनिसपल स्कूल में 2021-22 व 2022-23 के पूरे शिक्षा सत्र में अनुपस्थित तीन बच्चों को उत्तीर्ण किया जा रहा। 8वीं में भी उन्हें जनरल प्रमोशन दे दिया गया। इस बीच बच्चों हेतु विभिन्न स्वीकृतियों में भी उनकी गिनती की जाती रही। सबसे बड़ी बात है कि, इस दौरान अनुपस्थित बच्चों की शाला प्रबंधन में जिम्मेदारों ने कोई खोज खबर नहीं ली। अभी तक की स्थिति में ये किसी को नहीं पता है कि बच्चे कहां हैं। यह एक बड़ी चूक साबित हो सकती है। शासकीय शालाओं में भ्रमण पंजी संधारित की जाती है जिसमें एक माह से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के पालकों से संपर्क किया जाता है। बच्चों और उनके परिजनों को प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है कि ताकि बच्चे शाला त्यागी की श्रेणी में न आएं। यह सरकार द्वारा संचालित एक संवेदनशील योजना है। माना जा रहा है कि म्यूनिसिपल स्कूल में इस मामले में जिम्मेदारों ने अपने कर्तव्यों के प्रति भारी उदासीनता दिखाई है। उन्होंने बच्चों की कोई सुध नहीं ली और उनसे जुड़ी विभिन्न दस्तावेजी प्रक्रियाओं को भी अपने मन मुताबिक ही पूरा किया गया। पैरेंटस एसोसिएशन के क्रिस्टोफर पॉल ने इस मामले में जिम्मेदार एचएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि, ये कैसे संभव है कि दो वर्ष से अनुपस्थित बच्चों की आप पतासाजी तक न करें। इस बीच अगर वे किन्हीं विपरित परिस्थितियों में फंस गए हो, ईश्वर न करें उन्हें कुछ हो गया हो तो इसकी कोई जानकारी ही सामने नहीं आएगी।

### बोर्ड नॉमिनेशन के दौरान पता चला

गौरतलब है कि, स्कूलों की मान्यता से संबंधित आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया के तहत नौंवी के छात्रों के नॉमिनेशन फॉर्म भरे जाते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान ही 9वीं में तीन बच्चों की अनुपस्थिति सामने आई। प्राचार्य ने जब मामले की पूरी जानकारी ली तो उन्हें यह पता चला। इसके बाद तीनों अनुपस्थित बच्चों की टीसी काट दी गई है।

## पुलिस का दावा... शिवा के इशारे पर नाबालिग ने चाकू मारा, दो गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पेंड्री में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इसी प्रकरण में एक नाबालिग को पकड़ा गया था। 17 सितंबर की शाम कामता प्रसाद की कुछ युवकों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इसका कारण अवैध शराब बिक्री को लेकर आपसी रंजिश बताया जाता है। हालांकि पुलिस ने पूर्व में झगड़े के चलते विवाद की बात बताई है।

पुलिस ने 18 सितंबर को पेंड्री के अटल आवास में रहने वाले शिवा साहू (23) और विजय यादव (19) को हिरासत में लिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी नाबालिग ने पुलिस को बताया था कि उसने शिवा के कहने पर ही हत्या की। शिवा ने उससे वायदा किया था कि वह कामता को मार दे तो वो उसे जेल से छुड़ा लेगा। इसी के चलते उसने 17 सितंबर को आपसी विवाद के बाद विजय उर्फ बाबा के साथ मिलकर कामता की चाकू से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व में शिवा और नाबालिग आरोपी बकरी चोरी के मामले में पकड़ गए थे। तब शिवा को जेल हुई थी लेकिन नाबालिग जेल नहीं गया था। शिवा ने उसे यही झांसा दिया कि अगर वो कामता को मार देगा तो भी उसे जेल नहीं जाना पड़ेगा और वो उसे छुड़ा लेगा। विजय ने हत्या में नाबालिग का साथ दिया था। बताया गया कि शिवा का मृतक कामता से 2-3 माह पूर्व विवाद हुआ था। जिसके चलते ही वह उसे रंजिश रख रहा था। आरोपी शिवा की पत्नी नलिनी कुछ लोगों के साथ सुबह से ही लालबाग थाने पहुंची।

# कुनकुरी जल आवर्धन योजना में श्रेय की सियासत शुरू यूडी का दावा 2023 में 48 लाख के कार्य का हुआ शिलान्यास

## जलआवर्धन योजना की स्वीकृति को निरस्त करा कर दुबारा स्वीकृति दिखाया

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कुनकुरी के नगरीय क्षेत्र पेयजल समस्या दूर करने के लिए 2023 में स्वीकृत काम को ही दुबारा स्वीकृत करा कर श्रेय ले रहे है यह बात पूर्व संसदीय सचिव यू डी मिंज ने कही। उन्होंने कहा कि जिस काम का भूमि पूजन हो चूका है टेंडर लग चूका है उसको निरस्त कराकर फिर से उसी काम को नया काम बता कर उसकी वाहवाही ले रहे हैं। यूडी मिंज ने कहा यह प्रमाणित है की यह काम की स्वीकृति पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया ने स्वीकृत की है जिसका भूमि पूजन चुनाव के पूर्व 2 अक्टूबर को नगर पंचायत अध्यक्ष अजेम टोप्पो , उपाध्यक्ष जगदीश आपट, बृजलाल राणा , लालदेव राम ,उर्मिला लकड़ा, दीपक केरकेट्टा, रुखसाना बानो, समा अंजुम, सीएमओ पुष्पा खलखो, दिलीप जैन एल्डर मैन, आशीष कुमार सतपती एल्डरमेन, पार्षदगण एवं सहित गणमान्य नागरिक उपस्थिति में हुआ है।






**ये है टेंडर की जानकारी** -पूर्व विधायक यू डी. मिंज ने बताया कि कुनकुरी में नगर के करीब 20 हजार की आबादी में पेयजल संकट की समस्या दूर करने और लोगों को राहत देने के लिए भूपेश बघेल की सरकार में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अमृत मिशन 2.0 के तहत नगर में 48 करोड़ की लागत से जल आवर्धन योजना को मंजूरी मिली हुई है जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़, इंद्रवती भवन के आदेश क्रमांक /9/सुड़ा /अमृत 2.0/2023/ 3488 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 14-8-2023 को प्रदान कर दी थी और टेंडर NIT क्रमांक 525 कुनकुरी दिनांक 14.8.2023 भी लग चूका था।

**नगर की पेयजल समस्या की प्लानिंग** -पूर्व विधायक यू. डी. मिंज ने बताया कुनकुरी नगर की जल प्रदाय व्यवस्था वर्षों पुरानी होने के कारण वर्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित एवं पर्याप्त जल प्रदाय किया जाना संभव नहीं हो पा रहा था। गर्मी शुरू होते ही नगर में पानी की किल्लत शुरू होने लगती थी। वर्तमान में पंचायत समय से बनी व्यवस्था ईब नदी ढोंढ़ीडांड से पेयजल आपूर्ति की जा रहीं थी लेकिन इसके माध्यम से सही से आपूर्ति नहीं हो पा रहीं थी. वर्तमान में ढोंढ़ीबाहर ईब नदी से पेयजल आवर्धन योजना के लिए 48 करोड़ की नई स्वीकृति कराई गई थी जिससे कि लोगों को राहत मिल सके। इस जल आवर्धन योजना के लगभग एक वर्ष में पूर्ण होने के बाद नगर पंचायत कुनकुरी के नागरिकों को आगामी तीन दशकों तक पेयजल सुलभ रूप से मिलता रहेगा।

**पांच स्थानों बनेगा ओवरहेड टैंक**-नगर पंचायत अध्यक्ष अजेम टोप्पो ने बताया कि कई वार्ड में पेयजल की गंभीर समस्या है। इस बात को ध्यान रखते हुए यू डी मिंज पूर्व विधायक ने इस योजना की स्वीकृति कराई थी,इस योजना के तहत 5 पानी टंकी का निर्माण किया जाएगा। जिससे नगर के सभी 15 वार्डो में लोगों को भरपूर पानी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक एक से वार्ड क्रमांक 15 तक पाइप लाइन का विस्तार भी किया जाएगा।जल आवर्धन योजना के इस योजना के पूर्ण होने से सभी घरों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी और विशेष रूप से हमारी बहनों को इसका लाभ मिलेगा।

# निगम के सफाई ठेका कम्पनी के कर्मचारियों ने काम बंद किया,सफाई व्यवस्था प्रभावित



पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

निगम की ठेका कम्पनी लायंस सर्विसेज के कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी और समय से वेतन देने की मांग को लेकर दो दिन से कम बन्द हड़ताल कर रखा है। इसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। ठेका कम्पनी के कर्मचारियों ने कम्पनी के मैनेजर पर गम्भीर आरोप लगा दूसरे दिन भी राघवेंद्र राव सभा भवन के हवाई सेवा संघर्ष समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि हर बार वेतन के लिए हड़ताल करना पड़ रहा। तभी वेतन मिल रहा है। इस बार भी कल बुधवार को हड़ताल के बाद कर्मचारियों को वेतन दिया गया।कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 8000 रुपये वेतन दिया जा रहा। उनकी मांग है कि8 उनका वेतन बढाया जाए और समय पर पारिश्रमिक का भुगतान किया जाय। इसके अलावा कर्मचारियों ने पीएफ सासाहिक अवकाश और मेडिकल सुविधाओ को लेकर भी मांग रखी। साथ ही कम्पनी के मैनेजर पर हड़ताल पर जाने पर नौकरी से निकालने और बोनस रोकने आरोप लगाया।

### स्वछता अभियान ध्वस्त

शासन ने 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वछता सेवा पखवाड़ा का ऐलान किया है। लेकिन हड़ताल के कारण सफाई ठप है। कलेक्टर दर का पालन नही-किये जाने का आरोप भी हड़ताली कर्मियों ने लगाया है। ठेका श्रमिको को 10 हजार 640 रुपये परिश्रमिक दिया जाना चाहिए लेकिन निगम के अधीन कार्यरत ठेका कम्पनी के श्रमिकों को 7- 8 हजार ही पारिश्रमिक दिया जा रहा।

# एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वात्सल्य योजना का शुभारंभ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किया गया। यह योजना केंद्रीय बजट 2024 में की गई घोषणा के अनुरूप है। वित्त मंत्री ने एन पी एस. वात्सल्य योजना में निवेश के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का भी अनावरण किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय बिलासपुर एवं अग्रणी बैंक कार्यालय बिलासपुर द्वारा आत्मानंद शेख गफ्फार इंग्लिश मीडियम स्कूल तारबहार में किया गया। उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक बिलासपुर जोन द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक आर.बी.ओ. 1 बिलासपुर आनंद प्रियदर्शी, सहायक महाप्रबंधक जयश्री परवानी, सहायक प्रबंधक नाबार्ड श्री अशोक साहू, एस बी आई एवम अन्य बैंक अधिकारी, प्रिंसिपल उषा चंद्रा, गिरीश महापात्र अन्य शिक्षकगण, सी एफ एल समर्पित से नाजनीन बानो, रमा जावलकर, 150 से अधिक बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जादूगर नितिन द्वारा जादू दिखाया गया जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। नन्ही नित्यांगना कोस्तुवी महापात्र के मनमोहक गणेश वंदना की नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विज्ञान भवन नई दिल्ली से प्रसारित वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं अन्य मंत्रियों का भाषण सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। 118 बच्चों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एफ एल सी एस एम देशकर ने किया मुख्य प्रबंधक दिनेश उरांव ने प्रबंधन व धन्यवाद ज्ञापन किया।

# विवादित वायरल वीडियो के खिलाफ ईसाई समुदाय पहुंचा एसपी सिंह के पास, 25 सितंबर तक एफआईआर की मांग

## जिले के 13 थानों में एफआईआर के लिए दिया गया आवेदन, जांच के बाद कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

इन दिनों जिले में सोशल मीडिया में वायरल एक विवादित वीडियो जिसमें समुदाय विशेष के बारे में विवादित टिप्पणी की बात कही जा रही है। इसे लेकर जशपुर जिले में ईसाई समुदाय में नाराजगी व्याप्त है। इस संबंध में समुदाय ने 13 थाना और चौकी में वीडियो की जांच कर संबंधित के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। ईसाई आदिवासी महासंघ की ओर से एक बार फिर बुधवार को कानूनी कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन एसपी शशि मोहन सिंह को दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने कहा, 1 सितम्बर को ग्राम-ढेंगनी, थाना-आस्ता, तहसील मनोरा, जिला जशपुर में भुईहर समाज के सामुदायिक भवन के भूमिपूजन के कार्यक्रम में दिये गए भाषण का वीडियो सोशल मीडिया व्हाट्सएप्प में वायरल हुआ है, जिसमें धार्मिक भावना आहत होने वाला





बयान जनप्रतिनिधि के द्वारा दिया गया है। उसपर कार्रवाई होनी चाहिए।

**धार्मिक भावना आहत हुई है** -ईसाई आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष वाल्टर कुजूर और अनिल किस्पोट्टा ने कहा, जनप्रतिनिधि द्वारा जानबूझकर ईसाईयों के धर्म और धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से ऐसा दुर्भावनापूर्ण भाषण देने का कृत्य किया गया है। इस भाषण से ईसाईयों के धर्म और धार्मिक विश्वासों का अपमान हुआ है और उनकी धार्मिक भावना को गहरी ठेस पहुँची है। ऐसा भाषण सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने वाला और दो समुदायों के बीच कटुता उत्पन्न करने वाला है।

**यहां-यहां दिया गया आवेदन**-ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा जशपुर जिले के अतर्गत सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस थाना आस्ता, कुनकुरी, बगीचा, कांसाबेल, पत्थलगांव, तपकरा एवं विभिन्न पुलिस चौकियों सहित रायपुर, बिलासपर आदि स्थानों के थानों में भी उस भाषण के वीडियो क्लिप सहित प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन जशपुर जिले के आस्ता या अन्य किसी भी पुलिस थाने में अब तक वीडियो के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया है।

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में प्राथमिक सहायता, प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में रेड क्रास प्रभारी अधिकारी प्रो श्रीमती उत्तरा निराला के नेतृत्व में महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर रामेश्वर पंकज, चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरा प्रशिक्षण देने के लिए उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो श्रीमती उत्तरा निराला ने प्राथमिक चिकित्सा सहायता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला । डॉ रामेश्वर पंकज



मास्टर ट्रेनर ने प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण के बारे में सूक्ष्म जानकारी प्रदान करते हुए सड़क दुर्घटना का उदाहरण देते हुए बताया कि वह व्यक्ति जो सड़क किनारे घायल हो ,बेहोश अवस्था में हो ,अकेले पड़ा हो उस व्यक्ति की सहायता कैसे की जा सकती है । घायल व्यक्ति से क्या और कैसे पूछना है, वह व्यक्ति घायल है कि बेहोश हो चुका है, उसकी पहचान कैसे कर सकते हैं, उसे सांस लेने में तकलीफहो रही है कि नही ,उसकी धड़कन चल रहा है कि नहीं ,उसकी पहचान कैसे करना है पहचान हो जाने पर घायल व्यक्ति को तुरंत मदद के लिए किसी व्यक्ति को बुलाना आवाज लगाना।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों की दी गयी जानकारी

- पुलिस अधीक्षक ने 'जय हो' स्वयं सेवकों का किया उत्साहवर्धन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में जिला प्रशासन द्वारा यूनिसेफ की सहायता से चलाए जा रहे 'जय हो' स्वयंसेवकों हेतु बुधवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन कन्या महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के द्वारा जिले में जय हो स्वयंसेवकों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जिले के लोगों को जागरूक करने एवं सामाजिक उत्थान हेतु जय हो स्वयंसेवकों के द्वारा नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, रैली आदि के द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को बाल विवाह, सिकलसेल, साइबर सुरक्षा, नोनी रक्षा रथ, सामुदायिक विकास में युवाओं का योगदान जैसे मुद्दों पर



जानकारी देते हुए विषय विशेषज्ञों ने लोगों को जागरूक करने के लिए तरीकों की जानकारी स्वयंसेवकों को दी गयी।

कार्यक्रम में जिले के 150 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। यूनिसेफ राज्य विशेषज्ञ अभिषेक सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ना सिर्फ हमारा भविष्य है बल्कि हमारा वर्तमान भी है। इसलिए युवाओं की भागीदारी समाज के विकास में आवश्यक है और हमारे स्वयंसेवक समाज के विकास के अग्रदूत की तरह कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सोनी, यूनिसेफ राज्य विशेषज्ञ अभिषेक सिंह, यूनिसेफ राज्य सलाहकार अभिषेक त्रिपाठी, डीएसपी निमिसा पांडेय, जिला समन्वयक देवश सिंह एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

# श्री राम राम नाम के सस्वर गायन से गुंजायमान है शबरी धाम श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में उमड़ रही है श्रध्दालुओं की भीड़

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

धर्म नगरीय शबरी धाम शिवरीनारायण मे श्री राम राम नाम का सस्वर गायन से पूरे मंदिर में मधुर स्वर लहरी गूंज रहा है। नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में सारे जगत के पालनहार श्री शिवरीनारायण भगवान जी और श्री हनुमान जी महाराज के समुख सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को श्री राम राम नाम संकीर्तन और भजन का आयोजन संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। श्री राम राम नाम संकीर्तन और भजन संध्या कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तजन बडी संख्या में शामिल हो रहे हैं। श्री राम जय राम,जय जय राम की मधुर धुन पूरे मंदिर में गुंजायमान हो रहा है। भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी का मूल निवास स्थान गुप्त तीर्थ धाम शिवरीनारायण के मुख्य मंदिर में विराजित श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर की महिमा अपरम्पार है पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ ही देशभर से



श्रद्धालु अपनी अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए शिवरीनारायण आकर भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दरबार में मत्था टेककर अपनी हाजरी लगाते हैं। भगवान श्री शिवरीनारायण जी सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना को यथाशीघ्र पूरा करते हैं। श्री राम नाम संकीर्तन और भजन के बाद श्री हनुमान जी महाराज और भगवान श्री शिवरीनारायण जी की महाआरती कर श्रद्धालुओ को प्रसाद का वितरण किया गया।श्री शिवरीनारायण भगवान जी के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की मंगलवार को काफी भीड़ रही श्रद्धालू श्री शिवरीनारायण भगवान जी का दर्शन करने के बाद मंदिर में चल रहे संकीर्तन में बैठकर श्री राम नाम का जाप किए। श्री राम मानस मंडली के सदस्यों के द्वारा श्री राम जय राम का संकीर्तन और भजन संध्या में मानस मंडली के गायकों ने श्री गणेश जी, श्री राम जी, श्री कृष्ण जी, शिव जी, दुर्गा जी और हनुमान जी के सुमधुर भजन गाकर मंदिर परिसर में उपस्थित श्रोताओं,श्रद्धालुओ का मन मोह लिया। भजन संध्या के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति की रसधारा बहती रही इस अवसर पर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी पं. वीरेंद्र तिवारी भोगहा,पं. हरीश तिवारी भोगहा, हर्षवर्धन तिवारी, शशांक तिवारी,अंकित तिवारी,अभिनव तिवारी, सुशील केशरवानी,दिनेश शर्मा, अभिषेक छोटा तिवारी, मनमोहन सुल्तानिया अमित तिवारी, आनंद केशरवानी, संतोष आदित्य , सुखनंदन आदित्य, राजू गुप्ता, अक्षय यादव, रक्षवीर तिवारी, आयु केशरवानी, बबला महाराज, साहूजी, भावेश साहू, पिंटू यादव, भरत आदित्य गजानंद दास के साथ साधू संत,महिलाएं और बडी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन शामिल रहे।

# गंभीर रूप से बीमार मुन्नू बाई को तत्काल ईलाज और पैरालिसिस से जूझ रहे मानकुवेर को मिला व्हील चेयर

## मानकुवेर नाग और उनके परिवार ने मुख्यमंत्री का जताया आभार





पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

उच्च रक्तचाप और सांस लेने में परेशनी से जूझ रही बुजुर्ग मुन्नू बाई को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय के निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल एम्बुलेंस की सहायता उपलब्ध कराकर बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। मुन्नू बाई फरसाबहार ब्लाक के बनगांव की रहने वाली है। मरीज की बहु करमवती ने बताया कि गुरूवार की सुबह लगभग 5 बजे उनकी सास मुन्नू बाई की तबियत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में दिक्क़त होने लगी। स्वजनों ने स्थानीय स्तर पर जांच कराया। जिसमे उनका बीपी बढ़ा हुआ था। स्वजनों ने बुजुर्ग महिला को तत्काल उपचार के लिए फरसाबहार के सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। यहां मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने मुन्नू बाई को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### तुरंत व्हील चेयर की सौगात

सीएम के संवेदनशील पहल से बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के द्वारा लोगों की मदद करने का सिलसिला सतत रूप से जारी है। इसी कड़ी में पैरालिसिस बीमारी से जूझ रही बगीचा तहसील के महादेवडांड टुकुपानी निवासी मानकुवेर नाग चलने-फिरने में असमर्थ थीं। उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर व्हील चेयर प्रदान की गई है। पैरालिसिस बीमारी से पीड़ित मानकुवेर नाग के परिजनों ने सीएम कैंप कार्यालय बगिया में पहुंचकर मदद के लिए आवेदन किया था। परिवार की इस अपील को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई की और सहायता का आश्वासन दिया।

## झारखंड के पशु तस्कर अभी भी सक्रिय लेकिन जशपुर पुलिस की सक्रियता से तस्कर राह बदलने को मजबूर

# पुलिस की 4 टीम ने कड़ी मशक्कत कर फिल्मी स्टाईल से 3 पीकअप से कुल 36 गौ-वंश को तस्करों से मुक्त कराया

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ मवेशी तस्कर अलग-अलग पीकअप वाहन में तिरपाल ढंककर भारी मात्रा में गौ-वंश की तस्करी करते हुये रायगढ़ क्षेत्र की ओर से कुनकुरी होते हुये झारखंड की ओर जाने वाले हैं, इस सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना कांसाबेल, चौकी दोकड़ा, थाना कुनकुरी, थाना नारायणपुर के पुलिस स्टॉफ की टीम पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। थाना कुनकुरी द्वारा मजबूत चेकिंग पाईट लगाया गया था जिसे क्रॉस करना संभव नहीं था। कुनकुरी पुलिस द्वारा लगाये गये चेकिंग पाईट की भनक तस्करों को लग गई एवं विभिन्न ग्रामों से होकर रास्ता बदलकर नारायणपुर थाना क्षेत्र में प्रवेश किये।





**पीछा कर दबोचा**-अज्ञात तस्करों की नारायणपुर थाना क्षेत्र में प्रवेश करने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नारायणपुर दलबल के साथ रास्ते में नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग करने लगे, इसी दौरान रास्ते में आ रही 02 पीकअप वाहन को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया परंतु वे नहीं रूककर चरईडांड़ की ओर भागने लगे, नारायणपुर थाना प्रभारी द्वारा टीम के साथ उक्त पीकअप वाहनों का पीछा कर उन्हें रोकने का प्रयास किये परंतु वे तेज गति से भागने लगे। चरईडांड़ की ओर से उप पुलिस अधीक्षक विजय राजपूत की टीम द्वारा आने पर पशु तस्कर अपने वाहन को मोड़कर खरवाटोली ढोटो जंगल की ओर गये एवं रोड में खड़ी कर वहां से भाग गये, मौके पर पुलिस द्वारा वहां से अन्य 01 पीकअप वाहन को भी जप्त किया गया। पुलिस द्वारा तिरपाल से ढके पीकअप वाहन क्र. जे.एच. 01 ई.आर. 3237 से 12 नग गौ-वंश, पीकअप क्र. जे.एच. 01 एफडी. 7481 में 12 नग गौ-वंश एवं अन्य बीना नंबर का पीकअप योद्धा से 12 नग गौ-वंश कुल कीमती 12 लाख रू. का मिलने पर जप्त कर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**इनका रहा योगदान** -उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत, थाना प्रभारी कुनकुरी उप निरीक्षक सुनील सिंह, चौकी प्रभारी दोकड़ा अशोक यादव, थाना प्रभारी नारायणपुर उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, स.उ.नि. संतोष तिवारी एवं अन्य स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा है।

'बीती रात्रि उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में 04 थाना/चौकी की पुलिस रात में घेराबंदी कर खरवाटोली जंगल से 03 पीकअप वाहनों से 36 नग गौ-वंश को जप्त किया गया है, कई जगह बेरिकेड्स लगाये गये थे, हॉलाकि आरोपी फरार हो गये हैं, लेकिन पूर्व में फरार हुये आरोपियों की तरह इनको बहुत जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। जशपुर पुलिस की सक्रियता के कारण तस्कर अब रास्ता बदलकर झारखंड की ओर ले जाने का प्रयास कर रहें हैं, जशपुर पुलिस की इस ओर भी कड़ी नजर है।'

**-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# पति की लाश के साथ घर में 4 दिनों तक रही पत्नी जानकारी मिलते ही गांव वालों के उड़ गए होश

- छानबीन में जुटी पुलिस, पोस्टमार्टम के बाद मामले का होगा खुलासा

**जशपुरनगर।** पति की मौत हो जाने के बाद क्रियाक्रम करने के बजाए पत्नी ने उसे अपने पास ही रखा। गांव वालों को जब इसकी जानकारी मिली तबतक चार दिन गुजर चुके थे। पुलिस को जानकारी मिलने के मामले की तहकीकात शुरू कर दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जशपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के चिटकवाइन गांव जहां अमरनाथ मिंज के मकान से उसकी 4 दिन से ज्यादा पुरानी लाश मिली है। चौंकाने वाली बात है कि इस लाश के साथ दिन-रात उसकी पत्नी इंद्रावती मौजूद मिली। थाना प्रभारी सतीश सोनवानी से मिली जानकारी के मुताबिक लाश मिली है लेकिन इसकी हत्या हुई है या किसी और कारण से मौत हुई है,यह कहना अभी मुश्किल है। लाश सड़ गई है और पत्नी इंद्रावती की मानसिक हालत ठीक नहीं लग रही है। मृतक अमरनाथ मिंज अपने पहले पति को छोड़कर आई महिला इंद्रावती बाई के साथ रह रहा था।

जांच में जुटी पुलिस -अमरनाथ की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इन्तजार कर रही है। वहीं गांव वालों की मानें तो मृतक को मिरगी बीमारी थी। आसपड़ोस के लोग भी इसे सीधे तौर पर हत्या नहीं बता पा रहे हैं। वहीं 4 दिनों तक लाश के साथ पत्नी के रहने और किसी को नहीं बताने पर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। घटना की सूचना पाकर नारायणपुर पुलिस घटनास्थल पर है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कुनकुरी चीरघर भेजा गया है।

# आर्थिक जनगणना का सर्वे कार्य अधूरा होने से बीपीएल राशन कार्ड सर्वे सूची बन सकता है आधार

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




2011 के आर्थिक जनगणना के बाद 2024 में शासन के निर्देशानुसार आर्थिक जनगणना कार्य कराया जा रहा है जो कि 20 अगस्त से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर घर पहुचकर फार्म भरकर जनगणना के सभी स्वरुपों का अवलोकन कर सर्वे फार्म 20 सितंबर तक शासन को सौपा जाना निर्धारित है।

**आर्थिक जनगणना सर्वे का बुरा हाल-** गौरतलब है आर्थिक जनगणना का सर्वे कार्य हर 5 साल में किया जाता है परंतु 2011 के आर्थिक जनगणना के सर्वे के बाद 13 साल जनगणना कार्य कराया जा रहा है जिसका समय अवधि 1 माह का निर्धारित है परंतु विडंबना यह है कि एक माह के निर्धारित समय अवधि में उक्त मुद्दे को लेकर आर्थिक जनगणना का मानदेय दिये जाने के मांग को लेकर आँगनबाड़ी कार्यकर्ता हड़ताल में रही जिसके बाद लगभग 5 दिन का समय तीजा पौरा त्यौहार व शासन के अन्य योजनाओं के क्रियाकलापों को लेकर 30दिन में से 20 दिन से अधिक का समय इसी में निकल गया व 20सितंबर का आर्थिक जनगणना का अंतिम समय निर्धारित है परंतु भाटापारा नगर पालिका के अंतर्गत मात्र 70 प्रतिशत आर्थिक जनगणना का सर्वे को बताया जा रहा अब यह सवाल उठता है कि शासन का सबसे महत्ती उपक्रम का बचे दो दिन में कैसा पूरा किया जायेगा। आर्थिक जनगणना सूची में बीपीएल के राशन कार्ड को बनाया जा सकता है मूल आधार गौरतलब है कि आर्थिक जनगणना के सर्वे कार्य को पूर्ण किये जाने को लेकर समय का अभाव है व आगे स्थानीय नगरीय चुनाव कराया जाना भी निर्धारित है सूत्रों कि माने तो कई अन्य नगर पालिकाओं में आर्थिक जनगणना का सर्वे कार्य मात्र 15 से 20 प्रतिशत बताया जा रहा है परंतु उक्त अभियान का खानापूर्ति बीपीएल राशन कार्ड के सर्वे सूची निकालकर शासन को अवगत कराया जा सकता है क्योंकि एक आँगनबाड़ी सहायिका से लिये जानकारी में यह भी बताया जा रहा कि एक दिन में कम से कम 12 घरों का सर्वे कार्य हो पा रहा है बाकी बचे हुये समय में सर्वे कार्य हमारे द्वारा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### महत्वपूर्ण उपक्रम आर्थिक जनगणना के सर्वे रिपोर्ट पर अनेक योजनाएं निर्धारित

गौरतलब है कि 2011 के आर्थिक जनगणना के बाद 2024 में आर्थिक जनगणना कार्य कराया जा रहा है इसी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर शासन द्वारा आगामी नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद व पालिका अध्यक्ष को लेकर सीटो के आरक्षण का निर्धारण करेंगी इसी रिपोर्ट के आधार आगामी भविष्य में नये राशन कार्ड भी बनाये जायेंगे वृध्दा विकलांगता अशाक्ता पेंशन आदि जन कल्याणकारी योजनाएं निर्धारित व संचालित होती है ऐसी महत्वपूर्ण अभियान का औपचरिकतापूर्ण निर्धारण अनेक प्रकार का सवाल खडा करता है।

> आर्थिक जनगणना का सर्वे कार्य कराया जा रहा है बाकी के बचे सर्वे कार्य को लेकर नगरपालिका अधिकारी से चर्चा किया जायेगा।
>
> **-नितिन तिवारी,**
> अनुविभागीय राजस्व अधिकारी

# अवैध शराब बिक्री और रेत उत्खनन पर करें कड़ी कार्रवाई : मंत्री दयालदास बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आज महासमुंद जिला के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर शासन के योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। खाद्य मंत्री बघेल ने बैठक में अधिकारियों को कड़े शब्दों में कहा कि अधिकारी-कर्मचारी शासन के मंशानुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब बिक्री, नशाखोरी और अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने राशनकार्ड बनाने में गड़बड़ी करने वाले के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री बघेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को फिल्ड में जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। मंत्री बघेल ने कहा कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र हितग्राहियों को मिले। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब व्यक्ति शासन की किसी भी योजना से वंचित न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने महासमुंद प्रवास के दौरान अलग-अलग योजनाओं के तहत हितग्राहियो को सामग्री और उपकरण प्रदान किया। समीक्षा बैठक में खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि ग्रामीणों की राजस्व प्रकरण एवं जमीन संबंधित समस्याओं का मौके पर निराकरण होना चाहिए। उन्होंने विवादित, अविवादित सीमांकन आदि प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्री बघेल ने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक से जिले में अवैध शराब और नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग के साथ मिलकर पुलिस की टीम छापामार कार्रवाई करें और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाएं। खाद्य विभाग की समीक्षा में मंत्री बघेल ने कहा कि पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनना सुनिश्चित हो। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बने हुए राशन कार्ड, जो अभी तक वितरित नहीं हुए हैं उन्हें एक सप्ताह के भीतर वितरण सुनिश्चित किया जाए। मंत्री बघेल ने कहा कि इसी तरह राशन वितरण में गड़बड़ी भी स्वीकार नहीं की जाएगा।

# 21 सितंबर को कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और कवर्धा की घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शनिवार 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कवर्धा के लोहारीडीह गया था। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सहित वरिष्ठ नेता शामिल थे।कांग्रेस के नेतागण पुलिस अभिरक्षा में मृत प्रशांत साहू की अंत्येष्टि में शामिल हुये तथा परिजनों से भी मिले। परिजनों ने पुलिस के मारपीट के कारण प्रशांत की मौत होने का आरोप लगाया। लोहारीडीह घटना स्थल से लौटने के बाद प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रेस कांफ्रेंस में सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप। गृह मंत्री के जिले में घटना होने के चलते गृह मंत्री को बर्खास्त करने मुख्यमंत्री से की मांग। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई है, आम आदमी और सरकार में बैठे हुये लोगों के लिये अलग कानून है। लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं को पुलिस रोक नहीं पा रही है। घटना की जांच हाईकोर्ट की सीटिंग जज ने करने की मांग। कचरू साहू का दोबारा पोस्टमार्टम करने की मांग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की। रेंगाखार थाने की सीसीटीवी फुटेज निकलवाने की मांग। सरकार और पुलिस चाहती तो घर जलाने की घटना को रोक सकती थी, पूरे प्रदेश में भय का माहौल है। कवर्धा के पूरे घटनाक्रम की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराया जाय। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में महिलाएं, बच्चे, युवा सुरक्षित नहीं है, कानून व्यवस्था बदहाल है। मुख्यमंत्री, गृह मंत्री को तत्काल बर्खास्त किया जाए, कांग्रेस आगामी शनिवार 21 सितंबर को प्रदेश बंद का आह्वान किया, लोहारीडीह की घटना को दबाने का प्रयास किया था, कांग्रेस की सजगता से मामले को नहीं दबा पाए।

# सभी विश्वविद्यालय शैक्षणिक कैलेण्डर का कड़ाई से पालन करें : राज्यपाल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्यपाल रमेन डेका ने आज प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक लेकर विश्वविद्यालयों के कामकाज की समीक्षा की। राज्यपाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विश्वविद्यालय सत्र के प्रारंभ से अपना शैक्षणिक कैलेण्डर बनाएं और उसका कड़ाई से पालन करें और शिक्षा की गुणवत्ता और अधिक सुधारने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याएं जानें और उसे दूर करने के प्रयास करें। राजभवन के कांफ्रेंस हॉल में आज आयोजित बैठक में राज्यपाल डेका ने विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। डेका ने कहा कि विश्वविद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के कार्य संचालन में कई समस्याएं आती हैं उनके निराकरण के लिए नियमित प्रयास करें। उन्होंने प्राध्यापकों की कक्षाओं में नियमित उपस्थिति पर जोर दिया ताकि विद्यार्थी कक्षा में आएं। उन्होंने ग्रंथालयों में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिएं जिससे विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग कर, पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त करें।राज्यपाल ने डिजिटलीकरण पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अंक सूची व अन्य प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने महाविद्यालयों में प्रवेश नीति का सही तरीके से पालन करने के निर्देश दिए। प्राध्यापकों की नियमित बैठक करें और अध्ययन-अध्यपन में आने वाली दिक्कतों की जानकारी लें तथा जो कमियां है उसे दूर करें। महिला कर्मियों की समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दें। शिक्षकों का रिफ्रेशर कोर्स भी नियमित रूप से कराएं। विश्वविद्यालयों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती के निर्देश दिये। परीक्षाएं सही ढ़ंग से आयोजित की जाएं।

# खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मंत्री टंक राम वर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा आज बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन में शामिल हुए। इस दौरान रग्बी, कुराश एवं फेंसिंग खेल का आनंद लिया साथ ही विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पुरस्कृत किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा जिंदगी एक खेल की तरह है और हमें खेल खेलना चाहिए। खेल के एक नहीं अनेक फायदे होते हैं। खेल में हार-जीत लगी रहती है। एक बार जीत से कोई सिकंदर नहीं बन जाता एवं एक बार हार से फक़ीर नहीं बन जाते है। हार और जीत सोच पर भी निर्भर करती है, मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है। हमारी सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबध्द है। जब से हमने खेलों के विकास करते हुए खिलाड़ियों के सम्मान में सन 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के खेल अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही हमने युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ खेल युवा रत्न पुरस्कार देने की घोषणा किए है।

# भाजपा एक मात्र राजनीतिक दल है जिसका आंतरिक लोकतंत्र है, जिसमें व्यवस्था के तहत कार्यक्रम चलते हैं : अजय चंद्राकर

## जनसंघ के आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत हुई : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर गुरूवार को भाजपा कार्यालय (गोविंद सारंग परिसर) भाटापारा में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की विधान सभा स्तरीय बैठक हुई। बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं से लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की सदस्यता का नवीनीकरण इस अभियान में करना है। अजय चंद्राकर ने कहा-भाजपा का सदस्यता अभियान सर्वव्यापी होना चाहिए। कोई भी बूथ सदस्यता अभियान से वंचित नहीं रहे। अजय चंद्राकर ने आगे कहा की भाजपा एक मात्र राजनीतिक दल है जिसका अपना आंतरिक लोकतंत्र है जिसमें व्यवस्था के तहत कार्यक्रम चलते हैं भाजपा इसलिए पार्टी विद डिफरेंस है। सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा-प्रकोष्ठ सदस्यता के लक्ष्य को रिकॉर्ड स्तर पर पूरा करें। बैठक को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे - इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत हुई। आज, उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदस्यता लेकर 02 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की यात्रा जन संघ के रूप में शुरू हुई थी। सन 1980 में भाजपा के गठन को लेकर अब तक की राजनीतिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ने अटल जी और अब मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाई। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि सभी कार्यकर्ता गली-गली घर-घर पहुंचकर भाजपा का सदस्य बनाकर पार्टी को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाने में अपना मत्वपूर्ण योगदान दे। शिवरतन शर्मा ने कहा की सदस्यता अभियान भाजपा और देश को मजबूत बनाने का अनमोल अवसर है,और इसके लिए हम सब ज्यादा से ज्यादा समय देकर निर्धारित सदस्यता के लक्ष्य को पार करें। कार्यक्रम के उपरांत लगभग 50 से 60 युवक युवतियो ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली जिन्हें उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पार्टी गमछा पहना कर एवं ऑन लाईन सदस्यता दिला कर प्रवेश करवाया उक्त बैठक में जिला के पदाधिकारी, चारो मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403